वर्ष- 13 अंक - 339
लखनऊ, सोमवार 10 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को दी गई जानकारी 10
शहीदों को भूल रही नई पीढ़ी : जयवीर 03

# महायुद्ध की तैयारी!



## शस्त्रों का उत्पादन तेजी से बढ़ा रहा है अमेरिका

- पेंटागन ने कंपनियों से उत्पादन बढ़ाने के लिए 21 दिन का समय दिया

**एजेंसियां, वॉशिंगटन।**



अमेरिका महायुद्ध की तैयारी कर रहा है। रक्षा विभाग पेंटागन ने रक्षा कंपनियों से हथियारों के उत्पादन और आपूर्ति की गति तेज करने को कहा है। हालांकि बताया जाता है कि ईरान के साथ संघर्ष के दौरान बड़ी मात्रा में हथियारों और गोला-बारूद के इस्तेमाल के बाद अमेरिका अपने सैन्य भंडार को लेकर दबाव में है। यही कारण है कि पेंटागन ने ऐसा फरमान जारी किया है।

अमेरिकी उप रक्षा मंत्री स्टीव फीनबर्ग ने रक्षा उद्योग के नेताओं को भेजे पत्र में कंपनियों को 21 दिनों के भीतर महत्वपूर्ण सैन्य क्षमताओं के लिए अधिक तेज और आक्रामक आपूर्ति कार्यक्रम अथवा उत्पादन बढ़ाने की योजना प्रस्तुत करने को कहा है। रक्षा कंपनियों से तेज आपूर्ति और उत्पादन बढ़ाने की योजना 21 दिनों के भीतर देने को कहा गया है।

द वॉशिंगटन पोस्ट के हाथ लगे एक ज्ञापन के अनुसार, पेंटागन ने रक्षा उद्योग की प्रमुख कंपनियों से उत्पादन क्षमता बढ़ाने और हथियारों की आपूर्ति में तेजी लाने की योजना मांगी है। अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से रक्षा उद्योग के प्रमुखों को इस संबंध में पत्र भेजा गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के साथ संघर्ष के दौरान थाड और पैट्रियट जैसे महत्वपूर्ण वायु रक्षा इंटरसेप्टर का इस्तेमाल बढ़ा है। इसके चलते इन मिसाइलों का अमेरिकी भंडार युद्ध से पहले के स्तर की तुलना में काफी कम हो गया है।

## इजरायल ने सभी सैनिक अवकाश किये रद्द

- पश्चिम एशिया में फिर बढ़ेगा तनाव, ईरान पर बड़ी कार्रवाई की अटकलें तेज

**एजेंसियां, तेल अवीव।**



अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के प्रयासों के बीच इजरायल ने बड़ा सैन्य कदम उठाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायली सेना ने अपने जवानों की सभी सैन्य छुट्टियां रद्द कर दी हैं।

इस फैसले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई की अटकलें तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि इजरायल ने अपनी सैन्य तैयारियों को मजबूत करने और किसी भी संभावित घटनाक्रम के लिए जवानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह फैसला लिया है। सैन्य छुट्टियां रद्द किए जाने को ईरान के खिलाफ संभावित कार्रवाई से जोड़कर देखा जा रहा है। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने और बातचीत की संभावनाओं को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। ऐसे में इजरायली सेना का अचानक सैन्य छुट्टियां रद्द करने का फैसला क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

हालांकि, इजरायल की ओर से ईरान पर किसी नए हमले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि सैन्य छुट्टियां रद्द करने का फैसला किसी तत्काल सैन्य अभियान की तैयारी है या एहतियाती कदम। इजरायल और ईरान के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है और दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव की आशंका लगातार बनी रहती है।




**मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,**

*भारतीय परंपराओं में कुछ यात्राएं धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं होतीं, अपितु वे समाज, संस्कृति, अनुशासन एवं लोकजीवन की जीवंत पाठशाला भी बन जाती हैं।* ***श्रावण में निकलने वाली कांवड़ यात्रा ऐसी ही एक अनुपम परंपरा है,*** *जो प्रत्येक वर्ष करोड़ों श्रद्धालुओं को शिवभक्ति के सूत्र से जोड़ती है।*

*इस यात्रा में* ***हर शिवभक्त की पहचान एक होती है-कांवड़िया। भगवा वस्त्र, कंधे पर कांवड़ और हृदय में भोलेनाथ के प्रति अटूट श्रद्धा। पैदल चलते कदम अलग हो सकते हैं, लेकिन सबका लक्ष्य एक ही है-महादेव का जलाभिषेक।*** *यहां जाति, वर्ग, भाषा, क्षेत्र अथवा आर्थिक भेद गौण हो जाते हैं। कांवड़ यात्रा समरसता का महापर्व है और यही सनातन संस्कृति के समभाव का जीवंत उदाहरण भी है।*

*समुद्र मंथन के समय भगवान शिव ने सृष्टि की रक्षा के लिए अपने कंठ में हलाहल धारण किया और नीलकंठ कहलाए। उस विष की उष्णता को शांत करने के लिए देवताओं ने उनका गंगाजल से अभिषेक किया। तभी से श्रावण मास में गंगाजल अर्पित करने की परंपरा विशेष पुण्यदायी मानी जाती है। कांवड़ यात्रा तप, सेवा, आत्मसंयम और परस्पर सहयोग का संदेश देती है।* ***तप से चरित्र दमकता है, सेवा से समाज संवरता है और एकता से राष्ट्र निखरता है।***


*जब मैं अनेक शिवभक्तों को देखता हूं, जिनमें कई दिव्यांग भी होते हैं, जो कठिनाइयों की चिंता किए बिना कांवड़ लेकर पूरे उत्साह से यात्रा पूर्ण करते हैं तो मन श्रद्धा से भर उठता है।* ***श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास और समर्पण कांवड़ यात्रा की सबसे बड़ी शक्ति है।***

*प्रत्येक शिवभक्त की यात्रा सम्मानपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसके लिए प्रदेश सरकार कृतसंकल्पित है।* ***कांवड़ियों के स्वागत में पुष्पवर्षा की व्यवस्था की गई है तथा यात्रा मार्गों पर स्वच्छता सुनिश्चित की गई है।*** *व्यवस्थित शिविर, शुद्ध पेयजल, चिकित्सकीय सहायता, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, प्रभावी यातायात प्रबंधन तथा नियंत्रण कक्ष से सतत निगरानी के माध्यम से यात्रा को सुचारु बनाया गया है।*

***मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि कांवड़ यात्रा को सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा का उत्सव बनाएं।*** *पर्यावरण-अनुकूल कांवड़ अपनाएं तथा प्लास्टिक-मुक्त जीवन का संकल्प लें। यदि मार्ग में एंबुलेंस अथवा विद्यालय वाहन जा रहा हो, तो उसे प्राथमिकता दें।* ***हमारी छोटी-सी सजगता किसी के लिए बड़ी सहायता बन सकती है।***

*सरकार आपकी सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, किंतु* ***इस पावन परंपरा की गरिमा बनाए रखना हम सभी का दायित्व है।*** *श्रद्धा, अनुशासन, संयम और सेवा का यही भाव कांवड़ यात्रा की आत्मा है और भगवान शिव के लोकमंगल का वास्तविक संदेश भी।*

आपका
योगी आदित्यनाथ



श्रद्धालुओं के साथ सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,52,550/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,39,850/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,14,460/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,45,000/किग्रा |



## गोरखपुर में ठेकेदार की तलवार से काटकर दिनदहाड़े हत्या

- पुरानी रंजिश में सगे भाइयों ने वारदात को दिया अंजाम

**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।**

गोरखपुर में सरेआम एक ठेकेदार की दो युवकों ने तलवार से काटकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है।

सिकरीगंज थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव में शनिवार की शाम छेदी प्रसाद चौधरी के घर ब्रह्म भोज में गांव के ही रहने वाले और बिजली विभाग के ठेकेदार शिवकुमार त्रिपाठी भी पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि शाम 6:30 बजे के आसपास जब वह अन्य लोगों के साथ बैठकर भोजन कर रहे थे उसी वक्त पीछे से गांव के रहने वाले राहुल चौधरी ने उनकी गर्दन पर बाकी से वार कर दिया, शिवकुमार त्रिपाठी लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। यह देख वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में घायल को ऑटो में लाद कर अस्पताल ले जाया जा रहा था कि इसी बीच राहुल दोबारा अपने भाई रोहित के साथ पहुंचा और ऑटो रोक दिया।

## ममता बनर्जी के काफिले पर हमला पत्थर-कीचड़ व जूते-चप्पल फेंके

- ममता बोलीं- पुलिस की मौजूदगी में हुआ हमला

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के हलीशहर में रविवार को तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के काफिले को प्रदर्शनकारियों के विरोध का सामना करना पड़ा।

आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने काफिले को रोककर ममता बनर्जी की गाड़ी पर कीचड़, पानी की बोतलें, जूते-चप्पल और पत्थर फेंके। घटना के बाद ममता बनर्जी ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि हमला पुलिस की मौजूदगी में हुआ।

ममता बनर्जी एक दिवंगत तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता के परिवार से मिलने हलीशहर जा रही थीं। इसी दौरान इलाके में पहले से मौजूद प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले को रोक दिया। देखते ही देखते विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया और भीड़ ने ममता बनर्जी की गाड़ी को चारों ओर से घेर लिया। प्रदर्शनकारियों ने उनके खिलाफ नारेबाजी भी की। घटना के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी कार पर पुलिस के सामने बड़े-बड़े पत्थर फेंके गए।

### संक्षिप्त समाचार

**सीजेआई का विरोध**

**हैदराबाद।** राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान अकादमी (नालसर) विश्वविद्यालय, हैदराबाद में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत को दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विश्वविद्यालय के 2026 बैच के 450 से अधिक छात्रों ने इस आमंत्रण पर आपत्ति जताते हुए कुलपति, कुलसचिव और विश्वविद्यालय प्रशासन को पत्र भेजकर निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

**सदस्यों का इस्तीफा**

झारखंड आंदोलन के बीच जेपीएससी के तीन सदस्यों का इस्तीफा झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के तीन सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने तीनों सदस्यों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं। इस घटनाक्रम के बीच जेपीएससी परीक्षा विवाद को लेकर सरकार और आंदोलनकारी छात्रों के बीच बातचीत भी हुई।

### कश्मीरी हिंदू कर्मचारियों को आतंकी धमकी

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी हिंदू सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े बताए जा रहे छद्म आतंकी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन काउंसिल ने धमकी भरा पत्र जारी कर कश्मीरी हिंदू कर्मचारियों को निशाना बनाने की चेतावनी दी है। पत्र सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और इसकी जांच शुरू कर दी गई है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, संगठन ने एक दस्तावेज जारी किया है, जिसमें प्रधानमंत्री पैकेज के तहत कार्यरत छह कश्मीरी हिंदू कर्मचारियों के नाम और फोन नंबर सार्वजनिक किए गए हैं। धमकी में कश्मीर घाटी के साथ जम्मू में भी हमले की बात कही गई है।

## मथुरा में छह दिसंबर को होगी कारसेवा

- चित्रगुप्त पीठ में साधु-संतों ने की घोषणा
- पीठ के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा

**समृद्धि न्यूज, मथुरा।**

श्रीकृष्ण जन्मभूमि को लेकर मथुरा में एक बार फिर गतिविधियां तेज हो गई हैं। राधाकुंड क्षेत्र के जुल्हेंदी स्थित चित्रगुप्त पीठ में रविवार को साधु-संतों की बैठक हुई।

बैठक में छह दिसंबर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर कारसेवा करने की घोषणा की गई। घोषणा के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी और पीठ के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

रविवार सुबह से ही चित्रगुप्त पीठ पर पुलिस और प्रशासन की नजर बनी रही। कारसेवा की घोषणा को लेकर पीठ परिसर में सुबह हवन-पूजन किया गया। इसके बाद साधु-संतों ने बैठक कर आगे की रणनीति पर चर्चा की। बैठक के दौरान छह दिसंबर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर कारसेवा किए जाने का एलान किया गया।

कारसेवा की घोषणा के बाद चित्रगुप्त पीठ के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पुलिस बल की तैनाती के साथ प्रशासन की ओर से पूरे घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है। पीठ के बाहर आने-जाने वालों पर भी निगरानी रखी गई।

बताया जा रहा है कि कारसेवा के लिए शिलाएं भी मथुरा पहुंच चुकी हैं। इस घोषणा के बाद श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े मामले को लेकर एक बार फिर राजनीतिक और धार्मिक गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। प्रशासन की ओर से अभी कारसेवा की घोषणा को लेकर विस्तृत आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, साधु-संतों की ओर से छह दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर आगे की तैयारियां किए जाने की बात कही गई है।

### प्रो. सोनिया नित्यानंद फिर बनीं केजीएमयू की कुलपति



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद को लगातार दूसरी बार किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू), लखनऊ का कुलपति नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति का आदेश रविवार को राज्यपाल सचिवालय की ओर से जारी किया गया। उनका नया कार्यकाल तीन वर्ष का रहेगा। पद्मश्री से सम्मानित प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने पहली बार 10 अगस्त 2023 को केजीएमयू के कुलपति का कार्यभार संभाला था। अब उन्हें दूसरे कार्यकाल के लिए फिर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## प्रतीकों व महापुरुषों का अपमान अब नहीं चलेगा : मुख्यमंत्री

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

स्वतंत्रता दिवस से पहले रविवार को लखनऊ में निकाली गई तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्र प्रतीकों और महापुरुषों के सम्मान को लेकर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देश में रहकर देश के प्रतीकों, महापुरुषों, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का अपमान करने वालों को अब ऐसा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पांच कालीदास मार्ग से तिरंगा यात्रा को रवाना किया। यात्रा में बड़ी संख्या में युवा और स्कूली बच्चे शामिल हुए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। यात्रा रवाना होने से पहले भातखंडे के कलाकारों की अगुवाई में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ। मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ तिरंगा सेल्फी भी ली। युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि देश का युवा हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है और तिरंगा यात्रा राष्ट्र प्रथम की भावना को मजबूत करने का संदेश दे रही है।

### घर-घर तिरंगा




रविवार को लखनऊ में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**नई अंगड़ाई**

**राजनेताओं के बयानों पर गौर करें, तो अब यूथ प्रभावशाली मतदाता के रूप में स्थापित**

## जेन जी आंदोलनों के बाद युवाओं को लेकर बदलने लगा सियासी नजरिया

- सात राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में युवा मतदाता होंगे निर्णायक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

देशभर में हो रहे जेन जी आंदोलनों के बाद सियासी पार्टियों ने युवाओं को लेकर अपनी रणनीति बदलनी शुरू कर दी है। शनिवार को प्रयागराज में युवाओं के बीच दमदार उपस्थिति और जेन जी की मांग पर मंत्री पद छोड़ने को मजबूर होने वाले धर्मेंद्र प्रधान के जेन जी को लेकर हालिया बयान को इसी नजर से देखा जा रहा है। उन्होंने कहा है कि आंदोलन करने वाले भी अपने ही बच्चे हैं।

अगले साल वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर और गोवा में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन सात राज्यों में 18 से 29 वर्ष की उम्र के मतदाताओं की हिस्सेदारी तकरीबन 22 फीसदी है। ऐसे में युवा मतदाता आने वाले विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों के लिए महत्वपूर्ण वोट बैंक बन सकते हैं। इनकी नाराजगी किसी भी दल को नुकसान पहुंचा सकती है।

जुलाई में दिल्ली के जंतर-मंतर पर जेन जी का लंबा आंदोलन और बिहार के बांकीपुर व मध्य प्रदेश के दतिया उपचुनाव के नतीजों ने युवाओं की चुनावी भूमिका को लेकर राजनीतिक दलों का ध्यान खींचा है। अब तक महिला, किसान, पिछड़ा और दलित जैसे सामाजिक समूह चुनावी रणनीति के केंद्र में रहे हैं, लेकिन जेन जी के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव ने युवाओं को भी एक अलग और प्रभावशाली मतदाता वर्ग के रूप में स्थापित किया है। सात राज्यों के पिछले विधानसभा चुनावों के आंकड़ों पर नजर डालें तो कुल 940 सीटों में 257 सीटें ऐसी थीं, जहां जीत का अंतर पांच प्रतिशत या



उससे कम रहा। उत्तर प्रदेश में 403 में से 131 सीटों पर जीत का अंतर पांच प्रतिशत से कम था। गुजरात में 27, पंजाब में 24, उत्तराखंड में 15 और हिमाचल प्रदेश में 14 सीटों पर भी मुकाबला बेहद करीबी रहा। ऐसे में यदि युवा मतदाताओं के एक हिस्से का रुख किसी एक दल की ओर निर्णायक रूप से जाता है, तो कई सीटों पर चुनावी परिणाम प्रभावित होंगे। यही कारण है कि भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत लगभग सभी प्रमुख दल युवाओं के मुद्दों पर अधिक जोर देने लगे हैं। इसमें दो राय नहीं कि अगले चुनावों में रोजगार, शिक्षा, कौशल विकास, डिजिटल अवसर और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दे चुनावी विमर्श के केंद्र में आएंगे।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि युवाओं का यह रुझान यदि चुनाव तक कायम रहता है, तो पार्टियों को अपनी चुनावी रणनीति में बड़े बदलाव करने पड़ सकते हैं। यही नहीं सियासी दलों को अपने चुनावी घोषणापत्रों में जेन जी को मुद्दों को शामिल करना पड़ सकता है।

युवा मतदाताओं के बढ़ते प्रभाव से जाति और धर्म आधारित पारंपरिक चुनावी समीकरणों पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि जातिगत समीकरण पूरी तरह खत्म होने की संभावना नहीं है, लेकिन युवा मतदाता रोजगार और शिक्षा जैसे मुद्दों को अधिक प्राथमिकता देने लगे, तो उम्मीदवारों के चयन और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में बदलाव देखने को मिल सकता है।

राजनीतिक पार्टियों की गतिविधियों में भी इसका असर दिख रहा है। भाजपा की बैठकों और अभियानों में युवाओं से जुड़े रोजगार और कौशल विकास के मुद्दों पर चर्चा बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पार्टी के कई नेता सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से युवाओं से सीधे संवाद पर जोर दे रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भी हाल में जेन जी और जेन अल्फा के युवाओं के साथ संवाद किया। संघ की ओर से युवाओं को संगठन से जोड़ने और उनकी सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भी स्कूल और कॉलेज के अलावा कोचिंग संस्थानों तथा युवा समूहों तक पहुंच बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है।

# मरीजों को बेहतर इलाज सर्वोच्च प्राथमिकता : ब्रजेश

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक द्वारा जनपद के भ्रमण के दौरान जिला मेमोरियल चिकित्सालय का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं मरीज हितैषी बनाए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, इमरजेंसी वार्ड एवं ओपीडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भर्ती एवं उपचार के लिए आए मरीजों से आत्मीय संवाद करते हुए चिकित्सालय में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकीय परामर्श एवं



- उपमुख्यमंत्री ने जिला मेमोरियल चिकित्सालय का किया निरीक्षण

अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा जाए।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने नेत्र शल्य कक्ष, टेलीमेडिसिन कक्ष एवं प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा इनके माध्यम से आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के माध्यम से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने तथा टेलीमेडिसिन जैसी आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सालय में स्थापित अग्निशमन यंत्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ सहित संबंधित कर्मचारियों को इनके संचालन की जानकारी भी होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित कार्मिकों को अग्निशमन यंत्रों के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वारा दो क्षय रोग मरीजों को पोषण पोटली भी प्रदान की गई तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

### एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

निरीक्षण के उपरांत उप मुख्यमंत्री ने जनपद में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं एवं चिकित्सा सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य संकेतकों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं, चिकित्सकों की उपलब्धता, एम्बुलेंस सेवा सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए सभी संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही एंटी रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता भी सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बनी रहे, जिससे जरूरत पड़ने पर मरीज को तत्काल उपचार मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा सभी सब सेंटर नियमित रूप से संचालित हों। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को और बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे आमजन को प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े।

# शिवबाबा धाम में प्रशासन ने संभाला मोर्चा

- तृतीय सोमवार धाम में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़
- सुरक्षा से लेकर यातायात तक पुख्ता इंतजाम

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**



श्रावण मास के तृतीय सोमवार पर शिवबाबा धाम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश में रविवार को शिवबाबा धाम परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया गया।

एसडीएम और सीओ सिटी ने संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान मंदिर परिसर में लगे छ्ष्ट्ञ्जङ्क कैमरों, पार्किंग व्यवस्था, श्रद्धालुओं के ठहरने के स्थान, भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई।

श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बीच किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी सुरक्षा इंतजाम समय से दुरुस्त रखने पर जोर दिया गया।

**आस्था के बीच सुरक्षा का घेरा**

तृतीय सोमवार को शिवबाबा धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में पुलिस ने भीड़ नियंत्रण से लेकर यातायात प्रबंधन तक फुलप्रूफ व्यवस्था तैयार करने का दावा किया है। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रशासन का साफ संदेश है कि श्रद्धालुओं की आस्था भी सुरक्षित रहेगी और व्यवस्था भी पटरी से नहीं उतरने दी जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### महान विभूतियों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**बलरामपुर।** पूर्व विधायक, मंत्री हनुमत सिंह व वरिष्ठ समाजसेवी केवल कृष्ण शर्मा की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद चंद्रभाल मणि तिवारी, समिति के अध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव, रामनरेश त्रिपाठी, हरिवंश सिंह, बाबा आत्मानंद, सुभाष चन्द्र मिश्रा, उमेश मणि दीक्षित, श्रीमती झूमा सिंह, अविनाश मिश्रा, राधेश्याम मिश्रा, संतोष गुप्ता, डॉ तुलसीश दुबे, रमेश पाठक, धीरेन्द्र सिंह, जय प्रकाश श्रीवास्तव, अम्बरीष शुक्ला, वेद प्रकाश कारुष, रजत प्रकाश पाण्डेय, राजेश कसेरा, अमित सोनी, रविन्द्र गुप्ता कमलापुरी, स्पर्श श्रीवास्तव, राजेन्द्र कसेरा, दिनेश गुप्ता, श्याम चौहान, विक्की गुप्ता आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए दोनों महान विभूतियों को जिले की अनमोल धरोहर बताते हुए समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता राजकुमार श्रीवास्तव उनके द्वारा अनेक कार्यों का वर्णन किया और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सिन्डीकेट लीडर गिरफ्तार

**बलरामपुर।** गिरिजेश कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर द्वारा अभियुक्त विकास पांडे पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम भीखपुर थाना कोतवाली उत्तर देहात जनपद बलरामपुर सिंडिकेट लीडर व मनीष कुमार मिश्रा पुत्र भगवती प्रसाद निवासी रमवापुर डकही थाना इकौना जनपद श्रावस्ती सिंडिकेट सदस्य के विरुद्ध आपराधिक सिंडिकेट गठित कर चोरी एवं नकबजानी जैसी अपराधों को संगठित रूप से कारित कर आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित करने के संबंध में थाना कोतवाली देहात बलरामपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया। खुफिया सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पुलिस की टीम द्वारा तत्परता से अभियुक्त विकास पांडे पुत्र ओमप्रकाश को पुलिस हिरासत में लिया गया । जहां पूछताछ में पता चला की वह तथा इसका साथी मनीष कुमार मिश्रा पुत्र भगवती प्रसाद निवासी ग्राम रमवापुर डकही थाना इकौना जनपद श्रावस्ती द्वारा एक साथ मिलकर चोरी नकबजनी जैसी अपराध कार्य करते हैं वे पूर्व में जेल जा चुके हैं तथा करीब तीन-चार माह पूर्व जेल से छूटकर आए हैं जेल से बाहर आने के बाद उसे पर काफी कर्ज हो गया था आज वह अपने अन्य साथी से मिलने के लिए जा रहा था ताकि उनके साथ मिलकर चोरी कर कुछ रुपए कमाए जा सके अभियुक्त ने बताया कि उसे अपने किसी खास व्यक्ति के माध्यम से जानकारी हुई थी की थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर में उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हो गया है थाना स्थानीय पर आवश्यक विधिक कार्रवाई कर न्यायालय ने जेल भेजा दिया।

### विद्यारंभ समारोह पूजन अर्चन के साथ सम्पन्न

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में वनवासी कल्याण आश्रम के सेवा समर्पण संस्थान द्वारा संचालित महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में रविवार विद्यारंभ समारोह पूजन अर्चन के साथ आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी तथा विशिष्ट अतिथि महंत गेल्हापुर बृजानंद जी महाराज, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, बलरामपुर चीनी मिल के महाप्रबंधक वित्त वीएन ठाकुर तथा भाजपा नेता अजय सिंह पिंकू ने सरस्वती पूजन के उपरांत हवन पूजन के साथ किया। जानकारी के अनुसार 9 अगस्त को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में विद्यारंभ कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने मुख्य अजमान छात्रावास संचालन समिति के महामंत्री इदू भूषण जायसवाल तथा छात्र-छात्राओं के साथ सरस्वती पूजन के उपरांत हवन कुंड में आहुति डालकर कार्यक्रम को संपन्न कराया । समित के महामंत्री जायसवाल ने छात्रावास तथा उसके संचालन के विषय जानकारी दी । कोषाध्यक्ष मंगल बाबू ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया । संरक्षक एमएलके पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने छात्रावास के संचालन तथा उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक जितेंद्र ने अपने संबोधन में छात्रावास के विषय में जानकारी देते हुए संचालन समिति के कार्यों की सराहना की।

### कार से कुचलकर महिला की मौत, बेटी घायल

**हैदरगढ़-बाराबंकी।** लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर थाना हैदरगढ़ क्षेत्र में बारा टोल प्लाजा के निकट रविवार की सुबह कार से कुचलकर एक महिला की मौत हो गई।उसकी बेटी व पति मामूली घायल हो गए। असंद्रा थाना क्षेत्र के वलीनगर गांव निवासी जुल्फिकार अली सुबह अपनी पत्नी रेहाना 41 वर्ष व बेटी आरजू 16 वर्ष को स्कुटी से लखनऊ से घर जा रहे थे।बारा टोल प्लाजा के निकट हाइवे पर किनारे रुककर किनारे फोन से बात कर रहे थे। उनकी पत्नी स्कूटी पकड़े खड़ी थी।बेटी भी उसके बगल मे खड़ी थी।इसी समय सुल्तानपुर ओर जा रही अज्ञात कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी।पिता पुत्री तो बगल में गिर गए। लेकिन स्कूटी पकड़े खड़ी महिला रेहाना बानो कार में फंसकर घसीटते हुए काफी आगे तक चली गई।महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

### दो युवकों ने फांसी लगाकर दी जान

**हैदरगढ़-बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में शनिवार की शाम व रात को दो युवकों ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों घटनाओं की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनाओं के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पहली घटना रजौवापुर गांव में हुई। यहां गांव निवासी संतोष कुमार उर्फ मोनू मिश्रा पुत्र स्वर्गीय शिवकुमार मिश्र उम्र लगभग 32 वर्ष घर के अंदर अपने कमरे में छत की कुंडी से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। परिजनों के मुताबिक युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह काफी समय से बीमार चल रहा था। उसका इलाज भी चल रहा था। वहीं दूसरी घटना मकरई गांव में हुई। बताया जाता है शनिवार की रात करीब 11 बजे जयलाल पुत्र मनीराम गौतम उम्र करीब 37 वर्ष जो शराब का आदी था । गांव के बाहर स्थित घर बनाकर अपनी बुजुर्ग मां के साथ रहता था। बताया जाता है कि रात में शराब पीकर आया किसी बात को लेकर वह गाली गलौज करने लगा ।इसी दौरान वह फांसी लगाकर जान देने की बात कहने लगा। इसके बाद वह घर के बाहर नीम के पेड़ के पास गया और मोटरसाइकिल के एक्सीलेटर की केबल का फंदा बनाकर पेड़ से लटक गया। परिजनों के दौड़कर पहुंचने तक उसकी मौत हो चुकी थी।दोनों घटनाओं की सूचना पर सुबेहा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक के सी यू जी नंबर से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका ।

### युवक पर बांके व फावड़े से हमला

**फतेहपुर-बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के कटघरा गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई कहासुनी के बाद युवक पर बांका और फावड़े से हमला करने का मामला सामने आया है।हमले में गायाप्रसाद पुत्र स्व रामसरन के सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आईं।वह मौके पर ही बेहोश हो गया।पीड़ित के मुताबिक शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे मकान में रहने वाले रोहित पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद से जमीन के विवाद को लेकर कहासुनी हुई।आरोप है कि रोहित ने बांका और फावड़े से उस पर हमला कर दिया। इसी दौरान रजितराम और मंजो देवी भी मौके पर पहुंच गए।परिजन घायल को रात में सीएचसी फतेहपुर ले गए,जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रोहित,रजितराम और मंजो देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।फतेहपुर कोतवाल अमित प्रताप सिंह ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ठाकुर भगौती सिंह किसान इंटर कॉलेज में अभिभावक संघ का चुनाव संपन्न

- पवन सिंह को अध्यक्ष व राम कृपाल यादव को चुना गया उपमंत्री

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



ठाकुर भगौती सिंह किसान इंटर कॉलेज जरवल रोड में रविवार को अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक में चुनाव संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने की तथा संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पवन कुमार सिंह को अध्यक्ष एवं राम कृपाल यादव को उपमंत्री चुना गया। चुनाव अधिकारी ने दोनों पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की, जिसके बाद उपस्थित सभी अभिभावकों और शिक्षकों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने कहा कि वे विद्यालय के सर्वांगीण विकास और बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। वहीं नवनिर्वाचित उपमंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि अभिभावकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र प्रसाद, कुंवर आनंद प्रताप सिंह उर्फ लाल बाबू, विवेक मिश्रा, ललित कुमार दीक्षित, महेंद्र पाल, अशोक कुमार, एनेक यादव, मोहम्मद लाम , आशीष सिंह, रामल्ला मास्टर, रमेश गौतम, केशव राम यादव, सत्रोहन यादव, समेत समस्त शिक्षक स्टाफ और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# बिसुही पर विकास का सेतु : कटेहरी की सियासत को भी मिलेगी नई धार

- 15.69 करोड़ की परियोजना का 60 फीसदी काम पूरा

**समृद्धि न्यूज, अंबेडकरनगर।**

गोसाईंगंज - भीटी - महरूआ-दोस्तपुर मार्ग पर बिसुही नदी के ऊपर निर्माणाधीन डबल लेन सेतु का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। परियोजना का 60 फीसदी से अधिक काम पूरा हो चुका है। फाउंडेशन और सब-स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण होने के बाद अब सुपर स्ट्रक्चर के निर्माण ने गति पकड़ ली है। सेतु का निर्माण पूरा होने के बाद अयोध्या, अंबेडकरनगर और सुल्तानपुर के बीच आवागमन सुगम होने की उम्मीद है।

15.69 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित इस सेतु परियोजना को 20 दिसंबर 2025 को स्वीकृति मिली थी।



### तीन जिलों के बीच संपर्क होगा बेहतर

गोसाईंगंज-भीटी-महरूआ मार्ग के प्रमुख जिला मार्ग के किमी 13 पर स्थित यह परियोजना क्षेत्रीय आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पुल के निर्माण से अयोध्या, अंबेडकरनगर और सुल्तानपुर के बीच सड़क संपर्क को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा के साथ समय और परिवहन लागत में भी बचत हो सकती है। बिसुही नदी पर स्थायी सेतु की जरूरत क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से महसूस की जा रही थी। पुल निर्माण में तेजी आने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में भी उम्मीद जगी है। सेतु के पूरा होने के बाद कटेहरी क्षेत्र सहित आसपास के गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलने की संभावना है।

सेतु निगम लिमिटेड अयोध्या के परियोजना प्रबंधक रोहित अग्रवाल के अनुसार परियोजना को 31 दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना के लिए अब तक 14.88 करोड़ रुपये अवमुक्त किए जा चुके हैं, जबकि 7.25 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

बिसुही नदी पर बनने वाला यह सेतु करीब 71 मीटर लंबा होगा। इसमें 7.5 मीटर का कैरिजवे प्रस्तावित है। फाउंडेशन और सब-स्ट्रक्चर का काम पूरा होने के बाद अब ऊपरी हिस्से के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। कार्य की मौजूदा प्रगति से निर्धारित समय सीमा में परियोजना पूरी होने की उम्मीद है। सेतु के निर्माण से केवल आवागमन ही सुगम नहीं होगा, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। बेहतर सड़क संपर्क से बाजार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े आवागमन को सुविधा मिल सकती है। बिसुही नदी पर आकार ले रहा यह सेतु क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल हो सकता है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

- छेड़छाड़ व धमकी की दर्ज हुई थी एफआईआर
- जांच में रेप की धाराएं बढ़ीं

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**




रूपईडीहा पुलिस ने रविवार सुबह करीब 11:40 बजे नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को ग्राम हरवंशपुर के पास कर्बला से पकड़ा। आरोपी के खिलाफ पहले छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना के दौरान दुष्कर्म से संबंधित धाराएं भी बढ़ाई गईं।

पुलिस के अनुसार, 27 जुलाई को पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर बसंतपुर निवासी संतोष यादव के खिलाफ छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच आगे बढ़ने पर मामले में दुष्कर्म से संबंधित धाराएं भी जोड़ी गईं। इसके बाद से आरोपी की तलाश की जा रही थी। रविवार को पुलिस को आरोपी के हरवंशपुर के पास होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने कर्बला के पास घेराबंदी कर संतोष यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी के दौरान सर्वोच्च न्यायालय और मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। पुलिस के मुताबिक, रूपईडीहा थाने में मुकदमा अपराध संख्या 194/2026 दर्ज है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 64(1), 351(3) और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में की गई। टीम में उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश सरोज और कांस्टेबल सूरज यादव शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### पति से विवाद के बाद विवाहिता ने खाया जहर

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहिता की शनिवार शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला ने पति से विवाद के बाद पंजाब के लुधियाना में जहर खा लिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, देहात कोतवाली के इमलिया गांव निवासी सुनील अपनी 24 वर्षीय पत्नी प्रियंका के साथ पंजाब के लुधियाना जिले में मजदूरी करता था। चार दिन पहले किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया था, जिसके बाद प्रियंका ने जहर खा लिया। जहर खाने के बाद प्रियंका की हालत बिगड़ने लगी। सुनील ने दो दिनों तक लुधियाना में उसका इलाज कराया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद वह प्रियंका को लेकर बहराइच आ गया, जहां स्थानीय स्तर पर उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शनिवार शाम को प्रियंका की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# समाज एकजुट होगा तो मिलेगा आरक्षण : संजय निषाद



- दलालों के चंगुल से दूर रहने की अपील की
- मदरसों पर केशव मौर्य के बयान का किया समर्थन

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद शनिवार दोपहर करीब 3 बजे बहराइच पहुंचे। उन्होंने मत्स्य पालकों की बैठक में हिस्सा लिया। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संकल्प रैली निकाली गई। रैली का मुख्य उद्देश्य निषाद समाज को आरक्षण दिलाने और समाज को बूथ स्तर पर एकजुट कर राजनीतिक रूप से सक्रिय करना रहा।

रैली के समापन के बाद मीडिया से बातचीत में डॉ. संजय निषाद ने कहा कि वह निषाद समाज को जगाने और एकजुट करने के लिए निकले हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह काशीराम और मुलायम सिंह यादव ने अपने-अपने समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक किया, उसी तरह वह भी निषाद समाज को संगठित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हर बूथ पर 10 युवा एकजुट होंगे तो समाज की ताकत बढ़ेगी। उन्होंने दलित समाज का उदाहरण देते हुए कहा कि जागरूकता के बाद उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई और अपने अधिकार हासिल किए।

डॉ. संजय निषाद ने निषाद समाज के लोगों से दलालों के चंगुल से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को किसी के बहकावे में आकर मतदान नहीं करना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग दूसरी पार्टियों में जाकर निषाद पार्टी के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। उनके मुताबिक, ऐसे लोगों को सबक सिखाने और समाज को दूसरी पार्टियों से दूर रखकर एकता बनाए रखने के उद्देश्य से संकल्प रैली आयोजित की गई है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मदरसों को आतंकवाद का अड्डा बताए जाने संबंधी बयान पर डॉ. संजय निषाद ने सहमति जताई। उन्होंने कहा कि इस बयान के समर्थन में मीडिया रिपोर्ट्स को पर्याप्त सबूत माना जा सकता है।

डॉ. संजय निषाद ने कहा कि रैली का उद्देश्य निषाद समाज में एकता स्थापित करना और आरक्षण की मांग को लेकर लोगों को एकजुट करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

# अंग्रेजों से आर-पार की लड़ाई चाहते थे डॉ. लोहिया : नवीन तिवारी

- संप्रभुता के संघर्ष की याद दिलाता है नौ अगस्त : रामसेवक

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



गांधी भवन में रविवार को लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति उत्तर प्रदेश एवं गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अगस्त क्रान्ति दिवस की 85वीं वर्षगांठ और काकोरी ट्रेन एक्शन की 101वीं वर्षगांठ पर परिचर्चा आयोजित हुई।

परिचर्चा के मुख्य वक्ता प्रख्यात समाजवादी चिन्तक एवं आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी संस्थान के संयुक्त सचिव नवीन तिवारी रहे। वहीं सभा की अध्यक्षता लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक यादव ने की। कार्यक्रम की शुरूआत झण्डारोहण से हुई, तदोपरान्त महात्मा गांधी की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य वक्ता नवीन तिवारी ने कहा कि डॉ लोहिया अंग्रेजों से आर-पार की लड़ाई चाहते थे। डॉ लोहिया के इस दबाव में महात्मा गांधी आए और उन्होंने 'करो या मरो' का नारा दिया।

वहीं यूसुफ मेहर अली पहले नेता थे जिन्होने 'भारत छोड़ो' नारा देकर इस लड़ाई को निर्णाक मोड़ दिया। उन्होंने बताया, 8 अगस्त को मुम्बई के सम्मेलन में जवाहरलाल नेहरू ने 'भारत छोड़ो' का प्रस्ताव पेश किया। सरदार पटेल ने इसका अनुमोदन किया।

अन्य नेताओं के अतिरिक्त आचार्य नरेन्द्रदेव, अच्युत पटवर्धन तथा डॉ लोहिया ने प्रस्ताव का जोरदार समर्थन किया और 9 अगस्त की सुबह अरूणा आसफ अली ने गोवालिया टैंक मैदान में तिरंगा फहरा दिया। इस पूरे घटनाक्रम में भारतीय जनसंघ और हिन्दू महासभा की नगण्य भूमिका रही। सभा को सम्बोधित करते हुए गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि नौ अगस्त 1942 की घटना से पूरे देश ने एक स्वर में पूर्ण स्वराज्य का आह्वान किया था। सही मायने में इसी तिथि को भारत की स्वतंत्रता की निर्णायक तिथि मानकर उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से बसन्त कुमार शर्मा, सलाउद्दीन किदवाई, शऊर कामिल किदवाई, हुमायूं नईम खान, मुस्तफा हुसैन, मृत्युंजय शर्मा, सभासद अश्वनी शर्मा, बेचई यादव, सुशील गुप्ता, शिवशंकर शुक्ला, दुर्गा प्रसाद, हरि श्याम वर्मा, अशोक शुक्ला, उमानाथ यादव, सत्यवान वर्मा, मो अहमद किदवाई, अताउर्रहमान सज्जन, अम्बरीश वर्मा अनन्त कुमार पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कई जनपदों से आए लोकतंत्र रक्षक सेनानी, प्रबुद्धजन, अधिवक्ता और समाजसेवी उपस्थित रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल का जन्मदिन रविवार को व्यापार संगठन हैदरगढ़ के कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया।

उद्योग व्यापार संगठन हैदरगढ़ के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी द्वारा संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं सरकार में राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

इस अवसर पर व्यापार संगठन के संरक्षक स्कंद तिवारी सलाहकार शिवाकांत दीक्षित प्रभारी विकास पांडे महामंत्री सदाबहार अहमद कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल उपाध्यक्ष संजय गुप्ता संगठन मंत्री सतीश शक्ति शुक्ला शुभम शुक्ला आदिल खान सत्यम मिश्रा सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फेक न्यूज व फैक्ट-चेकिंग पर पत्रकारों को दी व्यावहारिक जानकारी

- भ्रामक खबरों खिलाफ जागरूक करना सराहनीय पहल : डीएम

**समृद्धि, न्यूज, बाराबंकी।**



भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), लखनऊ द्वारा बाराबंकी के पत्रकारों के लिए मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन आज लोक-सभागार, कलेक्ट्रेट, बाराबंकी में किया गया। कार्यशाला में फेक न्यूज एवं भ्रामक सूचनाओं की पहचान, फैक्ट-चेकिंग तथा डिजिटल टूल्स के प्रभावी उपयोग के साथ केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं और पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के बीच फेक न्यूज के संबंध में जागरूकता फैलाने की पीआईबी की पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि 'वार्तालाप' जैसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि पत्रकारों को बदलते डिजिटल परिदृश्य के अनुरूप आवश्यक जानकारी और कौशल मिल सके। लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने पत्रकारों को वायरल फोटो, वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट की सत्यता जांचने, स्रोतों की पुष्टि करने तथा विभिन्न डिजिटल टूल्स के माध्यम से फैक्ट-चेकिंग के व्यावहारिक तरीकों की जानकारी दी।

# कांग्रेस ने किया था क्रान्तिकारियों को सजा दिलाने का पाप : योगी

**▸ मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारियों की वीरता को किया नमन**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को काकोरी ट्रेन एक्शन के 101वें वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में क्रान्तिकारियों की स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि तत्कालीन कांग्रेस के नेताओं ने क्रान्तिकारियों को सजा दिलाने का पाप किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत माता के महान सपूतों ने ब्रिटिश हुकूमत की चूलें हिलाकर चुनौती दी थी कि भारत की धरती गुलामी को हरगिज नहीं बर्दाश्त करेगी। इन क्रांतिकारियों ने 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर से लेकर 1942 के 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' आंदोलन तक संघर्ष की लंबी श्रृंखला खड़ी की थी। अंग्रेज भारत के लोगों की गाढ़ी कमाई लूटकर ब्रिटेन ले जाना चाहते थे, लेकिन इसी स्थान पर 9 अगस्त 1925 को पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, चंद्रशेखर आजाद, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी जैसे क्रांतिकारियों ने खजाने को अपने कब्जे में लेकर आजादी की लड़ाई को नई ऊंचाइयां प्रदान की थीं।

काकोरी स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारी शचींद्र नाथ बख्शी व मन्मथ नाथ गुप्ता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वे काशी में पैदा हुए थे। उन्हें आजीवन कारावास की सजा मिली। ब्रिटिशर ने उनकी जागीर को जब्त कर लिया था। शचींद्र नाथ सान्याल भी काशी में पैदा हुए और उन्होंने अंतिम सांस गोरखपुर में ली। पं. रामप्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह को फांसी दी गई। चंद्रशेखर आजाद ने कहा था कि आजाद हमेशा आजाद रहेगा, अंतिम दम तक अंग्रेजों से लड़ते-लड़ते वह प्रयागराज की धरती पर शहीद हुए।

इन क्रांतिकारियों का उद्देश्य भारत मां की आजादी के साथ ही गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर अंग्रेजों को भारत से भगाना और देश को आजाद कराना था।



### स्वतंत्र भारत में सत्ता संभालने वालों ने क्रांतिकारियों को अपमानित किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों ने तो काकोरी की घटना को डकैती कहा, लेकिन स्वतंत्र भारत में भी जिन लोगों के हाथों में सत्ता आई, उन्होंने भी काकोरी डकैती कांड के नाम पर इस घटना के क्रांतिकारियों को अपमानित किया। इन लोगों ने काकोरी ट्रेन एक्शन और चौरीचौरा की घटना को कमतर आंका। 1922 में गोरखपुर में चौरीचौरा की घटना हुई तो कांग्रेस ने आंदोलन स्थगित कर दिया और इससे मुंह मोड़ लिया। महामना मदन मोहन मालवीय ने चौरीचौरा की घटना में क्रांतिकारियों का मुकद्मा लड़ा। आजादी के बाद जिन लोगों ने सत्ता संभाली, उन लोगों ने क्रांतिकारियों को अपमानित करने का पाप किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दिया आजादी के नायकों को सम्मान

सीएम ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि 2014 में सत्ता संभालने के बाद उन्होंने आजादी के नायकों को सम्मान दिया। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर से जुड़े पंच तीर्थ, वीर सावरकर, रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां के स्मारक को बढ़ाया गया। काकोरी की घटना को काकोरी ट्रेन एक्शन नाम देकर क्रांतिकारियों को सम्मान दिया। इस अवसर पर बच्चों की पेंटिंग्स पर आधारित वन्दे मातरम् एवं काकोरी के शहीदों व शासकीय अभिलेखों पर आधारित काकोरी ट्रेन एक्शन पुस्तिकाओं का विमोचन किया। कैप्टन मनोज पाण्डेय के भाई मनमोहन पाण्डेय, लांसनायक केवलानंद द्विवेदी की पत्नी कमला देवी,रायफल मैन सुशील चंद की माता मीनाचंद को सम्मानित किया गया। इसके अलावा काकोरी के शहीदों के परिजनों का भी सम्मान किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, विधायक नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, जय देवी, योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, लालजी प्रसाद निर्मल आदि मौजूद रहे।

# शहीदों को भूल रही नई पीढ़ी : जयवीर

**▸ हमारा मकसद है कि राष्ट्रीय संदेश नई पीढ़ी तक जाए**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



देशभक्ति, बलिदान और राष्ट्रीय कर्तव्य की भावना को घर-घर तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आज हम देशभक्ति की गहरी भावना से ओत-प्रोत हैं, लेकिन दुख इस बात का है कि नई पीढ़ी धीरे-धीरे ये भूलती जा रही है कि देश के लिए कितने नौजवानों ने अपनी जान की कुर्बानी दी। उन्हीं शहीदों की वजह से आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। आज 9 अगस्त है। इसी दिन काकोरी एक्शन हुआ था।

युवा क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों का खजाना लूटकर उसे देश के नाम कर दिया था। उन्होंने देश के लिए हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूमा। क्या आज की पीढ़ी को ये पता है? इसी सोच के साथ हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा जैसे कार्यक्रम किए जा रहे हैं। हमारा मकसद है कि राष्ट्रीय संदेश नई पीढ़ी तक जाए। युवा पूर्वजों के बारे में जानें कि उनके राष्ट्रीय योगदान क्या थे, राष्ट्र के लिए उनकी भूमिका क्या थी, कितने संघर्ष, त्याग, तपस्या और बलिदानों के बाद हमें आजादी मिली है। जब तक नई पीढ़ी अपना इतिहास नहीं जानेगी, तब तक भारत और भारतीयता के लिए समर्पण की भावना नहीं आएगी।

## खबरें एक नजर में

### एआईएसएफ की रैली 12 को

लखनऊ। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के 90वें स्थापना वर्ष के समापन समारोह का आयोजन 12 और 13 अगस्त को बाराबंकी में किया जा रहा है। समारोह में देशभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे। गांधी भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश श्री रंगराजन ने बताया कि 12 अगस्त को सुबह 11 बजे बाराबंकी में रैली की जाएगी, जिसके बाद जनसभा होगी। एआईएसएफ की स्थापना 12 अगस्त 1936 को लखनऊ में हुई थी। भारत के पहले छात्र संगठन के रूप में ए आई एस एफ का स्वतंत्रता आंदोलन में गौरवशाली इतिहास रहा है। हेमू कालानी, कनकलता बरुआ और ए आई एस एफके कई अन्य साथियों ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का बलिदान दिया। 13 अगस्त को सुबह 10 बजे सार्वजनिक शिक्षा की रक्षा: चुनौतियाँ और आगे की राह विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। सेमिनार को प्रो. रूप रेखा वर्मा, लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. अरुण कुमार, महासचिव, आल इंडिया विश्व विद्यालय शिक्षक संघ तथा कट्टी नरसिम्हा रेड्डी, पूर्व विधायक और कार्यकारी अध्यक्ष, आल इंडिया शिक्षक संघ तथा वाई एस लोहित पूर्व अध्यक्ष आल इंडिया स्टूडेंट्स संबोधित करेंगे।

### दोस्त ने युवक के पेट में रॉड घुसाकर की हत्या

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में युवक के पेट में रॉड घुसाकर हत्या कर दी गई। युवक के दोस्त ने अपनी मां की पायल बेची थी। जब यह बात उसे पता चली तो उससे कहा कि मैं तुम्हारे घर में बता दूंगा। इसी बात पर उसके दोस्त ने कहा कि जब जिंदा रहेगा तब घर बताएगा न। इसके बाद उसने अपने पिता के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। इस हमले में युवक के पेट में रॉड घुस गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना मड़ियांव के मामा कॉलोनी फैजुल्लागंज की है। मृतक युवक शुभम सोनी (26) प्रेम कुमार सोनी का बेटा था। मां मालती सोनी ने आरोप लगाया है कि शुभम को उसके दोस्त सुमित और उसके पिता मथुरा घर से शनिवार शाम 7 बजे बुलाकर ले गए थे। पहले शराब पिलाई फिर मारपीट कर हत्या कर दी। बेटे का शव रविवार सुबह घर के बाहर पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस का कहना है कि मृतक के भाई शिवम की शिकायत पर सुमित और उसके पिता मथुरा के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। पूछताछ और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बढ़ रहा न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का खतरा

लखनऊ। न्यूरोलॉजिकल बीमारियां यानी दिमाग और नसों से जुड़ी बीमारियां भारत के सामने बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बनती जा रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अब कम उम्र के लोगों में भी स्ट्रोक और दिमाग से जुड़ी दूसरी बीमारियां देखने को मिल रही हैं। लंबे समय तक बैठे रहना, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और मोटापा इसके प्रमुख कारणों में शामिल हैं ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) स्टडी के अनुसार, न्यूरोलॉजिकल बीमारियां आज दुनियाभर में खराब स्वास्थ्य और विकलांगता का सबसे बड़ा कारण हैं। इन बीमारियों से 340 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। भारत में हर साल करीब 18 से 20 लाख नए स्ट्रोक के मामले सामने आते हैं। वहीं, 25 साल से अधिक उम्र के करीब हर 4 में से 1 व्यक्ति को जीवन में कभी न कभी स्ट्रोक होने का खतरा रहता है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में भी न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, तंबाकू का सेवन और विशेषज्ञ इलाज तक देर से पहुंचना इसके प्रमुख कारण हैं। स्वास्थ्य से जुड़े आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में करीब हर 4 में से 1 वयस्क को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है। यह स्ट्रोक के सबसे बड़े कारणों में से एक है। विशेषज्ञों ने बताया कि करीब 80% स्ट्रोक को जीवनशैली में बदलाव, नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर इलाज से रोका जा सकता है इन्हीं चिंताओं पर मेदांता लखनऊ की ओर से आयोजित मेदांता न्यूरो कॉन्क्लेव 2026 में विस्तार से चर्चा हुई। इसमें देशभर के प्रमुख न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन और न्यूरो क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

### महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज का उत्सव

लखनऊ। हरियाली तीज के उल्लास और भारतीय संस्कृति की खूबसूरत परंपराओं को समर्पित सोशल इवेंट ग्रुप द्वारा तीज सेलिब्रेशन सीजन-1 का आयोजन होटल द गोल्डन एप्पल, सेक्टर-सी, महानगर, लखनऊ में उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिंदु बोरा उपस्थित रहीं। इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों में एनजीओ पार्टनर्स एलायंस क्लब्स इंटरनेशनल से प्रियंका दीक्षित, प्रेरणा मित्रा, डॉक्टर ममता भटनागर और डॉक्टर मीना खरे सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कायक्रम में महिलाओं ने हरे रंग की पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर हिस्सा लिया और तीज के पर्व को खास अंदाज में मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत पंक्चुअलिटी राउंड से हुई, जिसके बाद हाउजी, रैपिड फायर राउंड्स, मनोरंजक खेलों और विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने ग्रुप डांस, सास-बहू डांस तथा मां-बेटी डांस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतिभागियों के बीच गजब का उत्साह और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को बेस्ट मेहंदी, बेस्ट हेयर स्टाइल, बेस्ट रील मेकर सहित कई पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा बेस्ट स्माइल, बेस्ट पोज, बेस्ट फ्लावर ज्वेलरी, बेस्ट एनर्जी, बेस्ट डांस, बेस्ट आइज, बेस्ट सिंगर और ओरिजिनल लॉन्ग हेयर जैसी विशेष श्रेणियों में भी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

# 30 हजार करोड़ से उत्तर प्रदेश में बनेंगी सड़कें

**▸ बजट मंजूर, अक्टूबर से शुरू हो जायेगा काम**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

असेम्बली इलेक्शन से पहले ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सड़कों व पुल-पुलियों का जाल नजर आएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायकों द्वारा प्रस्तावित सड़कें व पुल पुलियों के प्रस्तावों की फाइल को मंजूरी दे दी है।

विधायकों के प्रस्ताव पर 30 हजार करोड़ रुपये की लागत से नए निर्माण कार्य होंगे। मुख्यमंत्री की मंजूरी के साथ लोक निर्माण विभाग काम शुरू कराने के लिए कार्ययोजना तैयार कराने में जुट गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के विधायकों ने सड़कें व पुल पुलियों के निर्माण का प्रस्ताव जिलों में जिलाधिकारियों को दिए थे। डीएम के माध्यम से जिले का कार्ययोजना तैयार करते हुए फाइल शासन को भेजी गई थी।जिलों से आए प्रस्तावों का परीक्षण कर शासन ने कार्ययोजना को स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया था, जिसे मंजूरी मिल गई है। पीडब्ल्यूडी के विभागाध्यक्ष एके द्विवेदी के मुताबिक जिलों की कार्ययोजना में शामिल कार्यों की आगणन रिपोर्ट तैयार कराते हुए अब वित्त व्यय समिति के पास परीक्षण के लिए भेजी जा रही हैं।



कार्ययोजनाओं के लिए बजट स्वीकृतियां 14 अगस्त से जारी की जाएंगी। इसके बाद एक महीने के अंदर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर कार्य का अनुबंध किया जाएगा। अक्टूबर से काम शुरू कराए जाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री द्वारा मंडलीय दौरे के दौरान विधायकों से सड़कें व पुल पुलियों के निर्माण का प्रस्ताव जिलाधिकारियों के माध्यम से शासन को भेजने के लिए कहा गया था, जिसके बाद विधायकों द्वारा प्रस्तावित 2.25 लाख करोड़ रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों की योजनाएं शासन को भेजी गई थीं। सबसे ज्यादा 40 हजार करोड़ के प्रस्ताव लखनऊ मंडल के विधायकों के थे। विधायकों की प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध बजट के आधार पर प्रस्तावों को मूल कार्ययोजना का हिस्सा बनाया गया है।

# बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष ने उठायी कूड़े की बोरी, खाली बोतलें

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह तिरंगा यात्रा के बाद सफाई अभियान में जुट गए। उन्होंने खुद कूड़ा उठाया और कूड़े का बैग कंधे पर रखकर ले गए।

वीडियो सोशल मीध्डिया पर तेजी से वायरल है। नीरज सिंह ने तिरंगा यात्रा में राष्ट्रभक्ति के साथ स्वच्छता का संदेश दिया। सफाई कर्मियों के साथ बोरी में कचरा भरते दिखे।

अटल चौक से सीएम आवास तक नीरज सिंह ने उठाया कूड़ा,कूड़े की बोरी कंधे पर उठाई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्ति सिर्फ तिरंगा हाथ में लेकर नारे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश, समाज और अपने शहर को स्वच्छ रखना भी राष्ट्रभक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। तिरंगे का सम्मान सिर्फउसे हाथ में उठाने से नहीं, बल्कि उस देश की सड़कों, शहरों और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने से भी होता है।



### पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह गौर को केजीएमयू में देखने पहुंचे दोनों उप मुख्यमंत्री



समृद्धि न्यूज, लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह गौर पिछले कुछ दिनों से किंग जार्ज चिकित्सालय में भर्ती हैं। रविवार को उन्हें देखने दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक एक साथ केजीएमयू पहुंचे। दोनों नेताओं ने पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह गौर से भेंट कर कुशलक्षेम जाना। केशव प्रसाद मौर्य ने ट्रामा सेंटर के इंचार्ज डा. प्रेमराज सिंह से पूर्व मंत्री के उपचार के संबंध में जानकारी ली। केजीएमयू के प्रवक्ता डा.के.के. सिंह भी साथ में मौजूद रहे।

# पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 11 अगस्त से, 21 सितम्बर है अंतिम तिथि

**▸ 2 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों के छात्रों को मिलेगा लाभ**
**▸ 2025-26 में 36 लाख से अधिक छात्रों को मिला था छात्रवृत्ति का लाभ**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की शिक्षा को सहारा देने के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित कर रही है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की पूर्वदशम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत वर्ष 2026- 27 के लिए आवेदन प्रक्रिया 11 अगस्त से शुरू होगी। छात्र 11 से 25 अगस्त तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे। जबकि वर्ष 2026-27 सत्र के नए छात्र 11 अगस्त से 21 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

छात्रों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है। इस योजना के जरिए पिछले 9 वर्षों में करीब 22 करोड़ से अधिक छात्रों को आर्थिक सहायता मिल चुकी है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को पढ़ाई जारी रखने और उच्च शिक्षा हासिल करने का अवसर मिल रहा है।

योगी सरकार की छात्रवृत्ति योजना का व्यापक असर साल दर साल देखने को मिल रहा है। वर्ष 2025-26 में पिछड़ा वर्ग के 36 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को पूर्वदशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। पूर्वदशम यानी कक्षा 9 और 10 की छात्रवृत्ति योजना के तहत 8.88 लाख छात्रों के बैंक खातों में कुल 219.64 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी गई थी। इस अवधि में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत इंटरमीडिएट से लेकर उच्च शिक्षा तक के 27.86 लाख छात्रों को कुल 2882.02 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई थी।



### आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा का सहारा

पिछड़ा वर्ग कल्याण निदेशक उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया 11 अगस्त से शुरू हो रही है। उन्होंने पात्र छात्रों से निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है तथा सत्यापन के बाद पात्र छात्रों के बैंक खातों में सीधे धनराशि भेजी जाती है।

# गांवों में अमृत सरोवरों पर तिरंगा लहराकर मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्वतंत्रता दिवस को समारोह पूर्वक पूरे उत्साह, उल्लास व उमंग के वातावरण मे भव्य तरीके से मनाने के लिये ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उप मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में, ग्राम्य विकास की ओर से समस्त जनपदों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं।

स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके इस हेतु विभाग की ओर से संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को ससमय तैयारी करने और कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया जाएगा।



ध्वजारोहण के कार्यक्रम से पूर्व ग्राम पंचायत के माध्यम अमृत सरोवरों की विधिवत अभियान चलिकर साफ़ सफाई करायी जाय और राष्ट्रप्रेम की भावना से परिपूर्ण अन्य राष्ट्रोत्प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए जायें। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में निर्मित और विकसित किये गये सभी अमृत सरोवर स्थलों और तालाबों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम कराने के निर्देश दिये गये हैं। इस सम्बन्ध में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्राम्य विकास विभाग के जिलों के अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### मकान में धर्मांतरण के घिनौना खेल से हड़कंप

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। लखनऊ जिले के मोहनलालगंज इलाके में धर्मांतरण के कथित धंधे को लेकर रविवार दोपहर को बहुत बड़ा बवाल देखने को मिला। सिसेंडी के पास स्थित रायपुर भदेशवा गांव में चोरी-छिपे चल रही संदिग्ध गतिविधियों का पर्दाफाश हुआ है। बजरंग दल और श्री राम सनातन सेवा समिति के कार्यकर्ताओं को गुप्त जानकारी मिली थी कि एक आवासीय मकान में चर्च का रूप देकर गरीब हिंदुओं को लालच दिया जा रहा है। सूचना मिलते ही हिंदू संगठनों के पदाधिकारी करीब 2 बजे भारी संख्या में मौके पर धमक पड़े। जैसे ही संगठन के कार्यकर्ता मकान के भीतर पहुंचे, वहां अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। मौके पर कई लोग जमा थे जिनमें से कई मौका पाकर रफूचक्कर हो गए। वहां तलाशी के दौरान विशेष धार्मिक किताबें और धर्मांतरण के लिए इस्तेमाल होने वाला तथाकथित पानी बरामद हुआ। कार्यकर्ताओं ने जब वहां मौजूद मुख्य व्यक्ति को दबोचा, तो उसकी पहचान लखनऊ के बरौली खलीलाबाद निवासी चंद्रिका प्रसाद के तौर पर हुई।

# सपा का सरकार पर पोस्टर के जरिए हमला

**▸ गायब है गायब है... के जरिए भ्रष्टाचार पर वार**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

समाजवादी पार्टी ने एक पोस्टर के जरिए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला बोला है। लखनऊ में लगाए गए इस पोस्टर में अलग-अलग मुद्दों को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए हर मामले के साथ गायब है लिखा गया है। पोस्टर सामने आने के बाद राजधानी में सियासी हलचल तेज हो गई है।

पोस्टर में राम मंदिर के चंदे को लेकर 200 करोड़ रुपये गायब होने का दावा किया गया है। वहीं, केदारनाथ से जुड़े मामले में 228 किलो सोना गायब होने का आरोप लगाया गया है। चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पोस्टर में चुनाव आयोग से ईवीएम गायब होने की बात कही गई है। मीडिया को लेकर तंज कसते हुए मीडिया चैनलों से ईमानदारी गायक का दावा किया गया है। सपा के पोस्टर में एथेनॉल मिश्रण को लेकर भी सरकार को घेरा गया है। इसमें क्रएथेनॉल के नाम पर गाड़ियों का माइलेज गायबक्र होने की बात लिखी गई है। वहीं, नीट को लेकर छात्रों का भविष्य गायब होने का आरोप लगाया गया है। पोस्टर में कोयला मंत्रालय पर भी निशाना साधते हुए करोड़ों का कोयला गायब होने का दावा किया गया है। स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भी पोस्टर में सरकार पर कटाक्ष किया गया है। इसमें क्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था गायबक्र होने की बात लिखी गई है। इसके अलावा केंद्र सरकार के क्रविश्व गुरुक्र के दावे पर भी सपा ने तंज कसा है और पोस्टर में क्रविश्व गुरुक्र के गायब होने की बात कही गई है।पोस्टर के सबसे नीचे बड़े अक्षरों में लिखा गया है... जनता जागी... सरकार भागी...। सपा का यह पोस्टर राजनीतिक हमले के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन सकता है।




# शहीदों के सपनों के भारत के लिए युवा आएं आगे : शशांक शेखर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

अगस्त क्रांति के अवसर पर जनसत्ता पार्टी ऑफ इंडिया (जे.पी.आई.) एवं राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के संयुक्त तत्वावधान में काकोरी स्तंभ, जीपीओ पार्क, हजरतगंज, लखनऊ में आजादी के आंदोलन के महानायकों एवं अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसत्ता पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह 'पुष्कर' ने की। उन्होंने अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के महानायकों का त्याग, समर्पण और बलिदान आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके संघर्षों को याद करने का वास्तविक उद्देश्य देश और समाज के सामने मौजूद चुनौतियों का सामना करने के लिए नई पीढ़ी को तैयार करना है। 'पुष्कर' ने कहा कि आज छात्र, नौजवान और बेरोजगार अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। दूसरी ओर हमारे अमर शहीदों और देशभक्तों ने अपने प्राणों की आहुति देकर ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां भय, भूख, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, जातिवाद, आर्थिक असमानता, भेदभाव, शोषण, उत्पीड़न और अन्याय के लिए कोई स्थान न हो।




कार्यक्रम में शशिकांत सिंह,कुनाल दीक्षित, शुभम श्रीवास्तव, अजमत उल्ला खान, सुरेंद्र यादव, राजेश त्रिपाठी, लियाकत अली, राज गौतम, विनय सोनकर आदि मौजूद थे।

सुविधा | धार्मिक पर्यटन को लेकर सरकार की नई पहल

# फ्लाइट से सफर, तीन सितारा होटल में ठहराव की व्यवस्था

**▸ महाकालेश्वर व ओंकारेश्वर के साथ महेश्वर का भ्रमण**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) श्रद्धालुओं के लिए सितंबर में विशेष हवाई यात्रा पैकेज लेकर आ रहा है। इसके तहत लखनऊ से दो ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के साथ मध्य प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों की सैर कराई जाएगी। यात्रा 20 से 24 सितंबर तक चार रात और पांच दिन की होगी।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा के अनुसार, यात्रियों को लखनऊ से इंदौर और वापसी में इंदौर से लखनऊ तक की यात्रा विमान से कराई जाएगी। यात्रा के दौरान ठहरने और खानपान की व्यवस्था तीन सितारा होटल में की जाएगी। यात्रा में उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे। इसके साथ चिंतामन गणेश मंदिर, हरसिद्धि मंदिर और मंगलनाथ मंदिर का भी भ्रमण होगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे।



यात्रा पैकेज में धार्मिक स्थलों के साथ मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों को भी शामिल किया गया है। महेश्वर में अहिल्याबाई किला एवं महल, अखिलेश्वर मंदिर, सहस्त्रधारा और नर्मदा घाट का भ्रमण कराया जाएगा। वहीं मांडू में जहाज महल और हिंडोला महल देखने का अवसर मिलेगा।

इंदौर में यात्रियों को पितृ पर्वत और खजराना गणपति मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। आईआरसीटीसी की ओर से यात्रा, ठहरने और खानपान समेत पैकेज की अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। यात्रियों को इस यात्रा के दौरान धार्मिक आस्था के साथ मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत और प्राकृतिक स्थलों को करीब से देखने का भी अवसर मिलेगा। पैकेज की बुकिंग और किराये से संबंधित विस्तृत जानकारी आईआरसीटीसी की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी।

# वीआईपी ग्रुप ने मेधावी छात्रों, समाजसेवी को किया सम्मानित

### मंत्री सुरेश खन्ना ने पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**समृद्धि न्यूज शाहजहांपुर।**



विगत 11 वर्षों से सेवा, सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय वीआईपी ग्रुप शाहजहाँपुर के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, प्रतिभा सम्मान एवं जन अभिनन्दन कार्यक्रम शनिवार को गांधी भवन प्रेक्षागृह में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद वीआईपी ग्रुप के पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा, सामाजिक दायित्वों के निर्वहन तथा सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने की शपथ दिलाई गई।

### सैकड़ों मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान

कार्यक्रम के प्रतिभा सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रतिभाओं के साथ उनके अभिभावकों का भी उत्साहवर्धन किया गया। इसके साथ ही समाजहित में उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करने वाले उड़ान से नीलम गुप्ता, संकल्प से प्रति गुप्ता, जागृति संस्था से निधि बहल एवं उषा मिश्रा, लायंस क्लब पर्ल से संजय चोपड़ा, रेड क्रास सोसाइटी के सचिव डॉ.विजय जौहरी, रोटरी क्लब से डॉ. गौरव कौशल, एपीजे अब्दुल कलाम समिति से सौरभ सोमवंशी, समाजसेवी हरिशरण बाजपेयी, अभिनव तिवारी, स्वाभिमान प्रहरी से राजकमल बाजपेई, वरिष्ठ पत्रकार अमर दीप रस्तोगी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की टीमों को भी सम्मानित किया गया।

### समाजसेवा में सामाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्णः खन्ना

अपने संबोधन में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि ग्रुप पिछले 11 वर्षों से लगातार सेवा, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। यह प्रसन्नता की बात है कि संगठन समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज का विकास केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। जब जागरूक नागरिक और सामाजिक संगठन भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं, तो विकास और सामाजिक सरोकारों को नई गति मिलती है। ऐसे संगठनों की सक्रियता समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प है। सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ करें।

श्री खन्ना ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करना समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आज के विद्यार्थी ही देश और प्रदेश का भविष्य हैं। प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संगठनों का सम्मान भी सराहनीय पहल है। अच्छे कार्यों की हौसला-अफजाई से कार्य करने वालों का मनोबल बढ़ता है और समाज के अन्य लोगों को भी सेवा कार्यों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने ग्रुप की पूरी टीम को 11 वर्षों की निरंतर सेवा यात्रा के लिए बधाई देते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन भविष्य में भी समाजहित में निरंतर एवं प्रभावी कार्य करता रहेगा।।कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित जनसमूह द्वारा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का पुष्पवर्षा कर भव्य जन अभिनन्दन किया गया। वीआईपी ग्रुप परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया।।कार्यक्रम में महापौर अर्चना वर्मा ने कहा कि सामाजिक संगठनों की सक्रियता समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ग्रुप द्वारा विगत 11 वर्षों से किए जा रहे सेवा एवं सामाजिक कार्य सराहनीय हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने संगठन की पूरी टीम को भविष्य में भी इसी तरह समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# मिट्टी रेत खनन के सात डंपर व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

### शनिवार रात दो बजे हुई नगरिया मोड़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



नगरिया मोड़ चौकी क्षेत्र में मिट्टी व रेत खनन की शिकायत मिलने पर सीओ विदुष सक्सेना के निर्देश पर चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला ने तुम के साथ रात दो बजे छापामार कार्यवाही करते हुए सहवेग गांव क्षेत्र से एक डम्पर मिट्टी भरा तथा छह मिट्टी भरने के लिए मौके पर खड़े हुए तथा एक ट्रेक्टर ट्रॉली रेत से भरी हुई पकड़ ली इस दौरान वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए सभी को सीज कर दिया गया है। सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार/शनिवार की देर रात उन्हें नगरिया मोड़ चौकी क्षेत्र में मिट्टी व रेत खनन किए जाने की शिकायत मिली थी जिस पर नगरिया मोड़ चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला ने बताया कि रात में ही वह अपनी टीम के साथ सहवेग पुर पहुंचे मिट्टी खनन भले स्थान पर एक डम्पर में मिट्टी तथा एक ट्रेक्टर ट्रॉली में रेत भरा मिला जबकि अन्य छह डंपर मौके पर खाली खड़े पाए गए। रात में ही सभी को चौकी पर लाकर खड़ा किया गया जिनमें डंपर संख्या यूपी 27 ए टी 5544 , 5083 , 8081 , यूपी 27 बीटी 5056 , यूपी 21 बीएन 6286 व दो बिना नम्बर के डंपर के अलावा एक नीले रंग का ट्रेक्टर ट्रॉली सीज शुदा शामिल हैं जिनके सीज करने की जिला खनन अधिकारी को सूचना दे दी गई है पुलिस ने जहां अपनी कार्यवाही को बखूबी अंजाम दिया लेकिन इतने बड़े स्तर पर मिट्टी व रेत के खनन किए जाने की खनन अधिकारी को भनक तक नहीं लगी यह कौतुहल भरा प्रश्न है।

# काकोरी ट्रेन एक्शन के नायकों को याद किया गया

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



लायन क्लब शक्ति शाहजहांपुर के द्वारा शहीद उद्यान पार्क में आज 9 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन मे भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में शाहजहांपुर के अमर शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल अशफाक उल्ला खान और ठाकुर रोशन सिंह को फांसी की सजा दी गई थी। जिसमें हमारे तीनों स्वतंत्रता सेनानी शहीद हुए थेइसी उपलक्ष्य में आज अध्यक्ष लायन ललिता यादव सचिव लायन प्रियंका बियानी कोषाध्यक्ष शुभांगी गुप्ता लायन हिमानी एवं क्लब सदस्यों द्वारा भावांजलि कार्यक्रम में महान दिव्यात्माओं को श्रद्धासुमन व पुष्पमाला अर्पित की गई। अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने कहा पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह व अशफ़ाक उल्ला खान की यह जोड़ी हमें सिखाती है, कि देश प्रेम से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है। हमें इन शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए और देश की एकता व अखंडता की सदैव रक्षा करनी चाहिए। आज के कार्यक्रम में लायन ललिता यादव लायन शुभांगी गुप्ता लायन हिमानी लायन प्रियंका बियानी निधि मिश्रा, इला, ज्योति सुमन, कृष्णा शकीला अन्य लोग मौजूद रहे।

# रेहरिया गांव से कांवड़ यात्रा का जत्था हुआ रवाना

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**



क्षेत्र के गांव रेहरिया से ट्रैक्टर ट्राली से फरुखाबाद पहुंच कर भक्तो द्वारा माँ गंगा का जल कलाशों में भरकर पैदल -पैदल यात्रा कर सर्वप्रथम रात्रि बिश्राम शोभायात्रा पास के ही गांव आयु के लिए टेढ़े नाथ बाबा के स्थान पर पहुंची. जहां शोभा यात्रा में भगवान भोलेनाथ माता पार्वती राधा रानी आदि देवी देवताओं की मूर्तियों के दर्शन करके श्रद्धालुओं द्वारा मत्था टेका गया. उसके बाद शोभायात्रा पुंवाया से खुटार जाने वाले मार्ग से होकर गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुई.शोभा यात्रा में नगर भ्रमण के दौरान भक्तों द्वारा खूब रंगों और फूलों की होली खेली गई. यह देख पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण हो गया. शोभायात्रा के दौरान भक्तों ने भगवान श्री राम के नारे लगाए. भजनों की रसधार में भक्तो ने जमकर डांस किया. शुक्रवार को बाबा के धाम पहुंच कर जलाभिषेक होने के बाद यात्रा सम्पूर्ण होंगी उसके बाद गांव में भंडारे का आयोजन किया जाएगा.. काबड़ यात्रा का संचालन करने बाले अतुल मिश्रा सहित संजीव मिश्रा, अमितेश, अजीत, शिवांग सुदेश, अंशुल,दीपक, शिवा, आर्यन, वीरेश, पारस, विकास, अर्पित, सुमित, सचिन,रामदेव आदि भक्त नागरिक मौजूद है।

## खबरें एक नजर में

### विश्व हिंदू परिषद की कार्य योजना बैठक हुई सम्पन्न




**शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू परिषद शाहजीपुर महानगर की कार्य योजना बैठक का आयोजन कचहरी स्थित किडजी स्कूल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने की व आगामी कार्यक्रम की योजना का नेतृत्व प्रांत सह मंत्री व विभाग पालक शाहजीपुर विभाग श्रीमान राकेश त्यागी जी ने किया। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों,कार्य विस्तार तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर जोर दिया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय,समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क तथा सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाना आवश्यक है। बैठक में हिंदू समाज की एकता,सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर महानगर के पदाधिकारी,कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

### सांप के डंसने से 10 वर्षीय बालक की मौत



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के गांव मुर्छी निवासी रामऔतार उर्फ होतेलाल के 10 वर्षीय पुत्र कार्तिक की सांप के डसने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि कार्तिक अपनी ननिहाल गया हुआ था। वह जमीन पर लेटकर सो रहा था। इसी दौरान अचानक सांप ने उसे डस लिया। नींद में ही कार्तिक ने हाथ चलाकर सांप को हटाने का प्रयास किया। परिजनों के अनुसार सांप ने बालक को तीन से चार बार डसा। घटना की जानकारी होने पर परिजन उसे उपचार के लिए ले गए , लेकिन उसकी हालत बिगड़ती गई और जब तक अस्पताल ले गए डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार्तिक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मृतक के दो भाई और एक बहन है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने भी घटना पर दुख जताते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

### युवक ने साथियों पर लगाया रुपए निकालने का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** एक व्यक्ति ने अपने साथियों पर रुपए निकालने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। गांव खाडेंपुर मडैया निवासी दिलीप के पुत्र अंतरेश बाहर काम करने गया था। वह 5 अगस्त को वापस घर आ रहा था साथ में उसके काम करने गए अन्य साथी भी थे। उसने आरोप लगाया है कि उसके साथियों ने उसकी जेब में रखे ?9000 निकाल लिए। जब उसने लोगों से कहा तो उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। उसके पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# हाईवे पर युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, दर्दनाक मौत

### शुक्रवार रात दस बजे वरुण अर्जुन हॉस्पिटल के सामने हुआ हादसा

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**





हाईवे पर देर रात एक युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। युवक के पेट व सीने से पहिया उतरने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जिसकी शिनाख्त हटा दलेल पुर निवासी राकेश के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव हटा दलेल पुर निवासी राकेश वर्मा पुत्र स्व रामचंद्र 35 अपने साथी पीलीभीत के गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सुभाष पिपरिया निवासी प्रमोद के साथ बाइक से रुहेलखंड बंथरा अस्पताल में दवा लेने गया था शुक्रवार रात करीब 10 बजे अस्पताल के गेट नंबर दो के सामने राकेश को किसी बड़े अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिसके ऊपर से वहां के पहिया उतर जाने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंचे एसआई नितिन कुमार ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए अज्ञात में ही भिजवा दिया जिसकी बाद में परिजनों ने मोर्चरी पहुंचकर शिनाख्त की इस दौरान मृतक का साथी प्रमोद बाइक समेत लापता हो गया घटना की वास्तविकता लापता साथी के मिलने पर ही स्पष्ट हो सकेगी मृतक पेशे से खाना बनाने वाला कारीगर था कुछ दिन पहले ही वह उत्तराखंड के रुद्र पुर से कम करके लौटा था वह अपने पीछे पत्नी ममता, 15 वर्षीय अनामिका व 10 वर्षीय बेटे अर्जुन को रोते बिलखते छोड़ गया है।

### पेड़ से हमे ऑक्सीजन मिलती हैः राज्यसभा सांसद



**पुवायां, शाहजहांपुर।** कंपोजिट विद्यालय चकउदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया गया था। जिसके बाद सांसद मिथिलेश कुमार ने एक फलदार पेड़ लगाकर कहा कि हम सबको एक एक पेड़ लगाना चाहिए। सांसद मिथिलेश कुमार ने मां के सम्मान के लिए सम्मान स्वरूप एक पौधा लगाने का आह्वान किया है। इसी के क्रम मे सांसद मिथिलेश कुमार के द्वारा विद्यालय में फलदार वृक्ष का पौधा रोपण किया गयाकार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सांसद द्वारा बताया गया कि पेड़ से हमें ऑक्सीजन मिलता है।इसलिए पेड़ जरूर लगाना चाहिए और साथ में उसकी सुरक्षा भी करनी चाहिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रूपा देवी वा विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष हेमेन्द्र पाल सिंह, जेंटलमेन साइकिल क्लब के अध्यक्ष श्याम कुमार त्रिवेदी, राजेंद्र सिंह, देवेंद्र कुमार, वीरेंद्र पाल सिंह, अम्बुज कुमार, प्रधानाध्यापक व वन विभाग के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर विधायक अरविंद सिंह ने किया स्वागत, बांटा प्रसाद

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**



नगर के शाहजहांपुर मार्ग पर आयोजित विशाल भंडारा कार्यक्रम में ददरौल क्षेत्र के विधायक अरविंद कुमार सिंह ने पहुंचकर कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और उन्हें प्रसाद वितरित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे।विधायक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को जिस तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, वह पहले कभी देखने को नहीं मिलीं। सरकार का उद्देश्य है कि शिवभक्तों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे सुरक्षित एवं सुविधाजनक तरीके से अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था और श्रद्धा का पर्व है। इसमें समाज के सभी वर्गों को बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए और कांवड़ियों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। नगर पंचायत की ओर से शाहजहांपुर मार्ग पर आयोजित भंडारा कार्यक्रम में विधायक ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया तथा प्रसाद वितरित किया। इस दौरान क्षेत्र में जगह-जगह भंडारा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां शिवभक्तों को प्रसाद एवं जलपान कराया गया।बरेली मोड़ से कांट तक कई स्थानों पर भी भंडारा लगाए गए।

कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी नूरजहां, अमरदीप शुक्ला, डॉ. रजनीश कश्यप, मुनीष कुमार दिनेश वावू मुदित प्रताप सिंह पुष्पेंद्र सिंह मनोज मिश्रा उर्फ मानू समेत अन्य लोगों ने विधायक अरविंद सिंह का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. रजनीश कश्यप, रामलडैते राठौर गिरीश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### आवारा कुत्ते ने पत्रकार को काटा

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत जलालपुर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार चिंता का विषय बना हुआ है। इसी क्रम में पत्रकार सैय्यद अज़हर उस्मान पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते के काटने से वह घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल देखने को मिला। बताया जा रहा है कि जिस आवारा कुत्ते ने पत्रकार पर हमला किया, वह इससे पहले भी कई बार बकरियों और मासूम बच्चों पर हमला कर चुका है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने से लोगों को अपने बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है।

# विहिप, बजरंग दल ने राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर रन फ़ॉर वंदे मातरम कार्यक्रम किया आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शाहजीपुर महानगर द्वारा राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर विहिप के केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर अखंड भारत का संकल्प लेकर *रन फॉर वंदे मातरम* कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम हेतु खिरनीबाग मैदान में कार्यकर्त्ता एकत्रित हुए। प्रांत सह मंत्री राकेश त्यागी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को हिंदू युवाओं को नशा मुक्ति व अखंड भारत का निर्माण करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि भारत का भू-भाग अटक से लेकर कटक तक जो भी भाग कटा है उसे हम पुनः भारत का भूभाग बनाएंगे। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया तत्पश्चात उपस्थित कार्यकर्ता खिरनी बाग मैदान से सदर,बहादुरगंज,इस्लामिया के रास्ते होते हुए खिरनी बाग में समापन हुआ। रन फॉर वंदेमातरम कार्यक्रम में प्रान्त सह मंत्री राकेश त्यागी, प्रांत सह संयोजक राहुल सिंह, प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख सुधीर सिंह,प्रांत मिलन प्रमुख हरीश, विभाग मंत्री अशनील सिंह,विभाग संयोजक बजरंग दल पंकज गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष रमेश कोरी, महानगर उपाध्यक्ष सुरेश राठौर, महानगर मंत्री धर्मेंद्र सिंह, महानगर सह मंत्री राहुल व प्रदीप, महानगर संजोयक हर्षित गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक लखन वर्मा व सोनू सिंह, राजीव सिंह, अवनीश प्रजापति, कुनाल राठौर, ऋषभ गुप्ता, अमन कश्यप सहित सभी प्रखंड व खण्ड के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आजादी की हिफाजत करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**




स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपुरा में हिंदुस्तान की आजादी में मदरसों और उलमा का किरदार विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. मंसूर सिद्दीकी, प्रोफेसर जीएफ कॉलेज ने कहा कि हिंदुस्तान की आजादी किसी एक वर्ग या समुदाय के संघर्ष का परिणाम नहीं, बल्कि देश के विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों की साझा कुर्बानियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में अनेक उलमा और मदरसों से जुड़े लोगों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज बुलंद की और देश की आजादी के लिए जेल की यातनाएं सहीं तथा अपने प्राणों का बलिदान दिया। स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. विकास खुराना ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास विद्यार्थियों को सही तथ्यों के साथ पढ़ाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आजादी के लिए संघर्ष करने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को सम्मान के साथ याद किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा प्राप्त कर देश की तरक्की में अपना योगदान देने का आह्वान किया। सेमिनार में राजू बग्गा, अजय अवस्थी, ने संबोधित किया

कार्यक्रम की अध्यक्षता काजी-ए-शहर सैय्यद सैफ हसन ने की। उन्होंने कहा कि आजादी की हिफाजत करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। देश की तरक्की के लिए आपसी भाईचारा, सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने बुजुर्गों की कुर्बानियों से प्रेरणा लेकर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की अपील की। इस मौके पर इज़हार हसन, जहूर अहमद, कामरान हुसैन, मोहम्मद जाहिद, साजिद अली, शारिक अली खान, मोइन खान, मोहम्मद जाहिद, रिज़वान अहमद, मुख़्तार अहमद, अब्दुल कादिर, शारिक अली, हैदर अली, आदि मौजूद थे।

# वैष्णो देवी दर्शन कर जौनपुर लौट रही डीसीएम अनियंत्रित हो पलटी

- आधा दर्जन श्रद्धालु मामूली रूप से हुए चोटिल
- तिलहर के भक्सी तिराहे पर हुआ हादसा



**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**

वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी एक डीसीएम हाइवे पर बाइक को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गई। डीसीएम पलटते ही चीख पुकार सुन राहगीर दौड़ पड़े। और अनब फानन में डीसीएम को सीधा कराया। हादसे में घायल हुए छह लोगों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। डीसीएम में छह महिलाएं समेत कुल 17 लोग सवार थे। जानकारी के मुताबिक जौनपुर व गाजीपुर से एक सप्ताह पूर्व एक डीसीएम से श्रद्धालु तीर्थ यात्रा पर निकले थे। सर्व प्रथम श्रद्धालुओं ने हरिद्वार में गंगा स्नान कर शिवजी का जलाभिषेक किया। इसके बाद सभी ने जम्मू पहुंचकर माता वैष्णोदेवी के दर्शन किए। तदोपरांत लौटने के दौरान रविवार दोपहर करीब 12 बजे तिलहर में हाइवे स्थित भक्सी तिराहे के समीप डीसीएम के आगे बाइक को बचाने में डीसीएम अनियंत्रित हो हाइवे पर ही पलट गई। चीख पुकार सुन कर राहगीरों ने स्थानीय लोगों को मदद से आनन फानन में डीसीएम को सीधा कराकर घायल छह लोगों को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। जहां इलाज के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। घायलों में जिगर गुप्ता पुत्र गुड्डू, वैभव साहू पुत्र किशनू साहू, अजय साहू पुत्र सोनू, शमिलेर यादव पुत्र सीताराम यादव, प्यारेलाल पुत्र मोरध्वज, अंजल पुत्र विष्णु शामिल हैं। हादसे में डीसीएम का चक्का टूट जाने के चलते देर शाम तक सभी श्रद्धालु गाड़ी दुरुस्त होने का इंतजार कर रहे है। समाचार भेजे जाने तक श्रद्धालु गंतव्य को रवाना नहीं हो सके थे।

# नबियापुर कांड के आरोपी पिता व तीन बेटे भेजे गए जेल

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**



चर्चित नबियापुर कांड के नामजद पांच में से चार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि बीती पांच अगस्त को कोतवाली क्षेत्र के विरसिंग पुर चौकी के गांव नबियापुर निवासी बाइक मैकेनिक उमेश कुमार पुत्र रघुवीर प्रसाद 25 का गांव के बाहर एक पेड़ पर शव लटका मिला था। उक्त मामले में मृतक के भाई सर्वेश ने गांव के ही राममूर्ति पुत्र भूपराम व राममूर्ति के बेटे अशोक कुमार , सत्यभान , प्रेमचंद व देवेंद्र द्वारा उसके भाई पर पैनल चोरी का आरोप लगाया और बाद में उमेश की हत्या कर शव पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं पोस्टमार्टम में हैंगिंग की रिपोर्ट आने पर मुकदमे में धाराये तरमीम कर आरोपी अशोक के अलावा अन्य चार को पुलिस ने हिरासत में लिया था जिन्हें रविवार को सीएचसी से मेडिकल से मेडिकल कराकर कोर्ट में पेश किया गया जहां से चारों को जेल भेज दिया गया।

**कथा वाचक है आरोपी प्रेमचंद और सत्यभान है झोला छाप डॉक्टर:** चर्चित नबियापुर उमेश मौत मामले का आरोपी प्रेमचंद पुत्र राममूर्ति पिछले पांच छह साल से कथा वाचक है दूर दराज क्षेत्रों में कथा सुनाने काम करता है। जबकि राममूर्ति का बेटा सत्यभान विरसिंग पुर में झोला छाप डॉक्टरी की दुकान चलाता है उसने बताया वह हरपला कॉलेज से डी फार्मा डिप्लोमा की पढ़ाई कर रहा है। जबकि अशोक व देवेंद्र पिता राम मूर्ति के साथ काश्तकारी में हाथ बटाते हैं।

## युवक बिरादरी की स्थापना दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित



**शाहजहांपुर।** युवक बिरादरी द्वारा युवक बिरादरी स्थापना दिवस के अवसर पर ए.बी. रिच इण्टर कॉलेज मिशन स्कूल में जूनियर एवं सीनियर वर्ग की निःशुल्क क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के करीब 200 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बाद विजयी छात्र-छात्राओं को संस्था के पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के ज्ञान को बढ़ाने के साथ उनमें आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। प्रांतीय संचालक डॉ. इंदु अजनबी ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ सामान्य ज्ञान और देश के प्रति जागरूक होना भी आवश्यक है। संस्था के सचिव डॉ. मयंक भूषण पांडे ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, इससे उनके ज्ञान और व्यक्तित्व का विकास होता है। संस्था के महासचिव डॉ. पुनीत मनीषी ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देश के प्रति जागरूकता बढ़ाना ज्ञानवर्धन करना तथा शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करना है। उन्होंने विजयी बच्चों को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जूनियर वर्ग में ए.बी. रिच इण्टर कॉलेज की स्वाति गौतम, प्रियांशी आर्य एवं प्रियम केथट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में जी.एफ. कॉलेज की अलकमा ने प्रथम, मनीषी ताइकांडो की खुशबू ने द्वितीय तथा जी.एफ. कॉलेज की शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सहयोग संस्था की अध्यक्ष स्तुति गुप्ता सहित मोहित कंचन, गुंजन तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग की फोटो के साथ अश्लील भाषा वायरल की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** पीड़ित मां ने नाबालिग बेटी के फोटो के साथ अश्लील भाषा का इंस्टा पर वायरल किए जाने का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खियाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र की ग्रामीण महिला ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि गांव बरहा मोहब्बतपुर निवासी अमित कुमार पुत्र बाबूराम निगोही की मीना , अनिल व बंटू की सह पर उसकी नाबालिग बेटी के फोटो के साथ सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम व अन्य प्लेटफार्म पर अश्लील भाषा वायरल कर समाज में बेटी व उसके परिवार इज्जत से खिलवाड़ कर रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

### जमीन विवाद में ताबड़तोड़ फायरिंग, मचा हड़कंप

**सीतापुर।** महोली कोतवाली क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर फायरिंग का मामला सामने आया है। अढ़ौरी बाईपास मोड़ के पास एक महिला के घर पर करीब 20-25 राउंड फायरिंग किए जाने का आरोप है। महिला का आरोप है कि 24-25 हथियारबंद लोग मौके पर पहुंचे और उसे घर से बाहर खींचकर हत्या की धमकी दी। महिला ने एक आईपीएस अधिकारी के पिता पर भी गोली चलवाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विवादित जमीन पर कब्जा करने की कोशिश को लेकर यह घटना हुई। NH-30 किनारे गाजीपुर बाजार के पास हुई फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से कई खोखे बरामद किए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर पुलिस आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटा रही है। हालांकि, फायरिंग और लगाए गए आरोपों की पुलिस स्तर से जांच की जा रही है।

### नशे की खेप ले जाने में इस्तेमाल हो रही कार बरामद




**लखीमपुरखीरी।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पलिया पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया है कि पलिया थाना क्षेत्र के माहीगिरान और थारूपुरुवा के तमाम गलियारों में इन स्मैकियों का कारोबार बड़ी तेजी से चल रहा था इनके गैर कानूनी धंधे में दर्जनों बड़े स्मैकियों का कुनबा सामिल है अगर इनकी फोन डिटेल निकाल कर खंगाली जाएं तो पलिया के नामचीन चेहरे व बड़े माफिया सामने आ जाएंगे। सूत्र मुख़बिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मुंजहा हवाई पट्टी रोड स्थित पुल के पास कार्रवाई करते हुए दो कथित स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 150 ग्राम ब्राउन शुगर तथा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक टोयोटा इटिओस कार बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अरसल पुत्र शब्बीर, निवासी मोहल्ला माहीगिरान प्रथम, पलिया नगर के पास से 100 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है। वहीं दूसरे आरोपी विक्की साफी पुत्र विष्णु साफी, वर्तमान निवासी थारूपुरवा, पटिहन रोड, पलिया तथा मूल निवासी बिहार के कब्जे से 50 ग्राम ब्राउन शुगर मिली है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से ब्राउन शुगर के कथित आयात-निर्यात में प्रयुक्त सिल्वर रंग की टोयोटा इटिओस कार, नंबर यूपी 14 सीके 4003, को भी बरामद कर लिया है।

## पंकज गुप्ता ने दिया प्रदेश सचिव पद से त्यागपत्र


**तिलहर-शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव पंकज गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ला को अपने पद से त्यागपत्र भेजा है। श्री गुप्ता ने भेजे त्यागपत्र में एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री हरी किशोर गुप्ता द्वारा संचालित की जा रही ऐसी गतिविधियों एवं कार्यप्रणाली के कारण संगठन की एकता एवं कार्यप्रणाली के प्रतिकूल करार दिया है। श्री गुप्ता का आरोप है कि राइस मिलर्स के साथ उचित एवं सम्मानजनक व्यवहार नहीं हो पा रहा है। ऐसी परिस्थितियों में उनके लिए उक्त पद पर बने रहना उचित नहीं है। उन्होंने प्रदेश सचिव के पद के दायित्वों से मुक्त करने की बात कही है।

# गुरुद्वारा व जिला अस्पताल रोड पर नजूल की दुकानों पर कार्रवाई क्यों नहीं?

**रुस्तम मिश्रा**

**सीतापुर।** शहर की गुरुद्वारा रोड स्थित तामसेनगंज मोहल्ले में नजूल भूमि पर हाल में बने व्यावसायिक निर्माणों को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। सड़क किनारे सानिया होजरी, फैंसी सूट एम्पोरियम, दीपक चिरानिया रेडीमेड, चतुर्वेदी ट्रांसपोर्ट और मेसर्स सरन एम्पोरियम जैसी बिल्डिंगों व दुकानों के निर्माण को लेकर नजूल भूमि पर कब्जे और निर्माण की स्थिति स्पष्ट किए जाने की जरूरत है।







**नोटिस के बाद भी नहीं रुका था निर्माण:** तामसेनगंज में नजूल भूमि पर बेसमेंट व भूतल के निर्माण के मामले में नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र/नगर मजिस्ट्रेट की ओर से तुफैल अहमद को 28 मार्च 2022 को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस 5 अप्रैल 2022 को प्राप्त होने के बाद भी जवाब नहीं दिया गया था। इसके बावजूद प्रथम और द्वितीय तल का निर्माण कर लिया गया। मामले में अगस्त 2024 में दोबारा नोटिस जारी कर समुचित जवाब न मिलने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की चेतावनी दी गई, लेकिन कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी।

**दूसरे मामले में भी नोटिस, कार्रवाई अभी भी लंबित:** लालबाग चौराहे से जिला अस्पताल रोड पर नजूल भूमि पर अधोतल, भूतल और प्रथम तल के निर्माण के मामले में दिनेश चतुर्वेदी व मेसर्स सरन ट्रांसपोर्ट के विरुद्ध 21 मार्च 2022 को आरबी एक्ट 1958 की धारा 10 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। अगस्त 2024 तक जवाब न मिलने पर पुनः नोटिस जारी किया गया था ।लेकिन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं हुई।

**नोटिस पर नोटिस, फिर भी खड़ी हो गई इमारतें:** नजूल भूमि पर अवैध निर्माण के मामलों में वर्षों पहले नोटिस जारी होने के बावजूद कार्रवाई धरातल पर नहीं उतर सकी। वहीं इसी क्षेत्र में नए व्यावसायिक निर्माण सामने आते जा रहे हैं। सवाल यह है कि जब नजूल भूमि पर निर्माण को लेकर वर्ष 2022 में ही नोटिस जारी हो चुका था, तो निर्माण रोकने और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अब तक क्यों नहीं हुई? नजूल भूमि की जांच, निर्माण की अनुमति और वर्तमान स्थिति को लेकर संबंधित विभागों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। अब देखना यह है कि प्रशासन इन पुराने प्रकरणों में कार्रवाई करता है या नजूल भूमि पर नोटिस जारी होने का सिलसिला यूं ही चलता रहेगा।

# भाजपा सरकार पर अजय राय का हमला, राम मंदिर के चंदे को लेकर लगाए गंभीर आरोप

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**



महमूदाबाद विधानसभा क्षेत्र में रविवार को कांग्रेस की ओर से आयोजित 'संविधान बचाओ संवाद' कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम में सीतापुर सांसद राकेश राठौर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। अजय राय ने कहा कि भाजपा राम मंदिर के नाम पर सत्ता में आई, लेकिन अब राम मंदिर के चंदे की चोरी करने वालों का साथ देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के नाम पर छोटे लोगों को फंसाया जा रहा है। यदि कार्रवाई करनी है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। अजय राय ने कहा कि युवाओं को नौकरी देने के बजाय लाठियां मिल रही हैं। उन्होंने रोजगार और युवाओं के भविष्य पर सरकार से जवाब मांगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोगों से एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक के अधिकार, सम्मान और समानता की गारंटी देता है और इसकी रक्षा करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में राहुल गांधी के समर्थन में भी आवाज उठाई गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि युवाओं, किसानों, महिलाओं, मजदूरों और वंचित वर्गों के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए संगठन को मजबूत किया जाएगा। इस दौरान मो. इरफान मंसूरी, जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी, रोशनी गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अनुपम राठौर, डॉ. ब्रज बिहारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिवभक्तों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क स्टीमर-मोटरबोट के साथ पीएसी तैनात

**समृद्धि न्यूज, धौरहरा लखीमपुर खीरी।**



श्रावण मास में ऐतिहासिक शिव मंदिर जालिमनगर पुल के समीप घाघरा नदी तट पर लगने वाले श्रावण मेले और कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में पहुंच रहे शिवभक्तों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।नदी में किसी भी संभावित हादसे से निपटने के लिए द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर के बी दल बाढ़ राहत दल को विशेष रूप से तैनात किया गया है।

राहत दल के जवान अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों, स्टीमर और मोटरबोट के साथ लगातार नदी तट पर निगरानी कर रहे हैं।प्रभारी प्लाटून कमांडर जयवीर सिंह के नेतृत्व में पीएसी के जवान स्थानीय गोताखोरों के साथ नदी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान जालिमनगर स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नदी के आसपास विशेष सतर्कता बरती जा रही है।बाढ़ राहत दल के जवान किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।स्टीमर और मोटरबोट को आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के साथ तैयार रखा गया है।ताकि नदी में किसी श्रद्धालु के फंसने या अन्य आपात स्थिति की सूचना मिलते ही तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया जा सके।स्थानीय गोताखोरों को भी टीम के साथ समन्वय बनाकर रखने के निर्देश दिए गए हैं। श्रावण मेले और कांवड़ यात्रा के दौरान घाघरा नदी तट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पीएसी जवान लगातार निगरानी कर रहे हैं।नदी की तेज धारा और जलस्तर को देखते हुए श्रद्धालुओं को भी सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।प्रभारी प्लाटून कमांडर जयवीर सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाढ़ राहत दल के जवान आवश्यक संसाधनों के साथ मौके पर पूरी तरह मुस्तैद हैं और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

# खमरिया पुल पर शिवभक्ति का उमड़ा सैलाब 'श्री परम अक्रियधाम' में गूंजा हर-हर महादेव

- कांवड़ियों और शिवभक्तों का स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने किया स्वागत

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



पवित्र श्रावण मास में खमरिया पुल स्थित श्री परम अक्रियधाम मंगलवार को आस्था और भक्ति का केंद्र बना रहा। दूर-दराज के क्षेत्रों से कांवड़ लेकर पहुंचे शिवभक्तों के जयकारों से पूरा परिसर शिवमय नजर आया। हर ओर हर-हर महादेव, बम-बम भोले के उद्घोष गूंजते रहे और श्रद्धालुओं में भगवान शिव की भक्ति को लेकर गजब का उत्साह दिखाई दिया। अक्रियधाम पहुंचे कांवड़ियों और शिवभक्तों का महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने आत्मीयता के साथ स्वागत-सत्कार किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनकी यात्रा की जानकारी ली और बाबा भोलेनाथ से सभी कांवड़ियों की यात्रा सुखद, सुरक्षित और मंगलमय होने की कामना की। आश्रम परिसर में विराजमान बाबा अलखेश्वर नाथ महादेव और सिद्धबाबा स्थल पर पहुंचकर कांवड़ियों एवं शिवभक्तों ने पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ जलाभिषेक किया। गंगाजल अर्पित करते समय श्रद्धालुओं के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से परिवार, समाज और जनपद में सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की।

## अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**सीतापुर।** कोतवाली नगर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो हिस्ट्रीशीटर इमरान उर्फ कालिया और निसार निवासी डेयोडी डीह, तंबौर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 315 बोर के तीन तमंचे, 12 बोर के चार तमंचे, एक अद्धी, अर्धनिर्मित तमंचा, 10 कारतूस, कूटरचित नंबर प्लेट लगी बाइक और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक इमरान के खिलाफ कई जिलों में करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। मामले में मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## मैगलगंज में दस वर्षों से नहीं तैनात हुआ सफाई कर्मचारी

**लखीमपुरखीरी।** स्वच्छ भारत मिशन और साफ-सफाई के सरकारी दावों के बीच मैगलगंज कस्बे की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले लगभग दस वर्षों से क्षेत्र में नियमित सफाई कर्मचारी की तैनाती नहीं की गई है, जिसके चलते कस्बे के मुख्य मार्गों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। कस्बे की नालियां कूड़े और सिल्ट से भरी पड़ी हैं, जिससे बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या और गंभीर हो जाती है। जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेरों से दुर्गंध फैल रही है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों को शिकायतें दी गईं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों और व्यापारियों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे चल रही है। बाजार क्षेत्र, सार्वजनिक स्थलों और आवासीय इलाकों में नियमित सफाई न होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का



कहना है कि जब सरकार स्वच्छता अभियान पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, तब मैगलगंज जैसे क्षेत्र बुनियादी सफाई व्यवस्था से क्यों वंचित हैं? क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मैगलगंज में तत्काल सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए, नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब मांगा जाए कि आखिर एक दशक से क्षेत्र सफाई कर्मियों के बिना कैसे चल रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि यदि वास्तव में दस वर्षों से सफाई कर्मचारी तैनात नहीं हैं, तो सफाई व्यवस्था के नाम पर मिलने वाले संसाधनों और बजट का उपयोग कहां हो रहा है? क्या संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर कोई ठोस कदम उठाएगा या फिर मैगलगंज के लोग इसी तरह गंदगी के बीच रहने को मजबूर रहेंगे।

# सात दिनों से लापता ई-रिक्शा चालक का नर कंकाल बरामद

**समृद्धि न्यूज लखीमपुर खीरी।**




- पुलिस लापरवाही के खिलाफ धरने के बाद हुआ हत्याकांड का खुलासा

लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र से लापता हुए ऑटो चालक विनीत कुमार की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। थाना प्रभारी निराला तिवारी के नेतृत्व में फरधान पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने दो किशोर आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर अमानलता पुल के पास नहर किनारे झाड़ियों से विनीत का शव बरामद किया गया।पुलिस के मुताबिक, सूरजसराय निवासी विनीत कुमार (31) 3 अगस्त की सुबह ऑटो लेकर सवारी के लिए घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ था। परिजनों ने तलाश करने के बाद पुलिस को सूचना दी। इसके बाद फरधान पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की।थाना प्रभारी निराला तिवारी ने टीम के साथ विनीत की तलाश में संभावित स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही सर्विलांस और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जांच के दौरान पुलिस को दो किशोरों के बारे में अहम जानकारी मिली। पूछताछ में दोनों ने विनीत की हत्या करने की बात स्वीकार की।पुलिस के अनुसार, दोनों ने गला दबाकर विनीत की हत्या की और शव को नहर किनारे झाड़ियों में फेंक दिया था। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने अमानलता पुल के पास नहर किनारे झाड़ियों से शव बरामद कर लिया।पुलिस ने मामले में देवरिया गांव निवासी अभिषेक (करीब 17 वर्ष) और अवनीश (करीब 15 वर्ष) को पकड़ा है। दोनों बाल अपचारी हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा तथा मृतक के ई-रिक्शा की बैटरी भी बरामद की है। मामले में मुकदमे में धारा 140(3), 103(1) और 238 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। इस खुलासे में थाना प्रभारी निराला तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। टीम में उपनिरीक्षक राजबहादुर, उपनिरीक्षक आकाश भाटी, हेड कांस्टेबल कृष्णानंद, कांस्टेबल सतेंद्र कुमार, दीपक कुमार, विकास कुमार, गजराज कुमार, एसओजी प्रभारी एसआई जय प्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल मनीष यादव सहित एसओजी व सर्विलांस टीम शामिल रही। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय स्तर पर जुटाई गई जानकारी और मुखबिर तंत्र के आधार पर मामले की कड़ियां जोड़ते हुए लापता ऑटो चालक की हत्या का खुलासा किया।

# खमरिया पुल के कांवड़ शिविर में पहुंचे डीएम, परखी श्रद्धालुओं की सुविधाएं

- डीएम ने सुरक्षा, स्वास्थ्य व आवागमन व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहा है। रविवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने खमरिया पुल स्थित कांवड़थी सेवा दल की ओर से लगाए गए जलपान एवं भंडारा शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं को परखा तथा यात्रा मार्ग की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं, पेयजल और आवागमन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और सेवा शिविर में आने वाले कांवड़ियों को आवश्यक सुविधाएं सहजता से उपलब्ध होती रहें।

स्थलीय निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भंडारा स्थल पर पहुंचे और वहीं बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। जिलाधिकारी के सहज व्यवहार से शिविर में मौजूद सेवादारों और श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। उन्होंने कांवड़ियों की सेवा में जुटे आयोजकों और स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए सेवा कार्य को महत्वपूर्ण बताया। कांवड़थी सेवा दल की ओर से शिविर में दूर-दराज से आने वाले कांवड़ियों के लिए जलपान और भंडारे की व्यवस्था की जा रही है। सेवा दल के सदस्य श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटे हैं। इस अवसर पर कांवड़थी सेवा दल के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने जिलाधिकारी को शिविर में कांवड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

जिलाधिकारी के निरीक्षण से यह स्पष्ट है कि कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी कर रहा है,

## 12 को फिर लगेगा स्वास्थ्य सेवा का शिविर

- जरूरतमंदों को मिलेगा निःशुल्क इलाज और सुविधाओं का सहारा
- मोतियाबिंद के ऑपरेशन से लेकर हृदय, दांत और घुटनों की जांच तक

**पीलीभीत।** जरूरतमंदों के लिए स्वास्थ्य सेवा की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए निशक्त जन सेवा संस्थान की ओर से एक बार फिर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। प्रत्येक माह की 12 तारीख को आयोजित होने वाला यह शिविर 12 अगस्त 2026 को पूरनपुर रोड स्थित अंकुर राइस मिल में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक लगेगा। शिविर में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली के विशेषज्ञ चिकित्सक विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें उपचार संबंधी परामर्श देंगे।शिविर में मोतियाबिंद, हृदय रोग और दांतों से संबंधित मरीजों की जांच की जाएगी। जांच में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर मरीजों का रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली में निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। वहीं हृदय रोगियों तथा घुटने और पैरों के दर्द से परेशान लोगों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।इस बार शिविर में बुजुर्गों के लिए भी विशेष सुविधा रहेगी। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे, जिससे उन्हें सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने में आसानी हो सके।

## महिला आरक्षण पर हलचल तेज

महिला आरक्षण से जुड़े परिसीमन विधेयक को लेकर राजनीतिक हलचल तेज होती दिखाई दे रही है। शिरोमणि अकाली दल का इस विधेयक के समर्थन में आना केवल एक दल के रुख में बदलाव नहीं है, बल्कि इसके व्यापक राजनीतिक संकेत भी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल की मुलाकात के बाद पार्टी का विधेयक के समर्थन में आना यह संकेत देता है कि केंद्र सरकार इसे जल्द पारित कराने के लिए राजनीतिक सहमति बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। हालांकि लोकसभा में अकाली दल का प्रतिनिधित्व सीमित है, लेकिन उसका समर्थन संसद में इस विषय पर माहौल बनाने में महत्वपूर्ण हो सकता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि बजट सत्र के दौरान अकाली दल ने परिसीमन विधेयक का विरोध किया था। अब उसका रुख बदलना बताता है कि राजनीतिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। यदि एक दल अपने पुराने रुख पर पुनर्विचार कर सकता है तो दूसरे दलों के लिए भी अपने रुख में बदलाव की गुंजाइश बनती है। सरकार के लिए यह अवसर है कि वह महिला आरक्षण को दलगत राजनीति से ऊपर उठाकर व्यापक सहमति का विषय बनाए। महिला आरक्षण का मूल उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देना है। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पिछले दशकों में बढ़ी जरूर है, लेकिन अभी भी उनकी संख्या समाज में उनकी वास्तविक हिस्सेदारी की तुलना में कम है। स्थानीय निकायों में आरक्षण ने यह साबित किया है कि अवसर मिलने पर महिलाएं राजनीतिक और प्रशासनिक निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं। संसद और विधानसभाओं में भी महिलाओं की संख्या बढ़ाना लोकतंत्र को अधिक प्रतिनिधिमूलक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। लेकिन महिला आरक्षण को लागू करने की प्रक्रिया परिसीमन से जुड़ी हुई है। इसलिए परिसीमन विधेयक का पारित होना केवल सीटों के पुनर्निर्धारण का विषय नहीं, बल्कि महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने की पूरी व्यवस्था का आधार बन सकता है। यदि सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो परिसीमन की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना होगा। इसमें देरी का सीधा असर आरक्षण लागू होने की समयसीमा पर पड़ सकता है। हालांकि परिसीमन को लेकर दक्षिणी राज्यों की चिंताओं को नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है, उन्हें आशंका है कि भविष्य में जनसंख्या के आधार पर लोकसभा सीटों का पुनर्निर्धारण होने पर उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी प्रभावित हो सकती है। यह चिंता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि संघीय व्यवस्था से जुड़ा गंभीर प्रश्न भी है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। सरकार की ओर से सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में करीब 50 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव सामने आने से इस चिंता को कुछ हद तक दूर करने की कोशिश दिखाई देती है। यदि सीटों की कुल संख्या बढ़ती है और वर्तमान राज्यों की हिस्सेदारी को संतुलित रखने के उपाय किए जाते हैं तो परिसीमन के संभावित राजनीतिक प्रभाव को कम किया जा सकता है। लेकिन इस संबंध में सरकार को विस्तृत और स्पष्ट खाका सार्वजनिक करना चाहिए, ताकि राज्यों की आशंकाओं का समाधान हो सके।

परिसीमन की प्रक्रिया केवल राजनीतिक सुविधा के आधार पर नहीं होनी चाहिए। इसमें पारदर्शिता, संवैधानिक मर्यादा और राज्यों के हितों का ध्यान रखना जरूरी है। सत्ता पक्ष को यह समझना होगा कि विपक्ष की हर आपत्ति को राजनीति मानकर खारिज करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उसी तरह विपक्ष को भी केवल विरोध के लिए विरोध करने से बचना चाहिए। यदि किसी प्रस्ताव में वास्तविक खामी है तो उसका स्पष्ट विकल्प सामने रखा जाना चाहिए। महिला आरक्षण का मुद्दा राजनीतिक दलों के लिए अवसर भी है और परीक्षा भी। अवसर इसलिए कि इसके माध्यम से वे महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत कर सकते हैं और परीक्षा इसलिए कि आरक्षण लागू होने के बाद राजनीतिक दलों को टिकट वितरण की अपनी परंपरागत व्यवस्था में भी बदलाव करना होगा। लंबे समय से राजनीतिक दलों में महिलाओं को टिकट देने की बात होती रही है, लेकिन चुनावी राजनीति में उनका प्रतिनिधित्व अपेक्षाकृत कम रहा है। आरक्षण लागू होने पर दलों को महिला नेतृत्व को तैयार करने, प्रशिक्षण देने और संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने पर भी ध्यान देना होगा।

महिला आरक्षण को केवल सीटों के आरक्षण तक सीमित रखना भी उचित नहीं होगा। राजनीति में महिलाओं की वास्तविक भागीदारी तभी मजबूत होगी, जब उन्हें निर्णय लेने की स्वतंत्रता, संगठनात्मक जिम्मेदारी और राजनीतिक नेतृत्व के अवसर भी मिलें। महिला उम्मीदवारों को केवल आरक्षित सीटों पर चुनाव लड़ाने के बजाय सामान्य सीटों पर भी पर्याप्त अवसर देना राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी होनी चाहिए। इस पूरे मुद्दे में एक और महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि महिला आरक्षण को किसी राजनीतिक दल की उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय लोकतांत्रिक सुधार के रूप में देखा जाए।

### दो टूक




# भारत-पाक युद्ध में क्या तुर्किये-सऊदी उतरेंगे?


नीरज कुमार दुबे



मक्का में पाकिस्तान, तुर्किये और सऊदी अरब के बीच हुए रक्षा समझौते ने पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया तक नई रणनीतिक बहस छेड़ दी है। समझौते में यह प्रावधान खास तौर पर महत्वपूर्ण है कि तीनों में से किसी एक देश पर हमला तीनों पर हमला माना जाएगा। पहली नजर में यह सामान्य रक्षा सहयोग से आगे बढ़कर सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था की ओर कदम दिखाई देता है। इसी वजह से इसे लेकर 'सुन्नी नाटो' जैसी उपमाएं भी सामने आने लगी हैं। हालांकि अभी इस समझौते को औपचारिक रूप से किसी नए नाटो की शुरुआत कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन इतना स्पष्ट है कि इसके पीछे तीनों देशों के अपने-अपने रणनीतिक हित हैं।

सबसे बड़ा सवाल भारत के लिए यह है कि यदि भविष्य में भारत और पाकिस्तान के बीच फिर सैन्य संघर्ष होता है तो क्या तुर्किये और सऊदी अरब पाकिस्तान की ओर से भारत के खिलाफ सीधे युद्ध में उतरेंगे? इस सवाल का सीधा उत्तर फिलहाल नहीं दिया जा सकता। समझौते की सार्वजनिक भाषा और तीनों देशों के पिछले व्यवहार को देखें तो तुर्किये और सऊदी अरब की संभावित भूमिका एक जैसी नहीं होगी। भारत के लिए चिंता का विषय यह जरूर है कि पाकिस्तान को इस समझौते के बाद अतिरिक्त सैन्य, तकनीकी, आर्थिक और रणनीतिक समर्थन मिल सकता है।

मक्का में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन की मौजूदगी में हुआ यह समझौता ऐसे समय में सामने आया है, जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने खाड़ी क्षेत्र की सुरक्षा को गंभीर चुनौती दी है। सऊदी अरब को मिसाइल और ड्रोन हमलों का खतरा है, पाकिस्तान अपनी क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और तुर्किये पश्चिम एशिया में अपनी भूमिका को लगातार विस्तार देने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में तीनों देशों का एक-दूसरे के करीब आना स्वाभाविक भी है।

सऊदी अरब की प्राथमिकता सुरक्षा है। दशकों तक रियाद ने अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था पर भरोसा किया, लेकिन बदलती वैश्विक राजनीति में सऊदी नेतृत्व अब अपनी सुरक्षा के लिए किसी एक बाहरी शक्ति पर निर्भर नहीं रहना चाहता। ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमता तथा उसके सहयोगी संगठनों की गतिविधियों ने इस चिंता को और बढ़ाया है। सऊदी अरब इसलिए अपनी सुरक्षा साझेदारियों का दायरा बढ़ा रहा है। पाकिस्तान इस लिहाज से उसके लिए पुराना और भरोसेमंद सैन्य साझेदार है।

पाकिस्तान और सऊदी अरब के सैन्य संबंध नए नहीं हैं। पाकिस्तानी सैनिक लंबे समय से सऊदी सुरक्षा बलों को प्रशिक्षण देते रहे हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग का एक लंबा इतिहास है। सऊदी अरब के लिए पाकिस्तान की सैन्य क्षमता उपयोगी है, जबकि पाकिस्तान के लिए सऊदी अरब आर्थिक और कूटनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। आर्थिक संकट से गुजर रहे पाकिस्तान को सऊदी निवेश और वित्तीय सहयोग की आवश्यकता है। यही कारण है कि इस समझौते में पाकिस्तान की रुचि केवल सैन्य नहीं, बल्कि आर्थिक और रणनीतिक भी है।

तुर्किये का हित कुछ अलग है। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन लंबे समय से तुर्किये को केवल नाटो का सदस्य नहीं, बल्कि मुस्लिम दुनिया की स्वतंत्र और प्रभावशाली शक्ति के रूप में स्थापित करने की कोशिश करते रहे हैं। तुर्किये का रक्षा उद्योग तेजी से मजबूत हुआ है। ड्रोन तकनीक, मिसाइल, युद्धपोत और अन्य सैन्य प्रणालियों के क्षेत्र में उसने अपनी क्षमता विकसित की है। पाकिस्तान के साथ भी तुर्किये का रक्षा सहयोग लगातार बढ़ा है। इसलिए मक्का समझौता अंकारा के लिए पश्चिम एशिया में अपने प्रभाव को बढ़ाने का एक और माध्यम हो सकता है।

अब सवाल है कि यह गठबंधन आखिर किसके खिलाफ है? तीनों देशों ने इसे किसी विशेष देश के खिलाफ सैन्य गठबंधन नहीं बताया है। तुर्किये की ओर से इसे रक्षात्मक समझौता कहा गया है। दस्तावेज की भाषा भी किसी देश का नाम लेकर उसे निशाना नहीं बनाती। लेकिन अंतरराष्ट्रीय राजनीति में केवल समझौते के शब्द नहीं, बल्कि उसका समय और परिस्थितियां भी महत्वपूर्ण होती हैं। इस समय ईरान और सऊदी अरब के बीच तनाव, इजरायल और ईरान का संघर्ष तथा खाड़ी क्षेत्र में मिसाइल और ड्रोन हमलों का खतरा इस समझौते को अलग अर्थ देता है।

ईरान के लिए यह समझौता निश्चित रूप से चिंता का विषय हो सकता है। तेहरान ने लंबे समय से क्षेत्र में अपने प्रभाव के लिए सहयोगी संगठनों और प्रॉक्सी नेटवर्क का इस्तेमाल किया है। यदि सऊदी अरब को पाकिस्तान की सैन्य क्षमता और तुर्किये की रक्षा तकनीक का अधिक व्यवस्थित समर्थन मिलता है तो पश्चिम एशिया का शक्ति संतुलन प्रभावित हो सकता है। हालांकि इसे सीधे ईरान विरोधी सैन्य गठबंधन कहना अभी उचित नहीं होगा।

इस समझौते का संदेश इजरायल और अमेरिका के लिए भी महत्वपूर्ण है। सऊदी अरब और तुर्किये दोनों अमेरिका के महत्वपूर्ण साझेदार रहे हैं, लेकिन दोनों अपनी स्वतंत्र रणनीतिक क्षमता भी बढ़ाना चाहते हैं। यदि क्षेत्रीय देश अपनी सुरक्षा के लिए अलग ढांचा खड़ा करने लगते हैं तो यह अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था पर बढ़ती निर्भरता के संकेत के बजाय रणनीतिक स्वायत्तता की ओर कदम हो सकता है। यहीं से 'सुन्नी नाटो' की चर्चा शुरू होती है। लेकिन इस उपमा को लेकर सावधानी जरूरी है। नाटो के पास स्पष्ट संस्थागत ढांचा, संयुक्त कमान, सैन्य योजनाएं और दशकों पुरानी सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था है। मक्का समझौता अभी उस स्तर पर नहीं पहुंचा है। यदि भविष्य में इसमें दूसरे देश शामिल होते हैं, संयुक्त सैन्य अभ्यास होते हैं, खुफिया साझेदारी बढ़ती है और सामूहिक रक्षा का प्रावधान व्यवहार में लागू होता है, तभी इसे किसी बड़े क्षेत्रीय सुरक्षा गठबंधन की दिशा में बढ़ता कदम माना जा सकेगा।

भारत के लिए इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू पाकिस्तान है। भारत और पाकिस्तान के बीच भविष्य में सैन्य संघर्ष की स्थिति में तुर्किये का रुख पहले से ही भारत के लिए चिंता का विषय रहा है। अंकारा ने अतीत में पाकिस्तान के प्रति राजनीतिक और कूटनीतिक समर्थन व्यक्त किया है। इसलिए यह संभावना अधिक है कि किसी भारत-पाक संघर्ष में तुर्किये पाकिस्तान को राजनीतिक समर्थन के साथ सैन्य उपकरण, ड्रोन, तकनीक, खुफिया सहयोग या अन्य सहायता उपलब्ध करा सकता है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि तुर्किये स्वतः भारतीय सेना के खिलाफ युद्ध में उतर जाएगा।

सऊदी अरब की स्थिति इससे अलग है। पाकिस्तान के साथ उसके गहरे सैन्य संबंध हैं, लेकिन भारत भी रियाद के लिए महत्वपूर्ण साझेदार है। भारत और सऊदी अरब के बीच ऊर्जा, व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग लगातार बढ़ा है। भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था और खाड़ी क्षेत्र में भारतीय समुदाय की मौजूदगी भी सऊदी अरब के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में भारत-पाकिस्तान युद्ध की स्थिति में सऊदी अरब के लिए सीधे भारत के खिलाफ युद्ध में उतरना बहुत कठिन फैसला होगा।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# विदेशी फंडिंग को लेकर फिर सवाल!

विनोद बंसल

भारत में विदेशी धन के प्रवेश और उसके उपयोग को लेकर बहस नई नहीं है। लंबे समय से विदेशी सहायता से चलने वाले अनेक संगठन देश में शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा राहत, सामाजिक सेवा, धार्मिक गतिविधियों और शोध जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य करते रहे हैं। ऐसे सभी वैध और पारदर्शी कार्यों का स्वागत होना चाहिए लेकिन प्रश्न तब उठता है जब विदेशी धन का प्रयोग घोषित उद्देश्यों से हटकर राजनीतिक प्रभाव, सामाजिक अस्थिरता, धर्मांतरण व अवैध गतिविधियों अथवा भारत के राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल कार्यों के लिए होने लगे। इसी मूल चिंता को ध्यान में रखते हुए ही विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम यानि फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट बनाया गया। इसे पहली बार आपातकाल के दौरान वर्ष 1976 में बनाया गया था जिसका मूल उद्देश्य उस समय विदेशी फंडिंग और राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखना था। बाद में साल 2010 में पुराने कानून को बदलकर एक नया और अधिक सख्त एफसीआरए 2010 अधिनियमित किया गया, जो 1 मई 2011 से प्रभावी हुआ। इस विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम का उद्देश्य विदेशी धन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि भारत में आने वाला विदेशी धन पारदर्शी तरीके से प्राप्त हो और उसी उद्देश्य के लिए खर्च हो जिसके लिए उसे अनुमति दी गई है।

प्रस्तावित कानून को संसद के इसी सत्र में सदन में पेश किए जाने की चर्चा आजकल जोरों पर है। विधेयक का एक महत्वपूर्ण प्रावधान उन संस्थाओं की विदेशी धन से बनी संपत्तियों और विदेशी योगदान के संबंध में व्यवस्था तैयार करना है जिनका एफसीआरए प्रमाणपत्र रद्द हो जाता है, संस्था स्वयं उसे वापस कर देती है अथवा उसका नवीनीकरण नहीं होता। इसके लिए एक निर्दिष्ट प्राधिकारीकी व्यवस्था प्रस्तावित है जो ऐसी स्थिति में संपत्तियों के अस्थायी नियंत्रण, उनके प्रबंधन और आगे की व्यवस्था देखेगी। यदि संस्था निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना एफसीआरए पंजीकरण बहाल करा लेती है तो संपत्तियों और अप्रयुक्त विदेशी धन की वापसी का प्रावधान भी है। विधेयक का प्रावधान यह भी कहता है कि यदि इन संपत्तियों में कोई धर्मस्थल आता है तो वहाँ के धार्मिक कार्यकलापों को यथावत जारी रखा जाएगा। विधेयक में एक और महत्वपूर्ण बदलाव दंड व्यवस्था से जुड़ा है। मौजूदा अधिकतम पांच वर्ष की सजा को घटाकर इसे एक वर्ष करने का प्रस्ताव है। साथ ही निर्दिष्ट प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध पुनरीक्षण और न्यायिक अपील का रास्ता भी प्रस्तावित किया गया है। अर्थात इसे केवल विदेशी संस्थाओं पर कार्रवाई के रूप में देखना अधूरा होगा। असल मुद्दा विदेशी धन के साथ जवाबदेही, पारदर्शिता और राष्ट्रीय हित का है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए यह सामान्य बात है कि वह अपने देश में आने वाले विदेशी धन के स्रोत और उपयोग पर निगरानी रखे। भारत अकेला देश नहीं है जो ऐसा करता है। अमेरिका सहित अनेक देशों में विदेशी धन, विदेशी एजेंटों, विदेशी संस्थाओं और राजनीतिक प्रभाव से संबंधित अलग-अलग कानून और व्यवस्थाएं हैं। इसलिए भारत द्वारा अपने यहां विदेशी योगदान के लिए नियमन तय करना किसी धर्म या समुदाय के विरुद्ध कार्रवाई मानना तथ्यात्मक रूप से उचित नहीं है।

इस कानून में संशोधन भी कोई पहली बार नहीं हो रहा। इससे पूर्व वर्ष 1984, 2010, 2016, 2018, 2020 व 2022 में भी इस कानून में विभिन्न पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा संशोधन किए गए। बल्कि वर्ष 2010 में तो इस कानून को पूरी तरह से निरस्त कर एक नया और कठोर कानून बनाया गया था। आंकड़े बताते हैं कि समस्या काल्पनिक नहीं है। गृह मंत्रालय के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2016 से 2020 के बीच ही 6,600 से अधिक गैर सरकारी संस्थाओं के एफसीआरए पंजीकरण रद्द किए गए थे। एक अन्य आँकड़े के अनुसार विदेशी पैसों से चलने वाले कुल 52,156 एनजीओ व संस्थानों में से अभी सिर्फ 14,435 ही सक्रिय हैं। 22,496 के पंजीयन रद्द किए जा चुके हैं तथा 15,225 पूरी तरह से निष्क्रिय हैं। नियमानुसार, पंजीकरण रद्द होने के बाद ऐसी संस्थाएं एफसीआरए के अंतर्गत विदेशी योगदान प्राप्त या उपयोग नहीं कर सकतीं। इसलिए इन सभी संस्थाओं को अपने पंजीयन को नवीनीकृत कराना ही चाहिए।

ग्रीन पीस इंडिया पर 2015 में एफसीआरए नियमों के उल्लंघन के कई आरोप लगे थे। इनमें विदेशी योगदान के निर्धारित बैंक खाते से बाहर लेन-देन, योगदान की गलत/कम रिपोर्टिंग, प्रशासनिक खर्च की सीमा से अधिक व्यय, विदेशी एनजीओ से भारतीय एनजीओ/एक्टविस्ट के कानूनी खर्च को सहायता और अन्य अनुपालन संबंधी मुद्दे शामिल थे। गृह मंत्रालय ने जांच के बाद उसका पंजीकरण निलंबित किया और आगे कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की। इसी प्रकार 2025 में लद्दाख स्थित स्टूडेंट्स एजुकेशन एंड कल्चरल मूवमेन्ट ऑफ लद्दाख, का एफसीआरए लाइसेंस भी गृह मंत्रालय द्वारा रद्द किया गया था। देशभर में ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं। यह भी समझना चाहिए कि हर विदेशी फंड लेने वाली संस्था संदिग्ध नहीं है। भारत में अनेक संस्थाएं विदेशी सहायता के माध्यम से अस्पताल, विद्यालय, अनाथालय, आपदा राहत, ग्रामीण विकास, शोध, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य सामाजिक कार्य करती हैं। एफसीआरए का उद्देश्य ऐसी वैध गतिविधियों को समाप्त करना नहीं अपितु उसे संरक्षण देना है। सरकार की मंशा है कि वैध विदेशी सहायता का तो स्वागत होगा लेकिन विदेशी धन के दुरुपयोग को किसी भी तरह बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जो संस्था नियमों का पालन करती है तथा पारदर्शी तरीके से हिसाब देती है, उसे या उसके प्रति किसी अन्य को संदेह का कोई कारण नहीं। आखिर धन की आवश्यकता तो सभी व्यक्तियों समाज और सरकारों को है। इस अधिनियम में हो रहे संशोधन को लेकर सबसे अधिक राजनीतिक विवाद इस बात पर पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है कि इसका निशाना चर्च या ईसाई संस्थाएं हैं। वास्तव में एफसीआरए का ढांचा ना तो किसी एक धर्म विशेष के लिए बनाया गया और न ही किसी धर्म का उसमें जिक्र है। हाँ, धार्मिक गतिविधियों से जुड़े संगठन भी तभी विदेशी योगदान प्राप्त कर सकते हैं, जब वे कानून की निर्धारित शर्तों का पालन करें।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


बिंदेश कुमार झा

## जन्मदिन का तोहफा

कल जन्मदिन पर आए थे,
सुंदर सा तोहफा लेकर,
रायसियत का सुंदर प्रतीक था
जो गए थे तुम देकर।

मैंने भी अलमारी के एक कोने में,
जिसे सबसे सुरक्षित माना था,
रख दिया उसे सबसे बचा के,
तोहफा कभी जो पैमाना था।

गली के बाहर एक छोटा बच्चा,
एक कागज लिए खड़ा था,
कच्ची पेंसिल से लिखे कागज पर,
शुभकामनाओं का शब्द बड़ा था।

हां, टूटी हुई हिंदी थी,
और शब्द साफ नहीं थे,
उसके पास भावनाएं थीं,
मेरे पास शब्द भी नहीं थे।

अलमारी के उस कोने से,
तोहफा को वहां से हटा दिया,
इस छोटे से कागज के टुकड़े को,
वहां मैं लगा दिया।

आज साल बीत गए हैं,
वह बच्चा तो नहीं है,
लेकिन इस कागज में,
रायसियत बस नहीं है।

# अगस्त क्रांति स्वाधीनता संग्राम का स्वर्णिम अध्याय


हृदयनारायण दीक्षित

भारतीय स्वतंत्रता 78 वर्ष की हो गई है। अगस्त स्वाधीनता और क्रांति की पवित्र यादों का महीना है। 1942 की क्रांति ने ब्रिटिश सरकार के छक्के छुड़ा दिए थे। 9 अगस्त 1942 के दिन भारत छोड़ो आंदोलन की घोषणा हुई। संयोग है कि 5 वर्ष बाद अगस्त में ही भारत स्वाधीन भी हुआ। अगस्त क्रांति में पूरा देश सम्मिलित था। कांग्रेस बेमन आन्दोलन का हिस्सा बनी। कांग्रेस कार्यकारिणी (1954) ने एक प्रस्ताव द्वारा अगस्त क्रांति में हुई तोड़फोड़ की निंदा की। इसे दिशाहीन पथ विचलन बताया। प्रस्ताव में प्रमुख कांग्रेसी नेताओं की गिरफ्तारी के कारण भारत की जनता को मार्गदर्शन विहीन बताया गया।

अगस्त क्रांति के दो प्रमुख संचालकों अच्युत पटवर्धन व अरुणा आसफ अली ने कांग्रेस अध्यक्ष को 1946 में पत्र लिखा, आपने जानबूझकर इस तथ्य की अवहेलना की है कि हम लोगों ने आपकी गैरमौजूदगी में दिशा और मार्गदर्शन प्रस्तुत करने का संकल्पपूर्ण प्रयास किया। आपकी राय में अपनाए गए तौर-तरीके अहिंसा की कांग्रेसी नीति से सुसंगत नहीं रहे। जिनके प्राण गए उनकी शहीदी तारीफें लेकिन उनके कार्य की निंदा विरोधाभासी है। (कांग्रेस एंड दि क्विट इंडिया मूवमेंट, एसआर बख्शी, पृ. 237-44)।

कांग्रेस ने आंदोलन कर्म की निंदा की और कर्मफल का मजाक उड़ाया। कहा जाता है कि अगस्त क्रांति जयप्रकाश नारायण, अच्युत पटवर्धन, डॉ. राममनोहर लोहिया और अरुणा आसफ अली जैसे समाजवादी नेताओं की रणनीति से कामयाब हुई। महात्मा गांधी ने अगस्त, 1944 में कहा था, 9 अगस्त, 1942 का दिन मैंने आत्मनिरीक्षण और समझौते के लिए बातचीत का सूत्रपात करने के लिए निश्चित किया था लेकिन सरकार व भाग्य ने कुछ और ही सोच रखा था। तोड़फोड़ और बहुत सारी चीजें कांग्रेस अथवा मेरे नाम पर की गईं। (संपूर्ण गांधी वाङ्मय 78/12)।

गांधी और कांग्रेस ने पूरे क्रांति कर्म और धर्म को ही गलत बताया लेकिन इतिहास ने क्रान्तिकारियों को प्रतिष्ठा दी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लीलाधर शर्मा अगस्त क्रांति के एक कार्यकर्ता थे। शर्मा ने अपनी किताब स्वतंत्रता की पूर्व संध्या' में लिखा, संगठित रूप से यदि आंदोलन में कोई कार्य किया गया तो समाजवादी कार्यकर्ताओं की ओर से। नेताओं की गिरफ्तारी के बाद मुंबई सरकार की आँखों में धूल झोंककर उन्होंने देश को एक कार्यक्रम दिया। वे ही अंत तक आंदोलन की ज्योति को जलाए रखने वाले भी थे।



भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को समझने के लिए 1920-30 के बीच के 10 वर्ष महत्त्वपूर्ण हैं। इस दशक में कांग्रेस मृतप्राय थी। गांधी भी करीब-करीब अलग थे, लेकिन कांग्रेस ने इसी दशक के आखिर (1929) में पूर्ण स्वराज की माँग की। इसकी मोटामोटी 6 वजहें थीं - (1) ब्रिटेन में लेबर पार्टी जीती और भारत के कथित मित्र रेम्जे मैकडोनाल्ड प्रधानमंत्री बने। वायसराय ने अक्टूबर 1929 में घोषणा की कि साइमन रिपोर्ट के बाद सर्वदलीय गोलमेज सम्मेलन होगा। (2) इसी दशक के मध्य (1925) में एक प्रख्यात क्रांतिकारी कांग्रेसी नेता डॉ. के.बी. हेडगेवार ने प्रखर हिन्दू राष्ट्रवाद के विचार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बनाया। संघ देखते-ही-देखते राष्ट्रीय फलक पर था। (3) भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों के क्रांतिधर्म से भारत का अवनि अंबर आंदोलित था। (4) कांग्रेस के भीतर समाजवादी विचारों के नेताओं/कार्यकर्ताओं का दबाव बढ़ा। (5) कम्युनिस्ट विचार और स्वतःस्फूर्त कारणों से किसान मजदूर आंदोलन बढ़े और (6) इन सबके चलते कांग्रेस से मोहभंग का वातावरण बना। कांग्रेस के सामने अस्तित्व का संकट था। उसने दिसंबर 1929 में पूर्ण स्वराज की माँग की। सिर्फ 25 दिन बाद (26 जनवरी, 1930 को) प्रथम स्वतंत्रता दिवस भी मना डाला। सविनय अवज्ञा आंदोलन चला। गांधी की गिरफ्तारी हुई लेकिन आंदोलन की घोषणा और समझौता कांग्रेस नीति के अंग थे। गांधी-इरविन वार्ता में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फाँसी न देने का भी मुद्दा था। इरविन ने साफ मना किया तो कांग्रेस और गांधीजी ने यह मुद्दा छोड़ दिया। फाँसी के 6 दिन बाद कराची कांग्रेस अधिवेशन में गांधी और कांग्रेस को लेने के देने पड़ गए। मजबूरन शहीदों के पक्ष में एक गांधीवादी प्रस्ताव आया, किसी भी तरह की राजनैतिक हिंसा से अपने को अलग रखते हुए और उसे अमान्य करते हुए कांग्रेस बलिदान के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करती है। क्रांति कर्म की निंदा और बलिदान की प्रशंसा कांग्रेस का इतिहास है। कांग्रेसी इतिहास के अधिकृत लेखक गांधी भक्त पट्टाभिसीतारमैया के अनुसार, भगत सिंह का नाम सारे देश में गांधीजी की ही तरह लोकप्रिय था। भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व भी कांग्रेस ने गांधीजी को ही सौंपा। अ.भा. कांग्रेस की बैठक (मुंबई 7 अगस्त, 1942) में जवाहरलाल नेहरू ने प्रस्ताव रखा। इसके अगले दिन 8 अगस्त, 1942 को गांधीजी ने सवा घंटे के भाषण में कहा, आपने अपने सारे अधिकार मुझे सौंप दिए। अब मैं वायसराय से मिलकर कांग्रेस की माँग स्वीकार करने का अनुरोध करूँगा।

हालाँकि 9 अगस्त की सुबह के पहले सारे वरिष्ठ कांग्रेसी गिरफ्तार कर लिए गए। आगे का आंदोलन समाजवादियों ने चलाया। कांग्रेस बेहद कमजोर थी। सन् 42 के पहले के गांधी विचार इसका खुलासा करते हैं। गांधीजी विश्वयुद्ध में अंग्रेजों की बेशर्त सहायता के पक्षधर थे। उन्होंने अक्टूबर 1941 में लिखा- यदि हम इस अवस्था में सरकार को परेशानी में डालेंगे तो सत्ताधारी निश्चय ही इसका बुरा मानेंगे। (संपूर्ण गांधी वाङ्मय 75/66)। 21 जून, 1940 को कांग्रेस कार्यसमिति ने भावी कार्यक्रमों और नीतियों की जिम्मेदारी से गांधीजी को मुक्त कर दिया लेकिन गांधीजी कांग्रेस से जुड़े रहे। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के ठीक 8 माह पूर्व 30 दिसंबर, 1941 को कार्यसमिति ने उन्हें दोबारा मुक्त किया। गांधी कांग्रेस से अलग हो गए। अगस्त 42 के आंदोलन के एक माह पूर्व 5 जुलाई को उन्होंने चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को कांग्रेस छोड़ने के लिए आग्रह पत्र लिखा।

गांधीजी ने लिखा- कांग्रेस के भीतर अनुशासनहीनता और हिंसा भरी है। जो कांग्रेस गांधीजी के लिए अनुशासनहीन और भारत छोड़ो आंदोलन के एक माह पहले तक त्याज्य थी उसी कांग्रेस को लेकर गांधी और उन्हीं गांधी को लेकर कांग्रेस ऐतिहासिक अगस्त क्रांति नहीं ही कर सकती थी। अंग्रेजीराज की केन्द्रीय असेंबली में एक सवाल के जवाब में बताया गया, 9 अगस्त से 31 दिसंबर, 1942 के बीच 940 लोग पुलिस/सेना की गोली से मारे गए। 60,229 गिरफ्तार हुए। 18000 नजरबंद किए गए और 1630 घायल हुए। 538 स्थानों पर पुलिस फायरिंग हुई। 60 स्थानों पर फौजी कार्रवाई हुई।

इतिहासविद प्रोफेसर विपिन चंद्रा ने लिखा- आंदोलन की बागडोर अच्युत पटवर्धन, अरुणा आसफ अली, डॉ. लोहिया, सुचेता कृपलानी, बीजू पटनायक और जेल से छूटने के बाद जयप्रकाश पर थी। ये गुप्त समूह मुंबई, पूना, सतारा, बड़ौदा, कर्नाटक, केरल, आंध्र, यूपी, बिहार और दिल्ली में सक्रिय थे। श्रेय कांग्रेस ने लिया। देश हर बरस अगस्त क्रांति का स्मरण करता है। आन्दोलनों के मूल तत्वों पर विमर्श नहीं होता। झूठे देवता फल-फूल उड़ाते हैं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# सड़क हादसे में ड्यूटी से घर लौट रहे सफाई कर्मचारी की मौत

▸ बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

समृद्धि न्यूज़, राठ (हमीरपुर)।



बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर चिल्ली गांव के पास रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सफाई कर्मचारी की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब वह ड्यूटी समाप्त कर मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चिल्ली गांव निवासी 46 वर्षीय महेश कुमार पुत्र दुलीचंद जरिया थाना क्षेत्र के तुरना गांव में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। रविवार को ड्यूटी खत्म करने के बाद वह बाइक से अपने गांव चिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही राठ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। महेश कुमार अपने पीछे पत्नी उर्मिला, इकलौते पुत्र आयुष कुमार तथा तीन बेटियों दीपाली, नम्रता और प्रियांजली को छोड़ गए हैं।पुलिस के अनुसार हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# युवा शक्ति को मजबूत बनाने के लिए शाखा चलाएगा आर्य समाज

▸ मंडलीय सम्मेलन में दिए गए निर्देश

समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर।



कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल में राजनंदनी पैलेस में संपन्न हुए आर्य समाज के मंडलीय सम्मेलन में युवा शक्ति को मजबूत बनाने के लिए आर्य वीर दल को शाखा शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। आर्य समाज के एक दिवसीय मंडली सम्मेलन में संबोधित करते हुए वरिष्ठ उपप्रधानआचार्य पंकज आर्य ने कहा कि आर्य समाज मजबूत बनाने के लिए युवा शक्ति को मजबूत बनाना होगा। इसके लिए आर्यवीर दल सभी जगह पर शाखा शुरू करके युवाओं को प्रशिक्षित करने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि सभी जगह पर साप्ताहिक सत्संग के कार्यक्रम आयोजित करके सदस्यता अभियान को शुरू करके नए लोगों को संगठन से जोड़ा जाए। अधिवेशन को डॉ हरि सिंह, स्वामी नरेंद्र देव ने भी संबोधित किया। मंडलीय अधिवेशन में डॉ वंदना गुप्ता, रचना, प्रेम कुमार आर्य, वेद प्रकाश गुप्ता, लालमन, डा सत्यप्रकाश, लालदीवान यादव, हरस्वरूप व्यास, राम बिहारी कुशवाहा आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता दिनेश चंद्र आर्य ने की। अधिवेशन का संचालन डॉक्टर विवेक आर्य द्वारा किया गया। इस मौके पर रामबिहारी कुशवाहा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## ललपुरा पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

ललपुरा (हमीरपुर)। थाना ललपुरा पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार केस संख्या 2255/2017 में धारा 147, 148, 323, 504, 506, 427 व 452 भादसं से संबंधित वारंटी रामस्वरूप पुत्र कन्धीलाल (45) तथा कन्धीलाल पुत्र लल्लू (65), निवासी ग्राम बजेहटा को रविवार को उनके गांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक सिद्धनाथ राय, विनोद दुबे समेत पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### रिजर्व पुलिस लाइन्स में पुलिस जीपी वर्दी स्टोर का निर्माण



हमीरपुर। रिजर्व पुलिस लाइन्स में पुलिस कर्मियों को विभागीय मानकों के अनुरूप आवश्यक वर्दी एवं उससे संबंधित सामग्री आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस जीपी वर्दी स्टोर का नव निर्माण कराया गया है। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में निर्मित इस स्टोर में पुलिस कर्मियों को निर्धारित गुणवत्ता की वर्दी एवं अन्य आवश्यक सामग्री नियमानुसार उपलब्ध कराई जाएगी। स्टोर में सामग्री के वितरण और उपलब्धता का उचित अभिलेखीकरण किया जाएगा, जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। एक ही स्थान पर आवश्यक सामग्री मिलने से पुलिस कर्मियों को सुविधा होगी और विभागीय कार्यप्रणाली अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनेगी। पुलिस विभाग की व्यवस्थाओं को आधुनिक, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### तमंचे के साथ शातिर गिरफ्तार

नरैनी। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अतर्रा थाना क्षेत्र के बल्लान गांव निवासी आलोक पुत्र विनोद को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक मोहम्मद ऐश खां, कांस्टेबल अजय यादव व आशु सिंह शामिल रहे।

### विश्वकर्मा पूजन को पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

बांदा। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की महत्वपूर्ण बैठक मंडी समिति स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित की गई, जिसमें देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा के पूजन कार्यक्रम पर विचार मंथन हुआ। कार्यक्रम भव्यता के साथ मनाए जाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। अध्यक्षता कर रहे कृष्णपाल विश्वकर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की शोभायात्रा की साज सज्जा विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल विश्वकर्मा व संचालन वह स्वयं करेंगे। पूजन फूलचंद्र विश्वकर्मा, प्रसाद व्यवस्था राजेंद्र विश्वकर्मा, स्वागत व संचालन मनबोधन विश्वकर्मा आदि सभी को जिम्मेदारियां दी गई। बैठक में जेपी विश्वकर्मा, आरपी विश्वकर्मा, बच्छराज, शशांक विश्वकर्मा, ललित विश्वकर्मा व रवि आदि मौजूद रहे।

### पुलिस चौकी के सामने ही पेट्रोल छिड़कर पत्नी को जलाने का प्रयास

बांदा। आपसी विवाद के बाद पुलिस चौकी पहुंची पत्नी ने पति के खिलाफतहरीर दी। इसी बीच पति-पत्नी में फिर विवाद बढ़ गया। पुलिस कर्मियों के सामने ही वह पत्नी को घसीटते हुए बाहर ले गया। उस पर पेट्रोल छिड़कर जिंदा जलाने का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों ने युवती को बचा लिया। पति के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में लिया। इंदिरा नगर के महेंद्र सिंह पुत्र शिवकरन सिंह व पत्नी सीमा सीमा सिंह में शनिवार शाम विवाद हुआ। महेंद्र पत्नी के चरित्र पर शक करता है। विवाद के बाद दोनों सिविल लाइंस पुलिस चौकी पहुंच गए। यहां सीमा ने पति के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी। कुछ ही देर में दोनों में फिर विवाद हो गया। एसआई दीपक चौधरी, सिपाही अंकित यादव, विष्णु गुप्ता, रितेश व रवि बिंद ने दोनों को समझाने का प्रयास किया पर नहीं माने। महेंद्र पत्नी सीमा को घसीटते हुए चौकी के बाहर ले गया। यहां बाइक से पेट्रोल भरा डिब्बा निकाला और सीमा पर उड़ेल दिया और माचिस निकाल जलाने का प्रयास किया। तभी सिपाहियों ने उसे पकड़ लिया।

### फांसी के फंदे पर झूल युवक ने दी जान



महोबा। एक युवक ने अपने ही घर में साड़ी से फांसी का फंदा गले में लगाकर छत के कुंदे से लटक कर जान दे दी है मृतक की पत्नी ने फांसी के फंदे से उतार कर अस्पताल ले गई जहाँ उसे म्रत घोषित कर दिया मौत की सूचना मृतक की पत्नी ने पुलिस को दी पुलिस ने से शव को पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली के हाथी की पूछ वाली गली निवासी दीपक अनुरागी (26)वर्ष पुत्र किशोरी ने अपने ही घर में साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर छत के कुंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली है मृतक की पत्नी माधुरी ने जब देखा तो उसका पति फांसी के फंदे पर झूल रहा था पति को फाँसी के फन्दे पर झूलता देख कर वह उसे अस्पताल ले गई जहाँ उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया और थोड़ी देर में वहाँ लोंगो की भारी भीड़ लग गई मौत के कारणों का अभी पता नहीं लग सका है फिलहाल पूरे मामले में पुलिस जाँच कर रही है शहर कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एंबुलेंस की टक्कर से मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत

झांसी। रविवार को थाना चिरगांव क्षेत्र अंतर्गत झांसी-कानपुर हाईवे पर ग्राम करगुआं के पास एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने पिता के सामने ही 5 साल के इकलौते बेटे को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मासूम लगभग 10 फिट ऊपर उछलकर सड़क पर जा गिरा। गंभीर रूप से जख्मी अवस्था में उसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों के अनुसार 5 साल का रणवीर और उसकी बड़ी बहन नित्या ट्यूशन पढ़ने गए थे। सुबह लगभग 8 बजे पिता राघवेंद्र राजपूत निवासी करगुवां दोनों बच्चों को घर ला रहे थे। हाइवे पार करते समय बच्चा दो कदम आगे निकला तभी तेज रफ़्तार से आ रही एंबुलेंस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मासूम लगभग 10 फिट ऊपर उछल कर सड़क पर जा गिरा। परिजन रक्तरंजित हालत में मासूम को लेकर मेडिकल कॉलेज भागे। वहां परीक्षण उपरांत चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।उधर हादसे के बाद ड्राइवर एंबुलेंस को भगाकर ले गया। थोड़ी आगे चलकर टोल था, वहां भी आरोपी ड्राइवर ने स्पीड कम नहीं की। अब पुलिस एंबुलेंस और ड्राइवर का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। इस घटनाक्रम से परिवार में कोहराम मचा है।

### छात्रा का शव कमरे में दुपट्टे से फांसी के फंदे पर लटकता मिला



ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उत्तमधाना में एक इंटरमीडिएट की छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में देर रात्रि में दुपट्टे से फांसी लगाकर उस समय जान दे दी, जब वह अपने परिजनों से पढ़ाई करने की कहकर कमरे में चली गई। थोड़ी देर बाद जब उसकी मां उसे बुलाने गई, तो उसका शव दुपट्टे के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। जिसके बाद घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक छात्र के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस मामले में परिजनों ने आत्महत्या करने की बात कही है लेकिन कारण अज्ञात बना हुआ है। ग्राम उत्तमधाना निवासी 17 वर्षीय छात्र नंदनी पुत्री सुखदेव इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रही थी। बताया गया है कि शनिबार की रात्रि करीब 9 बजे छात्रा ने अपने परिजनों के साथ खाना खाया और अपनी माँ सोना बाई को दबाई भी खिलाई। इसके बाद उसका भाई भाभी अपने कमरे में सोने चले गये और उसकी माँ भी दबाई खाकर सो गई। इस दौरान उसने सुबह टेस्ट होने का हवाला देकर पढ़ने की कहकर अपने कमरे में चली गई। बताया गया है कि वेटी ने फीस का भी जिक्र किया और मम्मी से स्कूल की बकाया फीस भरवाने की भी बात कही। इसके बाद वह अपने कमरे में पढ़ाई करने के लिए कह कर चली गई। बताया गया है कि रात्रि करीब 2:00 बजे उसकी माँ की आंख खुली, और वह अपनी बेटी को देखने के लिए कमरे में गई तो वहां का नजारा देखकर माँ के पैरों के तले जमीन खिसक गई। क्योंकि सामने उसकी बेटी फांसी के फंदे पर लटक रही थी। इसके बाद उसने चिल्ला कर अपने परिजनों और आसपास के लोगों को बुलाया। चिल्लाने की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो उन्होंने उसका शव फंदे से उतरा, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। जिसके बाद उन्होंने उक्त घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# मजबूत हड्डियां व स्वस्थ जोड़ सक्रिय जीवन का आधारः डॉ. अरविंद

▸ बोन एवं जॉइंट सप्ताह पर लोगों को हड्डियों और जोड़ों के प्रति किया जागरूक
▸ संतुलित खान-पान व नियमित व्यायाम की दी सलाह

समृद्धि न्यूज़, राठ (हमीरपुर)।



बोन एवं जॉइंट सप्ताह के अवसर पर सीएचसी राठ के ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार यादव ने लोगों से हड्डियों और जोड़ों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि मजबूत हड्डियां और स्वस्थ जोड़ व्यक्ति को लंबे समय तक सक्रिय एवं आत्मनिर्भर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

डॉ. यादव ने बताया कि उम्र बढ़ने के साथ हड्डियों की मजबूती बनाए रखने के लिए कैल्शियम, विटामिन-डी, प्रोटीन सहित आवश्यक पोषक तत्वों का पर्याप्त सेवन और नियमित शारीरिक गतिविधि जरूरी है। घुटने, कमर और कंधे में दर्द तथा जोड़ों की जकड़न के पीछे बढ़ती उम्र के अलावा अधिक वजन, असंतुलित खान-पान, पोषण की कमी, शारीरिक गतिविधि का अभाव, अत्यधिक श्रम और अनियंत्रित मधुमेह जैसे कारण हो सकते हैं। उन्होंने मेनोपॉज के बाद महिलाओं को हड्डियों के स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। इस अवस्था में हड्डियों के कमजोर होने के साथ ऑस्टियोपीनिया और ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ सकता है।

उन्होंने योग, पैदल चलने और उम्र के अनुरूप नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। डॉ. यादव ने कहा कि कैल्शियम, विटामिन-डी या अन्य सप्लीमेंट बिना चिकित्सकीय सलाह के नहीं लेने चाहिए। लगातार दर्द, सूजन, जकड़न अथवा चलने में परेशानी होने पर समय से चिकित्सकीय जांच कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संतुलित खान-पान, नियमित व्यायाम और उचित उपचार के जरिए व्यक्ति लंबे समय तक स्वस्थ और आत्मनिर्भर जीवन जी सकता है।

# ई-रिक्शा संघ प्रशासन की बैठक संपन्न संघ ने सौंपा 5 सूत्रीय ज्ञापन

समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर।



कस्बे के गायत्री तपोभूमि प्रांगण में संपन्न हुई ईरिक्शा संघ एवं प्रशासन की बैठक में ईरिक्शा संघ ने पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर समाधान की मांग की है।

रविवार को कस्बे के गायत्री तपोभूमि में ई रिक्शा संघ, व्यापार मंडल एवं प्रशासन की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में ईरिक्शा चालकों के सामने आ रही कठिनाइयों पर गहन मंथन किया गया। ई-रिक्शा संघ ने प्रशासन को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्या के निराकरण की मांग की है। ज्ञापन में कस्बे के डीलरों को ट्रेनिंग सेंटर बनाने, डीलरों को क्रेता का लाइसेंस बनाकर रजिस्ट्रेशन कराने का नियम बनाया जाए। बस स्टाप में सवारियां बैठाने एवं उतारने के दौरान चालान नहीं किया जाए। ई रिक्शा चालकों के लाइसेंस बनाने के लिए एआरटीओ कार्यालय में दो माह के लिए अलग खिडकी खोली जाए। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, चेयरमैन अनुज गुप्ता, ई रिक्शा संघ अध्यक्ष धीरू यादव, एसआई रामाराम आदि मौजूद रहे। एसआई ने बताया कि ई रिक्शा संघ ने ज्ञापन सौपा है। कार्यवाही के लिए परिवहन विभाग को भेजा जा रहा है।

## संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को उपहार देकर किया सम्मानित



बांदा। रोटी बैंक सोसायटी की मासिक बैठक में संगठन द्वारा किए जा रहे सामाजिक और जनसेवा के कार्यों की समीक्षा की गई। इस मौके पर समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य व पौधरोपण अभियान में भागीदारी करने वाले सदस्यों को उपहार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संगठन पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, लगन और सक्रियता के साथ करने का संकल्प लिया। पिछले कई वर्षों से रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, मंदिर, दरगाह और जिला अस्पातल आदि में शरण लिए बेसहारा और निर्धनों को नियमित रूप से भोजन परोस रही रोटी बैंक सोसाइटी की मासिक बैठक में सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों की समीक्षा की गई। इस मौके पर एसडीएफओ अनुभव सिंह ने पौधरोपण अभियान में प्रतिभाग करने वाले सदस्यों को प्रशस्ति पत्र और संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को सह संरक्षक चंद्रमौली भारद्वाज सहित अंसार अहमद सिद्दीकी, तुलसीदास व जयवीर सिंह यादव ने उपहार देकर सम्मानित किया। संगठन मंत्री सुनील सक्सेना ने निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को खुद से पद छोड़ने को कहा। इस मौके पर मोहम्मद सलीम, मोहम्मद अजहर, मोहम्मद शमीम, अख्तर किरमानी, अब्दुल मुजीब, तबस्सुम फात्मा, तरन्नुम फात्मा, रीना कन्नौजिया, रेणुका गुप्ता, रेखा द्विवेदी, रिया खान, रिचा रैकवार सहित तमाम स्वयंसेवी उपस्थित रहे। अंत में संगठन को मजबूत बनाने के साथ जरूरतमंद लोगों तक निरंतर सेवा पहुंचाने का संकल्प लिया। संचालन संजय ककोनिया ने किया। सोसाइटी अध्यक्ष रिजवान अली ने सभी का आभार जताया।

# खुले में गेहूं रखा मिलने पर डिप्टी आरएमओ व एआर से मांगा स्पष्टीकरण

▸ आयुक्त ने जसपुरा मंडी समिति और सहकारी समिति का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



मंडलायुक्त ने डीआईजी की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस में समस्याएं सुनने के बाद जसपुरा मंडी समिति, सहकारी समिति और परिषदीय विद्यालय व पंचायत भवनों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंडी समिति में खुले में 65 बोरा गेहूं रखा होने और सहकारी समिति में ताला बंद होने पर नाराजगी जताई। डिप्टी आरएम और एआर से दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही जांच में लापरवाही प्रमाणित होने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। मंडलायुक्त अजीत कुमार और डीआईजी राजेश एस ने शनिवार को जसपुरा थाने में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। थाना समाधान में शिकायतें सुनने के बाद आयुक्त ने मंडी समिति जसपुरा का औचक निरीक्षण किया। यहां लगभग 65 बोरे गेहूं खुले में शेड के नीचे रखा हुआ मिला। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए खाद्य विपणन अधिकारी (डिप्टी आरएमओ) रामानंद जायसवाल से स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही संभावित बारिश के मद्देनजर तत्काल गेहूं को सुरक्षित स्थान पर रखवाने को कहा। साथ ही लापरवाही प्रमाणित होने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि मंडी व खाद्यान्न भंडारण केंद्रों पर किसानों से संबंधित उपज को खुले में न रखा जाए। खाद्यान्न के रख-रखाव, तौल, उठान व भंडारण की निगरानी की जाए। सहकारी साधन समिति रामपुर के निरीक्षण में ताला बंद मिला। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि कि समिति कभी-कभी ही खुलती है। आयुक्त ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता अंशल कुमार से स्पष्टीकरण मांगा। समिति का नियमित संचालन करने के निर्देश दिए। कहा कि किसानों को खाद, बीज एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए परेशान न होना पड़े।

### निष्पक्ष व गुणवत्ता पूर्ण समाधान कराएं सुनिश्चित

आयुक्त अजीत कुमार ने डीआईजी राजेश एस की मौजूदगी में जसपुरा थाना में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। आयुक्त ने कहा कि भूमि की पैमाइश, सीमांकन, पथरगड्डी, चकमार्ग और सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान पक्षकारों के मध्य विवाद होता है। साथ ही कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना होती है। राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाएं और निस्तारण कराएं। समाधान दिवस का उद्देश्य शिकायतों को सुनना नहीं, बल्कि उनका मौके पर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। भूमि विवाद एवं पैमाइश से संबंधित मामलों में मौके पर स्थलीय जांच कर अभिलेखों के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए।

## महाकाल दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार में ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

एट, झांसी। थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर जा रही श्रद्धालुओ की कार में कोटरा ओवरब्रिज के पास ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और कार में पीछे बैठे दो युवकों में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

कानपुर नगर के मूलगंज थाना क्षेत्र स्थित सर्राफा बाजार मंडी चौक निवासी शिवम वर्मा, अंकित वर्मा, निखार, शशांक और अंकित अपने चचेरे भाइयों व दोस्तों के साथ इनोवा कार से महाकाल दर्शन करने उज्जैन गए थे। शनिवार रात सभी लोग दर्शन कर वापस कानपुर लौट रहे थे। तभी एट थाना क्षेत्र में कोटरा ओवरब्रिज के पास कार रोककर कुछ लोग लघुशंका कर रहे थे। इसी दौरान झांसी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने खड़ी इनोवा में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही हाईवे पर चीख-पुकार मच गई और यातायात बाधित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकलवाया और टोल एंबुलेंस की मदद से सभी को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर शिवम वर्मा और अंकित की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर में इलाज के दौरान शिवम वर्मा की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त इनोवा को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने बताया कि कार में पांच लोग सवार थे, जिनमें दो घायल हुए जिसमें एक की मौत हो गई हैं।

## संगठन विस्तार व नई जिम्मेदारिओं को लेकर विहिप की बैठक में बनी रणनीति



उरई। विश्व हिंदू परिषद की संगठनात्मक बैठक रविवार को कोंच रोड स्थित एसएस कॉलेज में हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपने और आगामी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष गुरु प्रसाद और जिला मंत्री साकेत शांडिल्य की मौजूदगी में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन के कार्यों को प्रत्येक स्तर तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इसके लिए विभिन्न दायित्वों का निर्धारण करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संगठन की ओर से राहुल शुक्ला को नगर अध्यक्ष, अभिषेक तिवारी को नगर संयोजक बजरंग दल, ध्रुव याज्ञिक को जिला सह गौ रक्षा प्रमुख, प्रिंस वर्मा को सह जिला मिलन केंद्र प्रमुख व रत्नेश पांचाल को नगर मंत्री विश्व हिंदू परिषद की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की विचारधारा व निर्धारित कार्यक्रमों को लेकर सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए स्थानीय स्तर पर गतिविधियों को गति दी जाएगी। जिलाध्यक्ष व जिलामंत्री ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने की अपेक्षा की।

## 80 वर्षीय बुजुर्ग का हत्यारोपी गिरफ्तार

महोबा। जिले के खन्ना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्योडी गांव में 80 वर्षी बुजुर्ग की पीट-पीट कर हत्या कर देने मामले में फरार चल रहे आरोपों को पुलिस ने आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया है गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। जिले के खन्ना थाना के ग्योडी ग्राम निवासी रामाधार वर्मा 80 वर्ष कि दो दिन पूर्व गांव में ही लाठी से पीट कर उसकी हत्या कर दी थी। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह की देखरेख में गठित पुलिस टीम द्वारा आज उ.नि. सुरेश कुमार मय हमराह हे.कां. लोकेश कुमार व कां. शीलू यादव के साथ वांछित अभियुक्त हरीशंकर विश्वकर्मा पुत्र शिवदास विश्वकर्मा, उम्र करीब 32 वर्ष, निवासी ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना जनपद महोबा को मुखबिर की सूचना के आधार धारा 105 बीएनएस व 3(2)(1) एससी/ एसटी एक्ट से संबंधित मामले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के नीचे ग्योड़ी-सुरहा मार्ग पुल के नीचे से हिरासत में लिया गया।

# वर्मा नदी में नहाने गये अधेड़ की डूबकर मौत

▸ कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव हुआ बरामद

समृद्धि न्यूज़, पनवाड़ी, महोबा।



नदी में नहाने गए एक व्यक्ति की नदी में डूब जाने से दर्दनाक मौत हो गई है आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस और गोताखोरों की मदद से म्रतक के शव को कई घंटे की कड़ी मस्कट के बाद नदी से बरामद कर लिया गया है और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जिले के महोबकंठ थाना क्षेत्र अंतर्गत दुलारा गांव निवासी जगत सिंह राजपूत (45) पुत्र अमर सिंह राजपूत शनिवार सुबह करीब 10 बजे बिरमा नदी में नहाने गए थे। बताया जा रहा है कि नहाते समय वह नदी के गहरे पानी में चले गए और डूब गए। जब जगत सिंह काफी समय तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी, जिसके बाद गांव के लोगों ने नदी में उनकी तलाश शुरू की।पुलिस और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद नदी से जगत सिंह का शव बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही महोबकंठ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सरोज ने शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## महिला के साथ गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देने का आरोप

ललितपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला नेहरू नगर में घर में काम कर रही एक महिला के साथ पारिवारिक विवाद को लेकर उसके देवर देवरानी और ससुर ने गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। बचाव में आये उसके पति को भी नहीं बख्शा। उक्त मामले को लेकर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। मोहल्ला नेहरू नगर निवासी लक्ष्मी पत्नी संजय ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 6 अगस्त 2026 को रात्रि करीब 8:00 बजे वह अपने घर पर थी। इसी दौरान पारिवारिक विवाद को लेकर उसकी देवरानी रमाकांत के साथ देवर अजय ससुर रामकिशन आदि एक राय होकर आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे।

## प्रोजेक्ट नई किरण में काउंसलिंग कर टूटते एक परिवार का कराया गया पुनर्मिलन



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में उत्तर प्रदेश पुलिस की पहल प्रोजेक्ट नई किरण के अंतर्गत पारिवारिक विवादों, वैवाहिक मतभेदों एवं टूटते परिवारों के मामलों का काउंसलिंग एवं आपसी समझौते के माध्यम से समाधान किए जाने के क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर प्राप्त पति-पत्नी संबंधी विवादों के प्रकरणों में आज दिनांक 09 अगस्त 2026 को गठित टीम द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, ललितपुर में परामर्श एवं काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नई किरण टीम के सदस्यों द्वारा आपसी मतभेदों से प्रभावित परिवारों की काउंसलिंग एवं समझाइश की गई। सकारात्मक संवाद एवं आपसी सहमति के आधार पर एक परिवार में सफलतापूर्वक समझौता कराया गया, जिसके उपरांत परिवार खुशी-खुशी पुनः साथ रहने के लिए सहमत हुए। इस अवसर पर परिवारों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रिश्तों में पुनः आई मिठास एवं विश्वास का संदेश दिया। वहीं 05 अन्य प्रकरणों में सुनवाई हेतु अग्रिम तिथि नियत की गई। प्रोजेक्ट नई किरण का उद्देश्य पारिवारिक एवं वैवाहिक विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान कर बिखरते रिश्तों को पुनः जोड़ना, परिवारों में आपसी विश्वास एवं सामंजस्य स्थापित करना तथा उनके जीवन में नई आशा, खुशहाली एवं सकारात्मकता का संचार करना है।

# कांग्रेसियों ने मनाया क्रांति दिवस, लिया भाजपा को सत्ता से बाहर फेंकने का प्रण

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता की अध्यक्षता में स्टेशन रोड स्थित दांडी चौराहे पर क्रांति दिवस मनाया गया । इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि भारत में जिस अलख को देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जलाया और जो क्रांति देश में बापू लेकर आए आज हम लोगों ने उसको क्रांति दिवस के रूप में मनाते हुए देश के लिए बापू द्वारा दी गई कुर्बानियों को याद किया। शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि 8 अगस्त को मुंबई के जिस मैदान से देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन का प्रस्ताव रखा उसको व्यापक रूप से 9 अगस्त 1942 को क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है ।आज हम लोगों ने भी इसे क्रांति दिवस के रूप में मनाया है। जिस तरह गांधी जी ने हिंदुस्तान से अंग्रेजों को बाहर फेंकने का काम किया था आज उसी तरह जरूरत है इन अंग्रेजों की तरह काम करने वाली सरकार को भी प्रदेश और देश की सत्ता से बाहर करने का काम किया जाए। क्रांति दिवस के अवसर कांग्रेसियों ने आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा को सत्ता से बाहर फेंकने का प्रण लिया।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**1 करोड़ मुआवजे और सरकारी नौकरी की मांग**

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

मकान ढहने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत के मामले में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रविवार सुबह करीब 10:30 बजे महुली स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके का जायजा लिया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

अजय राय ने इस भीषण हादसे में बचे परिवार के एकमात्र जीवित सदस्य अमन श्रीवास्तव से विस्तार से बातचीत की और उन्हें हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार से कड़े शब्दों में मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये का आर्थिक मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। राय ने आरोप लगाया कि पालिका क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे जर्जर मकान मौजूद हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा उन पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस दुखद हादसे से सबक लेते हुए, प्रशासन को जर्जर भवनों को तत्काल चिह्नित कर समय रहते उचित कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी हृदयविदारक घटनाओं को रोका जा सके।

दौरे के दौरान अजय राय ने आगामी राजनीतिक परिस्थितियों पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में निश्चित तौर पर पूरा प्रदेश कांग्रेस का होने जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, प्रयागराज में राहुल गांधी के हालिया कार्यक्रम के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने स्पष्ट किया कि राहुल गांधी वहां बच्चों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से पहुंचे थे।



## 5 जिंदा देसी बम के साथ युवक गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अन्तू पुलिस ने रविवार को कटकामोड़ के पास से पांच जिंदा अवैध देसी बम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी आयुष सिंह (22) पुत्र अजीत प्रताप सिंह, निवासी रायतारा छतरपुर (थाना अन्तू) इन बमों का इस्तेमाल लोगों को डरा-धमकाकर अवैध वसूली करने के लिए करता था। अन्तू कोतवाल अभिषेक सिरोही के पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर कटकामानापुर गांव के पास घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया गया। तलाशी में उसके कब्जे से 5 जिंदा देसी बम बरामद हुए।

## खेत की मेड़ पर दौड़ रहे करंट की चपेट में आया किशोर, मौके पर मौत

**हलियापुर थाना क्षेत्र के मेयमऊ गांव की घटना**

**समृद्धि न्यूज, बल्दीराय/सुल्तानपुर।**

फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों के चारों ओर लगाए जा रहे विद्युत तार और झटका मशीनें अब जानलेवा साबित होने लगी हैं। हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे नोखे मजरे मेघमऊ गांव में रविवार सुबह खेत की मेड़ पर लगे तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी दुधनाथ तिवारी का 16 वर्षीय पुत्र आर्यन तिवारी रविवार सुबह घर के सामने स्थित चरी के खेत की ओर गया था। परिजनों का आरोप है कि खेत की सुरक्षा के लिए पड़ोसी बैजनाथ तिवारी की ओर से झटका मशीन लगाई गई थी, जिसमें विद्युत तार जोड़ा गया था। इसी दौरान आर्यन तार के संपर्क में आ गया और करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही तहसीलदार बल्दीराय सुनील कुमार, सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार और हलियापुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ बल्दीराय ने बताया कि मामले में परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



फाइल फोटो मृतक आर्यन

**प्रशासन ने दिए मशीनें हटाने के निर्देश**

किशोर की मौत के बाद तहसील प्रशासन ने खेतों में विद्युत करंट प्रवाहित करने वाले तारों और झटका मशीनों को लेकर सख्ती दिखाई है। एसडीएम प्रभात सिंह ने किसानों को खेतों से ऐसी मशीनें तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जांच के दौरान खेतों की बाड़ में सीधे विद्युत करंट अथवा झटका मशीन का इस्तेमाल पाया गया तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## महुली हादसे के पीड़ित कायस्थ परिवार से मिले अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारी

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** महुली गांव में बीते दिनों हुए दर्दनाक मकान ढहने के हादसे में छह लोगों की अकाल मृत्यु के बाद रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (उत्तर प्रदेश) के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने घटनास्थल का दौरा कर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इन्द्रसेन श्रीवास्तव के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और हर संभव सहयोग का भरोसा जताया। प्रतिनिधिमंडल में महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मुकेश श्रीवास्तव 'सहारा', प्रदेश महामंत्री श्याम चन्द्र श्रीवास्तव, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, पट्टी अध्यक्ष रजनीश कुमार श्रीवास्तव, सदर तहसील अध्यक्ष एडवोकेट नवीन श्रीवास्तव, जिला महामंत्री दीपक श्रीवास्तव (एडवोकेट), शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव तथा महिला सभा की जिलाध्यक्ष ज्योति श्रीवास्तव व रीता श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों के पहुंचने की सूचना पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी मौके पर एकत्र हुए। इनमें नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता सिंह के पुत्र व अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल सिंह, रानीगंज विधायक डॉ. आर. के. वर्मा और पूर्व विधायक राजकुमार पाल विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों और महासभा के नेताओं ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में शासन-प्रशासन एवं सामाजिक स्तर पर परिवार को हर संभव मदद दिलाई जाएगी।

दी सांत्वना

## नहाते समय नाले में फिसला पैर, डूबने से परिवार के इकलौते चिराग की मौत

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के कल्यानपुर कला गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय युवक की नाले में डूबने से मौत हो गई। कल्यानपुर कला निवासी हरीलाल शर्मा का इकलौता पुत्र अनुज शर्मा (18) दोपहर लगभग 12 बजे अपने तीन दोस्तों के साथ पूरे नेवाजी बादशाहपुर गांव के पास बंधे के बगल स्थित पैग नाले में नहाने गया था। नहाते समय अचानक अनुज का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख साथी दोस्त घबराकर गांव भागे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। खबर मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद अनुज को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह अचेत हो चुका था।

## कुंडा-जेठवारा मार्ग पर प्रस्तावित टोल बूथ का विरोध

**भाजपा नेताओं ने डीएम से की जांच की मांग**

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

श्रीराम वनगमन मार्ग के तहत कुंडा-जेठवारा मार्ग पर मोहनगंज और जेठवारा के बीच निर्माणाधीन टोल बूथ को लेकर विरोध तेज हो गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों क्षमा अभय सिंह व अभय प्रताप सिंह 'पप्पन' ने प्रस्तावित स्थान को नियम विरुद्ध बताते हुए जिलाधिकारी से जांच कराने और निर्माण तुरंत रुकवाने की मांग की है। नेताओं का कहना है कि मोहनगंज से श्रीराम वनगमन मार्ग की दूरी करीब 10 किलोमीटर ही है, ऐसे में जेठवारा के बाद कुछ ही दूरी पर टोल लगने से कुंडा और विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्रों से जिला मुख्यालय आने-जाने वाले हजारों दैनिक यात्रियों पर बेवजह आर्थिक बोझ पड़ेगा। हालांकि मामले में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के सहायक अभियंता को स्थलीय जांच के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं आया है। इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री, डीएम और एनएचएआई अधिकारियों से जनहित में तत्काल हस्तक्षेप कर नियम विरुद्ध निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।



## 46 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य स्वास्थ्य मेला, 1882 लोगों ने कराया उपचार

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** जिले के सभी 46 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को 265वां आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले में 56 चिकित्सकों और 217 पैरामेडिकल स्टाफ की टीम ने मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मेले में कुल 1,882 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। मेले में 771 पुरुष, 877 महिलाएं और 234 बच्चों की जांच एवं उपचार किया गया। इसके अलावा 10 गोल्डन कार्ड और 16 आभा कार्ड बनाए गए। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जिले में 2,075 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने दूबेपुर विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भादा पहुंचकर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया।

## करोड़ों खर्च, फिर भी गांवों में गंदगी का साम्राज्य

**समृद्धि न्यूज, अमेठी।**

ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद जिले के कई गांवों में गंदगी की तस्वीर नहीं बदली है। गलियों में कूड़े के ढेर, जाम नालियां और सार्वजनिक स्थानों पर फैली गंदगी ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। इससे स्वच्छता अभियान के दावों पर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक गांवों से कूड़ा संग्रहण और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगभग 55.62 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसके तहत खरीदी गई कूड़ा गाड़ियां कई स्थानों पर नियमित संचालन के बजाय पंचायत भवनों या प्रधानों के आवासों के आसपास खड़ी दिखाई दे रही हैं। नतीजतन गांवों से कूड़ा उठान की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मियों की तैनाती और संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद नियमित सफाई नहीं हो रही। बरसात के मौसम में गंदगी और जलभराव से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने प्रशासन से स्वच्छता व्यवस्था की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई तथा कूड़ा गाड़ियों का नियमित संचालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।




## खबरें एक नजर में

### गायत्री उपासना से ब्रह्म साक्षात्कार का मार्ग प्रशस्त : इंद्रदेव शर्मा

**अमेठी।** गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में चल रहे 40 दिवसीय 24 लाख गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान के 11वें दिन एकादशी पर साप्ताहिक पूर्णाहुति यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिव्राजक पं. इंद्रदेव शर्मा ने कहा कि गायत्री निर्गुण ब्रह्म की क्रियाशील चेतना शक्ति है तथा ब्रह्म साक्षात्कार के लिए गायत्री उपासना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गायत्री साधना में हवन का विशेष महत्व है। जप और यज्ञ के माध्यम से व्यक्ति के अंतःकरण का परिष्कार होता है तथा जीवन में सद्भाव, अनुशासन और श्रेष्ठ संस्कारों का विकास होता है। उन्होंने गायत्री को माता और यज्ञ को पिता बताते हुए दोनों के समन्वय को आध्यात्मिक उन्नति का आधार बताया। यज्ञ में बड़ी संख्या में साधकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ. ए.के. चंद्रवंशी, रामजस शास्त्री, डॉ. सत्येंद्र श्रीवास्तव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### ई-लोडर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**डीह-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पूरे बुधई गांव के पास एक बाइक सवार को ई लोडर ने टक्कर मार दी जिससे उसका पैर टूट गया और गंभीर घायल हो गया जिसे पास पड़ोस के लोगों ने एम्बुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी डीह भेजा। गोंदवारा गांव निवासी हरिओम पुत्र बाल कुमार 20 वर्ष अपनी बाइक से डीह की तरफ आ रहा था तभी रायबरेली-परसदेपुर मार्ग पर पूरे बुधई गांव के पास सामने से आ रहे ई लोडर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया जिससे उसका एक पैर टूट गया और काफी घायल हो गया जिसे पास पड़ोस के लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी डीह भेजा और ई लोडर को पुलिस के सुपुर्द किया। सीएचसी प्रभारी डॉ. सत्यपाल सिंह ने बताया कि घायल युवक की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि ई लोडर को कब्जे में लिया गया है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### विश्वकर्मा समाज की सामाजिक चिंतन बैठक संपन्न

**रायबरेली।** रविवार को डॉ. शशिकांत शर्मा प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी के कार्यालय, अहिया रायपुर, निकट यूको बैंक में अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की महत्वपूर्ण सामाजिक चिंतन बैठक संपन्न हुई। बैठक में विश्वकर्मा समाज के सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक एवं राजनीतिक उत्थान सहित समाज को संगठित और मजबूत बनाने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से आगामी 22 अगस्त को जनपद में आयोजित होने वाले पीडीए शिल्पकार जन संवाद महासभा को सफल, ऐतिहासिक एवं व्यापक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।



### यूरिया के लिए किसान परेशान, खाद केंद्रों के काट रहे चक्कर

**परसदेपुर-रायबरेली।** फार्मर आईडी और अभिलेखों की खामियों ने बढ़ाई मुश्किल, समय पर खाद न मिलने पर फसल पैदावार में बहुत बड़ी कमी आ सकती है। धान की फसल को इस समय यूरिया खाद की जरूरत है, लेकिन खाद की उपलब्धता और वितरण से जुड़ी समस्याओं के चलते क्षेत्र के किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। यूरिया के लिए किसान सुबह से ही समितियों और खाद वितरण केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी भी बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि धान की फसल की बढ़वार के लिए इस समय यूरिया बेहद जरूरी है। खाद के अभाव में फसल प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। किसान मेहनत और लागत लगाकर फसल तैयार कर रहे हैं, लेकिन यदि जरूरत के समय खाद नहीं मिली तो उत्पादन पर सीधा असर पड़ सकता है। वहीं फार्मर आईडी नहीं बन पाने की समस्या ने किसानों की मुश्किल और बढ़ा दी है। किसानों के मुताबिक तहसील स्तर पर अंश निर्धारण, नाम और हिस्से का बंटवारा राजस्व अभिलेखों में सही ढंग से दर्ज न होने के कारण उनकी पूरी भूमि की फार्मर आईडी नहीं बन पा रही है। इसका खामियाजा किसानों को खाद लेने के दौरान भुगतना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि खाद की जरूरत के समय व्यवस्था को सरल बनाने के बजाय कागजी औपचारिकताओं के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र की समितियों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराई जाए और फार्मर आईडी से जुड़ी राजस्व अभिलेखों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जाए। अब देखना यह है कि जिम्मेदार कितनी जिम्मेदारी से किसानों की आय दुगना करने में मदद करते हैं।

## बसपा नेता पर जानलेवा हमला, वाहन क्षतिग्रस्त



**समृद्धि न्यूज, गौरीगंज/अमेठी।**

जिला मुख्यालय गौरीगंज में शनिवार रात बसपा के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता शशिकांत तिवारी पर कथित रूप से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के जामो रोड की बताई जा रही है। शशिकांत तिवारी के अनुसार, शनिवार देर रात वह अपने वाहन से जा रहे थे। इसी दौरान तीन नकाबपोश अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोककर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में उनके वाहन का शीशा टूट गया तथा वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, उन्होंने किसी तरह मौके से निकलकर अपनी जान बचाई। बसपा नेता ने आरोप लगाया कि हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर सपा से बागी सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर दिए गए कथित बयान पर आपत्ति जताई थी। उनका कहना है कि इसी वजह से उन पर हमला कराया गया हो सकता है। हालांकि, इस संबंध में उन्होंने आशंका व्यक्त की है। घटना के बाद शशिकांत तिवारी ने गौरीगंज कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है।

## बारिश में गिरा कच्चा मकान, बाल-बाल बचा परिवार



**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

**प्रशासन से मदद की गुहार**

जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी राजस्व विभाग के अधिकारी महुली की घटना से सबक नहीं लेना चाहते, जबकि बरसात के कारण गांवों में जर्जर कच्चे मकानों का गिरना लगातार जारी है। रविवार की सुबह मांधाता ब्लॉक के धनसारी गांव में अमरेश सिंह का कच्चा मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। हादसे के समय परिवार के लोग घर से बाहर थे, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई। पीड़ित अमरेश सिंह बेहद गरीब हैं। मकान गिरने के बाद उनके पास रहने के लिए कोई दूसरा ठिकाना नहीं बचा है। घर का सारा सामान भी मलबे में दब गया है।

घटना की सूचना के कई घंटे बाद भी राजस्व विभाग का कोई जिम्मेदार कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। अमरेश के हालात से वाकिफ पड़ोसियों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आवास, राशन और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये जाने की मांग किया है।

## दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में ससुर गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** गोसाईंगंज पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को रविवार को मूंगर चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार, गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के तुर्कहिया मूंगर निवासी अजीज ने सात अगस्त को तहरीर देकर अपनी बहन हकीकुल निशा (20) को ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने, गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

आरोप है कि प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर हकीकुल निशा ने नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली।

## बहू-बेटी सम्मेलन: महिलाओं को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, अमेठी।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत जनपद में बहू-बेटी सम्मेलन एवं महिला सशक्तिकरण चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों ने गांवों में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया।

सम्मेलन में साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए।



## गोमती मित्र मंडल ने सीताकुंड धाम पर चलाया स्वच्छता अभियान

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** गोमती मित्र मंडल की ओर से रविवार को श्री सीताकुंड धाम पर 744वां साप्ताहिक स्वच्छता जागरूकता श्रमदान किया गया। सुबह छह बजे से नौ बजे तक चले अभियान में गोमती नदी के तट, परिसर, श्राद्ध स्थल और सीता उपवन की सफाई की गई। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहा कि गोमती मित्र मंडल स्वेच्छा से स्वच्छता अभियान चलाने वाला समूह है। उन्होंने बताया कि संगठन किसी एनजीओ के रूप में कार्य नहीं करता और न ही उसे शासन से आर्थिक सहायता या चंदा प्राप्त होता है। सदस्यों के आपसी सहयोग से नियमित रूप से श्रमदान किया जाता है।

## पन्धौली में जलभराव से आठ घरों में घुसा पानी, ग्रामीणों ने बीडीओ से लगाई गुहार

**समृद्धि न्यूज, भेंटुआ/अमेठी।**

विकासखंड भेंटुआ की ग्राम पंचायत गौरिकपुर के पन्धौली गांव में बारिश के बाद जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। जल निकासी की नाली बंद होने से गांव में पानी भर गया और आठ घरों में पानी घुस गया, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से हर वर्ष बारिश में ऐसी स्थिति बनती है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने पुलिस के 100 नंबर पर भी सूचना दी, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका। गांव निवासी घनश्याम तिवारी, गणेश मणि तिवारी, उदय भान तिवारी, वरदी प्रसाद कोरी, अखिलेश कुमार बौद्ध, राम फेर कोरी, दिनेश कुमार तिवारी, राम करन सहित अन्य ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी भेंटुआ को शिकायत पत्र देकर जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंद पड़ी नाली की सफाई कराने और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते नाली की सफाई हो जाती तो घरों में पानी घुसने की नौबत नहीं आती।



## महिलाओं को अधिकारों व सुरक्षा कानूनों की दी गई जानकारी

**समृद्धि न्यूज, सतांव-रायबरेली।** क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को कोरिहर और डिहुरा गांव में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। गुरुबक्शगंज पुलिस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों को उनके अधिकारों, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों तथा सरकार द्वारा संचालित सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सम्मेलन में उप निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह व सुदीप गौतम के साथ मिनी द्विवेदी, गुड्डी और संध्या कुशवाहा ने महिलाओं से संवाद कर उन्हें घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, महिला उत्पीड़न सहित अन्य सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक किया।

## कांवड़ियों को माला पहनाकर सपा प्रदेश सचिव ने किया स्वागत

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

श्रावण मास पर देवघर (बाबा बैजनाथ धाम) झारखण्ड जा रहे कांवड़ियों के जत्थे को एनएसपीएस के मैनेजिंग डायरेक्टर व सपा के प्रदेश सचिव डॉ. शशिकान्त शर्मा ने कांवड़ियों का मुँह मीठा करवाया और उनको पानी की बोतले दी। उन्होंने कांवड़ियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया जिस वक्त वे कांवड़ियों का स्वागत कर रहे थे आसमान में अचानक काले बादल छा गए और हल्की-हल्की बरसात की फुहारे गिरने लगी। इस बीच कांवड़ियों ने बोल बम का जयकारा लगाकर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। बताते चलें कि कांवड़ियों का जत्था आदित्य बाजपेयी के नेतृत्व में हरचन्दपुर से बस के द्वारा देवघर जा रहा था। यह जत्था झारखण्ड के सुल्तानगंज की गंगा नदी का जल लेकर लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर पैदल चलकर बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक करता है। हरचन्दपुर का यह जत्था विगत कई सालों से लगातार श्रावण मास के अवसर पर जाता है। डॉ. शशिकान्त शर्मा ने कहा कि श्रावण मास भगवान भोलेनाथ का पवित्र मास बोला गया है। उन्होंने कहा कि इस माह में जो लोग भी कांवड़ यात्रा निकालकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है जब-जब देश में विपत्ति आई तब-तब भोलेनाथ ने इस विपत्ति से देश को बाहर किया। उन्होंने कहा कि जितने भी भोले भक्त कांवड़ लेकर जा रहे हैं उनका भोलेनाथ उद्धार करें और सभी की मनोकामना पूर्ण करें।



## अवैध झटका मशीनों के खिलाफ चला अभियान

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** फसलों की सुरक्षा के लिए अवैध रूप से लगाए गए झटका मशीनों की चपेट में आकर हुई मौतों का जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने संज्ञान लिया है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों और पुलिस क्षेत्राधिकारियों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर खेतों में लगी ऐसी मशीनों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद जिले की सभी तहसीलों में राजस्व, पुलिस और विद्युत विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गई।



टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर फसल सुरक्षा के लिए अवैध रूप से लगाए गए झटका मशीनों को हटवाया। प्रशासन के अनुसार, अभियान के दौरान जहां भी अवैध झटका मशीनें पाई जा रही हैं, उन्हें हटाने के साथ संबंधित लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई भी की जा रही है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि खेतों में फसल बचाने के लिए विद्युत करंट प्रवाहित करने वाली अवैध व्यवस्था का इस्तेमाल न होने दिया जाए, ताकि करंट की चपेट में आने से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# महंगाई व जीएसटी से परेशान व्यापारियों की आवाज बुलंद करेगा संगठन : प्रियतेश तोमर

▸ समाजवादी व्यापार सभा की बैठक

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।

बीकानेर होटल में आयोजित समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक में 2027 विधानसभा चुनाव और मतदाता पुनरीक्षण पर मंथन हुआ। इस दौरान संगठन की मजबूती, व्यापारियों के उत्पीड़न और आगामी राजनीतिक लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर ने कहा महंगाई व जीएसटी से परेशान व्यापारियों की आवाज हमारा संगठन बुलंद करेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में छोटा और मध्यम व्यापारी वर्ग महंगाई, जटिल जीएसटी प्रणाली और प्रशासनिक बाधाओं से बुरी तरह प्रभावित है। व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन आज यही वर्ग सबसे ज्यादा उपेक्षित महसूस कर रहा है। हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की इन समस्याओं को प्रमुखता से उठाना और उन्हें न्याय दिलाना है। संचालन कर रहे वरिष्ठ सपा नेता शैलेंद्र सिंह राठौर बबलू प्रधान ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए कि वे अपने-अपने मोहल्लों और क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाएं। इसके तहत जिन पात्र युवाओं या नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूट गए हैं, उनके नाम प्राथमिकता के आधार पर वोटर लिस्ट में जुड़वाने का कार्य करें। अन्य वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाकर ही व्यापारी और आम जनता का हित सुरक्षित किया जा सकता है। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लक्ष्य के साथ काम करने की शपथ ली।




# पाल एकता मिशन की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

▸ 13 अगस्त को मनाई जाएगी अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।

पाल एकता मिशन शाखा छिबरामऊ की आवश्यक बैठक रविवार को देवेश कुमार पाल के विद्यालय परिसर में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, पाल समाज की एकता और आपसी सहयोग बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों और सदस्यों ने समाज के लोगों से एकजुट होकर संगठन के हित में कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में आगामी 13 अगस्त को राजमाता अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि श्रद्धाभाव के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम गुरुवार को शाम चार बजे आयोजित किया जाएगा। इस दौरान राजमाता को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन, आदर्शों और जनसेवा के कार्यों को याद किया जाएगा। समाज के सभी गणमान्य लोगों और सज्जनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों और रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श हुआ। आयोजन को सफल बनाने के लिए सदस्यों से सहयोग करने का आह्वान किया गया।

इस दौरान महाराम पाल, अनिल पाल, स्वदेश पाल, राजेंद्र बाबू पाल, मेघनाथ पाल, देवेश पाल, शुभ दंत पाल, नेत्रपाल सिंह, प्रमोद कुमार पाल, विनय कुमार, मोनू यादव और धीरेंद्र सिंह सहित कई सदस्य मौजूद रहे।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के कुंअरपुर लोधेपुर गांव के पास रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी छोटे लाल पुत्र प्रताप सिंह सुबह शौच के लिए घर से निकले थे। वह सड़क किनारे जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छोटे लाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने उन्हें घायल अवस्था में देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में उन्हें छिबरामऊ के सौ शैया अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# डीएम, एसपी व विधायका ने परखीं कावड़ यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाएं

▸ सावन के दूसरे सोमवार को लेकर जिले का प्रशासन अलर्ट

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ।

सावन के दूसरे सोमवार को लेकर शासन-प्रशासन ने कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। फर्रुखाबाद रोड से बड़ी संख्या में कांवड़ियों के आवागमन को देखते हुए नगर के फर्रुखाबाद चौराहे पर विशेष व्यवस्थाएं की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम को तैनात करने के साथ ही कांवड़ियों के लिए पानी के स्टॉल भी लगाए गए। इसके अलावा श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने भी अपने-अपने स्तर पर पानी, शरबत और मिष्ठान की व्यवस्था कर कांवड़ियों की सेवा की। रविवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के साथ विधायक अर्चना पांडेय ने फर्रुखाबाद चौराहे पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक ने अधिकारियों से कांवड़ यात्रियों के लिए की गई तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान नगर पालिका और राजस्व विभाग की टीमें भी मौके पर मौजूद रहीं। प्रशासन ने कांवड़ियों की सुविधा के लिए साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी है। सावन के दूसरे सोमवार को देखते हुए प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है।



# नितिन अग्रवाल के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।

उत्तर प्रदेश सरकार में आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर रविवार को संगठन के जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता के नेतृत्व में सौ शैया अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पदाधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए और राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने बताया कि राज्यमंत्री ने अपने जन्मदिन को जनसेवा के माध्यम से मनाने का आह्वान संगठन के पदाधिकारियों से किया था। इसी क्रम में अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए। इस दौरान जिला महामंत्री आशीष वर्मा, जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व सभासद अतुल वर्मा, अंशु पाल, जिला मंत्री प्रदीप गुप्ता राणा, नगर अध्यक्ष गौरव गोयल, नगर उपाध्यक्ष उमेश राठौर, नगर महामंत्री सचिन वर्मा, अभिषेक सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# आजाद समाज पार्टी ने कुंअरपुर जनू में की सत्ता परिवर्तन जनसभा

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।

कुंअरपुर जनू गांव में रविवार को आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में सत्ता परिवर्तन जनसभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है और भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। बेरोजगारी के कारण युवा परेशान हैं। उन्होंने मंडल कमीशन को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग करते हुए कहा कि ऐसा नहीं होने पर कुर्सी खाली करने का नारा फिर बुलंद किया जाएगा। प्रभात गौतम ने कहा कि आजाद समाज पार्टी जनता के जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। सांसद चंद्रशेखर आजाद सड़क से संसद तक बहुजन समाज की आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पार्टी उत्तर प्रदेश में तीसरी बड़ी ताकत बनकर उभरी है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह ने ई-20 पेट्रोल को लेकर सरकार पर निशाना साधा। जिला प्रभारी अनंत शाक्य ने कार्यकर्ताओं को चंद्रशेखर आजाद को मुख्यमंत्री बनाने की शपथ दिलाई।

इस दौरान चांद खां, अनुज रावण, अनुज गौतम, अरशद खां, जितेंद्र बाल्मीकि, मानसिंह व आयोजक महेश चंद्र समेत कई लोग मौजूद रहे।



## खबरें एक नजर में

### बहलपुर मामले को लेकर भाकियू अराजनैतिक का धरना आज

छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह के आह्वान पर ग्राम बहलपुर के मामले को लेकर 10 अगस्त यानी आज तहसील छिबरामऊ परिसर में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष नीरज भाटिया ने बताया कि प्रदर्शन माननीय न्यायालय के आदेश की अवहेलना किए जाने के आरोप को लेकर होगा। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने पीड़ित पक्ष के साथ अन्याय किया तो संगठन द्वारा भूख हड़ताल शुरू की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। धरना सुबह 11 बजे शुरू होगा।

### सावन में रुद्राभिषेक से पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं: कमलाकांत अग्निहोत्री

गुरसहायगंज, कन्नौज। सावन के पावन महीने में रुद्राभिषेक करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भगवान शिव को सावन में एक लोटा जल और बेलपत्र अर्पित करने से भोलेनाथ भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी करते हैं। यह बात रामकृष्ण नगर में आयोजित रुद्राभिषेक कार्यक्रम में आचार्य कमलाकर अग्निहोत्री व्याकरणाचार्य ने कही। कार्यक्रम के.के. श्रीवास्तव कार्यालय अधीक्षक के यहां संपन्न हुआ। आचार्य कमलाकर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक कराया। उन्होंने कहा कि सभी देवताओं में भोलेनाथ ऐसे देवता हैं जो अति शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं और भक्तों को मनचाहा वरदान देते हैं। उन्होंने बताया कि इस पावन महीने में जो भक्त रुद्राभिषेक व भोलेनाथ के मंदिर में दूध, दही, घी, मधु, गंगा जल, बेलपत्र, पुष्प, चंदन, धतूरा, भांग और बिल्व आदि को शिवलिंग पर अर्पित करते हैं, उनकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं।



### सपा समाजवादी नहीं, मंदिर चोरों की पार्टी बन गई: सुब्रत पाठक

कन्नौज। पूर्व भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने रविवार को समाजवादी पार्टी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला कि संभल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने मंदिरों में चोरी के मामलों को लेकर सपा पर निशाना साधा। कहा कि पांच मंदिरों में चोरी की बात सामने आई है। सपा नेताओं को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि सपा अब समाजवादी नहीं, बल्कि 'मंदिर चोरों' की पार्टी बन गई है। सुब्रत पाठक ने सपा सरकार के कार्यकाल को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उस दौरान दंगाइयों के मुकदमे वापस लिए गए और प्रदेश में लगातार दंगे होते रहे। पीडीए के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अब पिछड़ों को हटाकर 'पंडित' जोड़ने की कवायद की जा रही है। रामचरितमानस की प्रतियां जलाने वालों को भी जनता के सामने जवाब देना होगा। परिवारवाद को लेकर उन्होंने कहा कि सपा एक परिवार तक सिमट गई है और अखिलेश यादव तथा डिंपल यादव ही पार्टी चला रहे हैं। राम मंदिर चंदा चोरी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि किसी कर्मचारी के दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होना व्यवस्था का हिस्सा है। सवाल किया कि यदि राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव का नाम किसी मामले में आया तो क्या सपा को 'चंदा चोर' कहा जाएगा? कन्नौज सदर सीट पर भाजपा में कथित गुटबाजी के सवाल पर सुब्रत पाठक ने कहा कि भाजपा किसी एक व्यक्ति की पार्टी नहीं है।

# धूमधाम से संपन्न हुआ भगवान सोमेश्वर का वैवाहिक कार्यक्रम

▸ शिव बारात का हुआ भव्य स्वागत

समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज, कन्नौज।

श्री राम प्रकाश त्रिपाठी उद्यान स्थित श्री सोमेश्वर शिवालय में चल रही श्री शिव पुराण कथा के अंतिम दिवस पर शनिवार को भक्तिभाव और उल्लास का माहौल रहा। कथा वाचक आचार्य बलराम त्रिपाठी ने कथा सुनाई और भगवान सोमेश्वर का वैवाहिक कार्यक्रम पूर्ण वैदिक विधि-विधान से संपन्न कराया गया। शिव बारात का नगर में भव्य स्वागत किया गया। बारात कामिनी देवी त्रिपाठी के आवास से ढोल नगाड़ों के साथ प्रारंभ होकर कारों के काफिले के रूप में शिवालय सोमेश्वर धाम पहुंची। बारात का स्वागत नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मुन्नी देवी, सभासद रितु गुप्ता, जीतू गुप्ता, सुरेंद्र राठौर एवं शिवा गुप्ता ने किया। बारातियों का नेतृत्व डॉक्टर ज्ञान सिंह, अश्वनी गुप्ता, विपिन तिवारी, आकाश तिवारी तथा अजीत वर्मा ने किया। शिवालय पहुंचकर विधिवत द्वार पूजा, जयमाल एवं पर पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात आरती की गई और आए हुए सभी बारातियों एवं श्रद्धालुओं के लिए भोज की व्यवस्था की गई। समारोह के अंत में कौशिकी त्रिपाठी ने सभी अतिथियों एवं भक्तों का धन्यवाद ज्ञापित किया। आचार्य बलराम त्रिपाठी ने बताया कि कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवती उमा ने शैलराज हिमवान और मैना को पुत्री रूप में अवतार लेने का आशीर्वाद दिया। महर्षि नारद के उपदेश पर उमा ने कठोर तप किया जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने ब्राह्मण वेश में परीक्षा लेकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकारने का वचन दिया। सप्तर्षियों के समझाने पर हिमवान ने वैवाहिक कार्यक्रम की तैयारी की।



### 36 स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेले में 1597 मरीजों का इलाज

समृद्धि न्यूज़, कन्नौज। जिले के 32 ग्रामीण और चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 1597 मरीजों को निःशुल्क जांच और उपचार की सुविधा मिली। इनमें 734 पुरुष, 617 महिलाएं और 246 बच्चे शामिल रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर नोडल अधिकारी आरोग्य स्वास्थ्य मेला और निरीक्षण टीमों ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले में मरीजों की जांच और उपचार के साथ बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कराया गया।

स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार कल्याण सेवाओं के साथ हेपेटाइटिस बी और सी की जांच, टीबी के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग तथा नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया।



### किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

समृद्धि न्यूज़, कन्नौज। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी का रविवार को कन्नौज पहुंचने पर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे स्थित फगुहा कट पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर माल्यार्पण किया। इस दौरान संगठनात्मक कार्यक्रमों, किसानों से जुड़े मुद्दों और किसान मोर्चा को मजबूत करने पर चर्चा हुई। देवेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए जनसंपर्क बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें किसानों के हित में लगातार काम कर रही हैं। कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान श्यामू राजपूत, अजय वर्मा, पुच्ची ठाकुर, रामबाबू कटियार, राघव तिवारी, अमित ठाकुर और जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पाण्डेय समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति अभियान में छात्राओं को महिला सुरक्षा और साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक



समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज। मिशन शक्ति टीम ने रविवार को क्षेत्र के ग्राम मनिकापुर पहुंचकर छात्राओं और महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। उपनिरीक्षक दीपांजलि वर्मा के नेतृत्व में महिला आरक्षी अनूपा तिवारी, खुशबू और कीर्ति ने छात्राओं को एकत्रित कर उत्तर प्रदेश पुलिस के मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान फेज-5.0 एवं एंटी रोमियो अभियान की जानकारी दी। टीम ने महिलाओं और छात्राओं को किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिए वीमेन पावर लाइन 1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया। इसके अलावा ऑपरेशन कवच और साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

# सदगुरु के प्रति विश्वास से प्रारंभ होती है सच्ची भक्ति : महात्मा हरगोविंद

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।

पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में परम पूज्य महात्मा हरगिविंद ने भक्तों को प्रभु भक्ति का गहन संदेश देते हुए कहा सदगुरु के प्रति विश्वास से सच्ची भक्ति प्रारंभ होती है।

उन्होंने कहा कि भक्ति का आधार विश्वास है, और बिना विश्वास के परमात्मा से सच्चा संबंध नहीं बन सकता। भक्ति का अर्थ है परमात्मा के साथ आत्मिक जुड़ाव, जो सदगुरु के मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं है। परमात्मा की अनुभूति के लिए सदगुरु पर पूर्ण विश्वास आवश्यक है। सदगुरु वह सेतु हैं, जो भक्त की आत्मा को परमात्मा से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा विश्वास करें कि मेरा सदगुरु समर्थ है, वही मुझे प्रभु से मिलाएगा। इस विश्वास के साथ भक्त यह स्वीकार करता है कि परमात्मा ही सर्वशक्तिमान है, जो प्रत्येक कण में समाया है और सृष्टि का रचनहार है। यही विश्वास भक्ति की नींव रखता है। उन्होंने आगे कहा कि सच्चा भक्त सुख-दुख को प्रभु की इच्छा मानकर सहज जीवन जीता है। जो भक्त इस भाव को आत्मसात कर लेता है कि 'सुख भी तेरा, दुख भी तेरा,' वही परम विश्वास वाला भक्त बनता है। ऐसा भक्त कर्म करता हुआ प्रभु की रजा में रहकर ब्रह्मज्ञानी संत कहलाता है। सेवादल संचालक मनीष कुमार ने बताया स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को संत निरंकारी भवन में मुक्ति पर्व का आयोजन किया जाएगा। महात्मा हरिश्चंद्र के संचालन में आयोजित इस सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी भजनों और प्रवचनों के माध्यम से संगत को निहाल किया।

संत निरंकारी भवन में सत्संग





## महत्वपूर्ण सूचना

**ECC Educator भर्ती**
**जनपद कन्नौज**

जनपद कन्नौज में ECC Educator पद हेतु सेवायोजन पोर्टल पर दिनांक 22 जुलाई 2026 को विज्ञप्ति प्रकाशित की गई थी, जिसकी आवेदन की अंतिम तिथि 07 अगस्त 2026 निर्धारित थी। कुछ अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन न कर पाने की सूचना प्राप्त होने तथा सेवायोजन पोर्टल पर उत्पन्न तकनीकी समस्या के दृष्टिगत उक्त विज्ञप्ति को निरस्त करते हुए दिनांक 05 अगस्त 2026 को सेवायोजन पोर्टल पर संशोधित नवीन विज्ञप्ति पुनः प्रकाशित कर दी गई है। नवीन विज्ञप्ति में आवेदन की अंतिम तिथि 12 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। वे भी नवीन विज्ञप्ति पर अपना आवेदन पुनः करना सुनिश्चित करें।

अतः सभी संबंधित अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व नवीन विज्ञप्ति पर पुनः आवेदन करना सुनिश्चित करें।

– नियोजक
जनपद कन्नौज, उत्तर प्रदेश

# खाड़ेदेवर में निकली भव्य कांवड़ यात्रा हिंदू-मुस्लिम एकता की बनी मिसाल

समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज, कन्नौज।

सावन माह में श्रद्धा और उत्साह के साथ खाड़ेदेवर गांव में रविवार को भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। दर्जनों श्रद्धालुओं ने 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों के साथ पूरे गांव में भक्ति का माहौल बना दिया। यात्रा की सबसे खास बात हिंदू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। अलग-अलग समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे का सम्मान करते हुए यात्रा में सहयोग किया और सौहार्द का संदेश दिया। इस दौरान प्रधान पद के उम्मीदवार इरशाद अली ने कांवड़ यात्रियों का माला पहनाकर और फूल-मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया और कहा कि त्योहार हमें आपस में जोड़ते हैं। आस्था अपनी जगह है, लेकिन इंसानियत और भाईचारा सबसे ऊपर है। गांव के लोगों ने मिल-जुलकर यात्रा का स्वागत किया। हर तरफ उत्साह, श्रद्धा और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों की एकजुटता ने यह साबित किया कि जब गांव एक साथ खड़ा होता है तो हर त्योहार खुशियों और एकता का संदेश बन जाता है।




# ड्यूटी पर सोते मिले प्रधानाचार्य निलंबित

▸ वीडियो वायरल होने के बाद बीएसए ने की कार्रवाई
▸ 15 दिन में जांच रिपोर्ट के निर्देश
▸ वायरल वीडियो में कुछ बच्चे मोबाइल पर गेम खेलते भी दिखाई दिये

समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।

उमर्दा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय सिकरोरी में ड्यूटी के दौरान बेंच पर सोते मिले कार्यवाहक प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा को निलंबित कर दिया गया। बच्चों के बीच प्रधानाचार्य के सोने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रभारी बीएसए शिवम गुप्ता ने कार्रवाई की। वायरल वीडियो में कुछ बच्चे मोबाइल पर गेम खेलते भी दिखाई दे रहे थे।

मामले की जांच उमर्दा के खंड शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार को सौंपी गई थी।

उन्होंने पांच अगस्त को विद्यालय पहुंचकर जांच की। इस दौरान प्रधानाचार्य के खिलाफ कुछ अन्य शिकायतें भी सामने आईं। बीईओ की रिपोर्ट के आधार पर प्रधानाचार्य को निलंबित कर बीआरसी उमर्दा से संबद्ध किया गया है। आरोपों की विस्तृत जांच छिबरामऊ के बीईओ आनंद द्विवेदी करेंगे। उन्हें 15 दिन में रिपोर्ट देनी होगी।

# शहर में डीएम-एसपी के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।

हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत रविवार को शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में अमर जवान ज्योति केंद्र से शुरू हुई यात्रा लाखन तिराहा पहुंचकर संपन्न हुई। हाथों में तिरंगा लिए प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारों और गीतों से माहौल को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। यात्रा में स्थानीय नागरिकों के साथ अधिकारी, पुलिसकर्मी, एनसीसी कैडेट और स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डीएम ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से जनउत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से नौ से 17 अगस्त तक आयोजित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने की अपील की। एसपी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति के साथ राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देना है। इस दौरान सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम देवेंद्र सिंह, एएसपी अजय कुमार, सीएमओ डॉ. विकास चंद्रा और एसडीएम वैभव गुप्ता मौजूद रहे।

# बाढ़ की चपेट में जिले के 36 गांव, घरों से लेकर गलियों तक पानी ही पानी

- मजदूर, किसान, पशुपालक सहित 5725 परिवार बाढ़ से प्रभावित

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद/अमृतपुर।** तीन दिनों की राहत के बाद गंगा नदी ने एक बार फिर अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। शनिवार व रविवार को नदी के जलस्तर में करीब पांच सेंटीमीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। इससे तटवर्ती गांवों में रहने वाले ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। गंगा का जलस्तर अब चेतावनी बिंदु से 25 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच चुका है और आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। रविवार सुबह 11 बजे गंगा का जलस्तर 136.85 मीटर दर्ज किया गया। जिले में गंगा का चेतावनी बिंदु 136.60 मीटर पर है, जबकि खतरे का निशान 137.10 मीटर निर्धारित है। ऐसे में नदी का पानी चेतावनी बिंदु को पार कर चुका है और खतरे के निशान से महज 25 सेंटीमीटर नीचे है। 36 गांवों में बाढ़ का असर साफदिखयी देने लगा है, जिससे हजारों परिवार प्रभावित हुये है। जलस्तर बढ़ने से जिले के तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का संकट फिर गहराने लगा है।



बाढ़ के पानी से निकलते लोग

कायमगंज तहसील के 13, अमृतपुर के 14 और सदर तहसील के 9 गांव, यानी कुल 36 गांव बाढ़ से प्रभावित बताए जा रहे हैं। करीब 5,725 परिवार बाढ़ की स्थिति से प्रभावित हुए हैं। कई इलाकों में पानी पहुंचने से ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। रोजमर्रा के कामकाज, पशुओं के चारे और जरूरी सामान की व्यवस्था को लेकर भी ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर ने तटवर्ती आबादी की चिंता एक बार फिर बढ़ा दी है। सबसे बड़ी चिंता नरौरा बांध से छोड़े गए पानी को लेकर है। जानकारी के मुताबिक गंगा में करीब 1.82 लाख क्यूसेक पानी और छोड़ा गया है। यदि नदी का जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो बाढ़ प्रभावित गांवों की संख्या और प्रभावित परिवारों का आंकड़ा भी बढ़ सकता है। तटवर्ती गांवों में लोगों की नजर अब गंगा के जलस्तर पर टिकी हुई है। हरिद्वार बांध से 89 हजार और बिजनौर से 1 लाख 17000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है। जिससे गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कई गांवो तक पहुंचने वाले संपर्क मार्गों पर पानी भरा हुआ है और कई स्थानों पर नाव सहारा बन चुकी है। परिवार घरों में कैद होकर रह गए हैं। बच्चे बुजुर्ग घर से नहीं निकल पा रहे हैं। बीमार बेबस और लाचार व्यक्तियों के लिए इस समय घर से बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं है। ग्राम मंझा की मडैया, करनपुर घाट, कुडरी सारंगपुर, फखरपुर, बनारसीपुर, जोगराजपुर, उदयपुर, तीसराम की मड़ैया, आशा की मड़ैया आदि बाढ़ पीड़ित गांव के लोगों का कहना है कि निचले इलाकों में भरे पानी से गन्ने की फसल के उत्पादन में भारी कमी आ सकती है। जो गन्ना लगातार पानी में डूबा हुआ है वह पतला टेढ़ा होकर नीचे गिर जाता है और उसमें नुकसान हो जाता है। बाढ़ क्षेत्र के ग्रामीण होते लाल, बनवारी लाल, रामकिशोर, रामवीर, दिनेश, राजू, चंपक, छोटेलाल आदि ने बताया कि अगर बाढ़ की स्थिति अगले कुछ दिनों तक लगातार बनी रहती है तो फिर पशुपालक खेती किसानी करने वाले कृषक और रोजमर्रा की मजदूरी से अपना परिवार चलाने वाले मजदूरों पर काफी असर पड़ेगा।

## बाढ़ प्रभावित पूर्वी गौंटिया में लगा स्वास्थ्य शिविर



**समृद्धि न्यूज, अमृतपुर।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमृतपुर विधानसभा के ग्राम पूर्वी गौंटिया में निःशुल्क सुपरस्पेशलिस्ट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने पहुंचकर करीब क्षेत्रवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान मरीजों की ईसीजी, ब्लड प्रेशर सहित विभिन्न आवश्यक जांचें की गईं। जांच के बाद चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 160 मरीजों का हुआ इलाज

- खांसी जुकाम बुखार पेटदर्द व चर्म रोगों के मरीजों की संख्या बढ़ी

**समृद्धि न्यूज, अमृतपुर।** कस्बा अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बड़ी संख्या में बीमार मरीज इलाज के लिए पहुंचे। मेले में कुल 160 मरीजों का पंजीकरण कर उन्हें निःशुल्क जांच, परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेले के दौरान विभिन्न बीमारियों की जांच भी की गई। इनमें मलेरिया के 17, टाइफाइड के 15, शुगर के 26, बलगम के 8, हीमोग्लोबिन के 4, हेपेटाइटिस-बी के 3 तथा डेंगू के 3 मरीजों की जांच की गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीजों को आवश्यक उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य टीम ने जरूरतमंदों के तीन गोल्डन कार्ड भी बनाए। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सा अधिकारी डॉ0 गौरव वर्मा, फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, लैब टेक्नीशियन पवन कुमार, सोनाली पाल तथा एएनएम मीना सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। डॉ0 वर्मा ने बताया कि बरसात के मौसम में बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा दाद, खाज, खुजली तथा अन्य चर्म रोगों से पीड़ित मरीज भी बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि बरसात के मौसम में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।




उपचार कराते ग्रामीण

## न्यायालय के यथास्थिति आदेश के बीच खेत की जुताई, पुलिस से भिड़े आरोपी

**समृद्धि न्यूज, कंपिल।** भूमि विवाद से जुड़े एक प्रकरण में न्यायालय के यथास्थिति आदेश की अनदेखी कर खेत में जुताई किए जाने को लेकर रविवार को तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। ट्रैक्टर से जुताई की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम का मौके पर मौजूद लोगों से विवाद हो गया। सूचना पर सिवारा चौकी एवं थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। बाद में पुलिस अभिरक्षा से ट्रैक्टर छुड़ाकर ले जाने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने लगा। पुलिस ने मामले में एक आरोपी के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की है। मामला कमरुद्दीन नगर गांव में लगभग साढ़े नौ बीघा भूमि से संबंधित है। इस भूमि को लेकर बादल सिंह के परिवार और श्रवण कुमार पक्ष के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। बताया गया है कि यह प्रकरण वर्ष 2008 से न्यायालय में विचाराधीन है। बादल सिंह पक्ष का कहना है कि भूमि श्रेणी नौ के अंतर्गत उनके बाबा मुलायम सिंह के नाम दर्ज रही है और वर्तमान में परिवार का उस पर कब्जा है। परिजनों की ओर से पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में विवादित गाटा संख्या 129/1 और 129/2 का उल्लेख किया गया है। उनका कहना है कि सिविल कोर्ट एवं राजस्व परिषद, लखनऊ द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के आदेश पारित किए जा चुके हैं।

## हर घर जल योजना हवा-हवाई, दो साल से बनी टंकी, फिर भी पानी को तरस रहे ग्रामीण

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** लंबे समय से जलापूर्ति न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर पीने का पानी घरों में उपलब्ध कराये जाने की मांग की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को तुरन्त समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया है।

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन धरातल पर अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। फतेहगढ़ के ब्लॉक बढ़पुर स्थित ग्राम सभा खानपुर कोठा (कृष्णा नगर कॉलोनी) के निवासी पिछले दो साल से पीने के पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पानी की टंकी का निर्माण पूरे हुए दो साल से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन आज तक नलों में पानी की एक बूंद नहीं टपकी है। परेशान होकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी/ अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द पेयजल व्यवस्था चालू कराने की गुहार लगाई थी, लेकिन उसके बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र की आबादी 10,000 से अधिक है, जो पानी की किल्लत से जूझ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग दो वर्ष पहले पानी की टंकी का निर्माण पूरा हो गया था। तब जल जीवन मिशन के अधिकारियों ने 10 दिन में पानी सप्लाई शुरू करने का भरोसा दिया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। गांव में 50 से अधिक परिवार ऐसे हैं जिनके घरों में अपनी निजी बोरिंग नहीं है। मजबूरी में इन गरीब परिवारों को दूसरों से पैसे देकर पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने जल जीवन मिशन के सभी अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई और अधिकारी उनका मजाक बना रहे हैं। एक तरफ सरकार हर घर जल का दावा कर रही है, वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीणों को पीने का पानी तक मुहैया नहीं करा पा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि एक सप्ताह के भीतर पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से चालू की जाए। ग्रामीणों के इस प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को इस गंभीर प्रकरण की जांच कर नियमानुसार निस्तारण करने और रिपोर्ट सौंपने के सख्त निर्देश दिए हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में महेश राजपूत, शिवम त्रिपाठी, रामू यादव, विवेक पाल, अंकित यादव और अधिवक्ता शिवेंद्र मोहन मिश्रा समेत कई अन्य ग्रामीण व गणमान्य लोग शामिल रहे।



हैंडपंप पर पानी भरने को लगी भीड़

## खबरें एक नजर में

### चोरी के ट्रैक्टर व रोटावेटर सहित आरोपी गिरफ्तार

**नवाबगंज।** एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त को चोरी किए गए ट्रैक्टर व रोटावेटर सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नवाबगंज उपनिरीक्षक जगराम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वादी ने थाना नवाबगंज पर 15 जुलाई को अभियुक्तों द्वारा वादी का ट्रैक्टर रोटावेटर सहित चोरी कर लेने के संबंध में तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 61(2)/303(2)/बीएनएस के तहत अक्षय कुमार पुत्र श्याम स्वरुप निवासीगण ग्राम घुमइया रसूलपुर थाना नवाबगंज आदि 02 अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। वांछित अभियुक्त अक्षय कुमार पुत्र श्याम स्वरुप निवासी ग्राम घुमइया रसूलपुर को चोरी किए गए ट्रैक्टर व रोटावेटर सहित गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



### फतेहगढ़ में कल निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा

**फर्रुखाबाद।** भक्तगणों द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभु भोलेनाथ की भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन शिवभक्तों के लिए आस्था और उल्लास का प्रमुख केंद्र है। आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन 11 अगस्त दिन मंगलवार को किया जा रहा है। यात्रा प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। कांवड़ यात्रा की शुरुआत पांचालघाट से होगी, जहां श्रद्धालु पवित्र गंगाजल भरकर अपनी यात्रा आरंभ करेंगे। यह यात्रा मसेनी चौराहा और नेकपुर चौरासी से होते हुए चित्रगुप्त मंदिर पहुंचने के पश्चात सभी कांवड़िए और शिवभक्त भगवान भोलेनाथ का पावन जलाभिषेक करेंगे। पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ ही इस भव्य यात्रा का विधिवत विराम लगेगा।

### सोहगौली से बाबा धाम के लिए रवाना हुई कांवड़ यात्रा

**कुड़वार।** ग्राम पंचायत सोहगौली से रविवार को शिवभक्तों का कांवड़ियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। यात्रा को लेकर गांव और आसपास का माहौल भक्तिमय रहा। शिवभक्तों में बाबा धाम पहुंचकर जलाभिषेक करने को लेकर उत्साह दिखाई दिया। वीरेंद्र जायसवाल की अगुवाई में दर्जनों कांवड़िए यात्रा में शामिल हुए। रवाना होने से पहले भाजपा महिला मोर्चा काशी क्षेत्र की महामंत्री बबिता तिवारी ने शिवभक्तों का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया और उन्हें बाबा धाम के लिए रवाना किया। बबिता तिवारी ने कहा कि कांवड़ियों की यह यात्रा श्रद्धा और आस्था से जुड़ी है। उन्होंने शिवभक्तों की मंगलमय एवं सफल यात्रा की कामना की। कांवड़ियों का जत्था विभिन्न मार्गों से होते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचेगा, जहां श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्राचार्य डॉ0 कल्पना सिंह के संरक्षण व समारोहक डॉ0 अमित कुमार के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम चरण 06-08 अगस्त में शिक्षाशास्त्र विभाग के डॉ0 अमित कुमार ने तिरंगे के रंगों का अर्थ फहराने के तरीके, रखी जाने सावधानियां, गलत इस्तेमाल से होने वाले जुर्माना व सजा के प्रावधान को बताया। महाविद्यालय के कर्मचारियों विजय विक्रम सैनी, किशन पाल, राजेश ने छात्र-छात्राओं को तिरंगा लगाने की विधि को प्रदर्शन के माध्यम से समझाया। तिरंगे को किस प्रकार फहराया जाये है, इस पर आधारित वृत चित्र का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य ने समस्त छात्र-छात्राओं को कहा तिरंगा हमारा अभिमान घर-घर तिरंगा देश का सम्मान है। संचालन समारोहक डॉ0 अमित कुमार ने करते हुए आगामी कार्यक्रमों की सूचना छात्र-छात्राओं को दी। इस अवसर पर डॉ0 प्रियांशु गुप्ता, डॉ0 वीरेंद्र कुमार के साथ-साथ अनेकों छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।




कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य व अन्य शिक्षक

## दूध बेचकर लौट रही नाबालिग से गाली-गलौज, मां-बेटे से की मारपीट

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रविवार को दूध बेचकर घर लौट रही नाबालिग से गाली-गलौज के बाद महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। महिला के अनुसार उसका पति दिल्ली में नौकरी करता है। वह बच्चों के साथ गांव में रहती है। रविवार को उसकी नाबालिग बेटी दूध बेचकर पर्ची लेकर घर आ रही थी। आरोप है कि रास्ते में जेठ ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। बेटी के साथ हो रही बदसलूकी देखकर जब महिला ने विरोध किया तो मामला बिगड़ गया। आरोप है कि जेठ, जेठानी और जेठ के बेटे ने महिला के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आए महिला के नाबालिग बेटे को भी आरोपियों ने पीट दिया। जेठ आए दिन उससे विवाद करता है और जबरन संबंध बनाने का दबाव बनाता है। मारपीट में महिला और उसका नाबालिग बेटा घायल हो गए।

## फर्जी निस्तारण के विरोध में आमरण अनशन पर बैठे श्याम बिहारी अवस्थी

- 12 दिन के पूर्व अनशन के बाद डीएम के आश्वासन पर हुआ था समाप्त

**समृद्धि न्यूज, अमृतपुर।** शिकायतों के फर्जी निस्तारण और अधिकारियों द्वारा कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाते हुए बलीपट्टी निवासी श्याम बिहारी अवस्थी ने अपने अनिश्चितकालीन अनशन को अब आमरण अनशन में बदल दिया है। उन्होंने जल का भी त्याग कर दिया है। श्याम बिहारी अवस्थी का कहना है कि जब तक उनकी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराकर उन्हें न्याय नहीं मिलता और फर्जी निस्तारण करने वाले जिम्मेदार कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका अनशन जारी रहेगा। श्याम बिहारी अवस्थी इससे पहले भी अपनी मांगों को लेकर लगातार 12 दिनों तक अनशन कर चुके हैं। उस समय जिला अधिकारी द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद उन्होंने अपना अनशन समाप्त कर दिया था। उनका आरोप है कि आश्वासन के बाद काफी समय बीत जाने के बावजूद उनकी शिकायतों का न तो उचित समाधान हुआ और न ही उन्हें न्याय मिल सका। इससे क्षुब्ध होकर उन्होंने 1 अगस्त से दोबारा अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया।



अनशन पर बैठे श्याम बिहारी अवस्थी

**संपूर्ण समाधान दिवस में दिए प्रार्थना पत्रों पर उठाए सवाल**

अनशन पर बैठे श्याम बिहारी अवस्थी का आरोप है कि उन्होंने अमृतपुर तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी समस्याओं को लेकर कई प्रार्थना पत्र दिए थे। इन शिकायतों पर मौके पर उचित जांच और कार्रवाई करने के बजाय कागजों में ही उनका निस्तारण कर दिया गया। उनका कहना है कि शिकायतों के निस्तारण की वास्तविकता और मौके की स्थिति में काफी अंतर है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी शिकायतों का फर्जी निस्तारण दिखाकर अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी गई, जबकि वास्तविक समस्या जस की तस बनी हुई है।

## आलू ने बिगाड़ा किसानों का गणित लागत निकालना भी हुआ मुश्किल

- कम भाव ने बढ़ाई किसानों की चिंता
- कोल्ड स्टोरेज का भाड़ा चुकाना भी पड़ रहा भारी

**समृद्धि न्यूज, अमृतपुर।** आलू की पैदावार के लिए देशभर में अपनी अलग पहचान रखने वाले जनपद के किसानों के सामने इस बार भी आलू ने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। अमृतपुर क्षेत्र में गंगा और रामगंगा नदियों के बीच बसे गांवों में बड़ी संख्या में किसान आलू की खेती पर निर्भर हैं। किसानों को उम्मीद थी कि इस बार फसल उन्हें अच्छी आमदनी देगी, लेकिन बाजार में अपेक्षित भाव न मिलने से किसानों का पूरा गणित बिगड़ गया है। अमृतपुर क्षेत्र में अधिकांश किसान बड़े पैमाने पर आलू की खेती करते हैं। कुछ किसान फसल की खुदाई के तत्काल बाद आलू को बाजार में बेच देते हैं, जबकि अधिकांश किसान बेहतर कीमत मिलने की उम्मीद में अपनी उपज कोल्ड स्टोरेज में भंडारित कर देते हैं। किसानों का कहना है कि आलू की खेती में बीज, खाद, दवा, सिंचाई, मजदूरी, जुताई और खुदाई सहित कई तरह के खर्च होते हैं। इसके बाद फसल को कोल्ड स्टोरेज में रखने के लिए भाड़ा देना पड़ता है। जब बाजार में आलू का भाव लागत के आसपास या उससे भी नीचे पहुंच जाता है तो किसान को अपनी ही उपज बेचने के बाद अपेक्षित पैसा नहीं मिल पाता। आलू की फसल से उम्मीद के मुताबिक पैसा न मिलने के कारण परिवारों को बेटे-बेटियों की शादी टालनी पड़ी।

## व्यापार मण्डल ने प्रदेश अध्यक्ष का 45वां जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता मंसाराम एवं नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह पिंटू यादव के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष व आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का 45वां जन्मदिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया। पदाधिकारियों ने सिरौली नवाबगंज स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर जरूरतमंद बुजुर्गों को भोजन, मिष्ठान एवं दैनिक आवश्यकता के वस्त्र वितरित किए। वृद्धाश्रम में रह रहे 71 बुजुर्ग पुरुषों को कुर्ता-पायजामा तथा 30 महिलाओं को साड़ियां भेंट की। आश्रम की व्यवस्था में लगे 15 सदस्यीय स्टाफ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुराग कौशल, विनय अग्रवाल, राजीव यादव, अनुराग मिश्रा, अजय गुप्ता, योगेंद्र सिंह, शैलेश गुप्ता, श्यामू गुप्ता, राजीव राजपूत, राहुल यादव, गौरव वर्मा, आशीष गुप्ता, महेश वर्मा, ओमि अरोड़ा, खजांची यादव, मनोज गुप्ता, मनीष अरोड़ा, संजीव गुप्ता, मंगल गंगवार, शिव मंगल कौशल, हिमांशु शर्मा, नन्हे वर्मा, दिनेश राठौर, अशोक गुप्ता, उत्तम कोरी, विनय सक्सेना, संजय भारद्वाज, दिलीप वर्मा, विपिन दुबे, गौरव अग्रवाल, भानु प्रताप, प्रमोद शर्मा, जुनैद खान, कन्हैया कौशल, फहीम खां और संजू दीक्षित के अलावा सुशील कुमार, विकास पांडेय, नीलम, वंदना, श्री कृष्ण, राधेश्याम, अजय कुमार, राजेश कुमार, राजेंद्र सिंह, अरबिंद कुमार, सुनीता देवी, शशी प्रभा एवं शशी देवी उपस्थित रहे।



वृद्धाश्रम में महिला को साड़ी देते व्यापारी

### मजलिस में जा रही बस पर पथराव, चार युवक हिरासत में

**कुड़वार सुल्तानपुर।** बंधुआकला थाना क्षेत्र के मनियारपुर गांव में शनिवार देर रात मजलिस में शामिल होने जा रही बस पर जुड्डूपुर मोड़ के पास बाइक सवार युवकों द्वारा पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। बस में महिलाएं और पुरुष सवार थे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर चार युवकों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, धम्मौर थाना क्षेत्र के भाई गांव से महिला और पुरुष एक बस से मनियारपुर गांव में आयोजित मजलिस में शामिल होने जा रहे थे। आरोप है कि बस के आगे दो बाइकों पर चार-पांच युवक चल रहे थे। बस चालक द्वारा साइड लेने के लिए हॉर्न बजाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

## कलार्पण साधारण सभा की बैठक संपन्न

- उज्जैन में होगा पांचवां राष्ट्रीय अधिवेशन

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** कला एवं साहित्य साधकों को समर्पित अखिल भारतीय संस्था कलार्पण की बैठक लाल सराय स्थित कलमकार भवन में संपन्न हुई। रविवार को आयोजित बैठक में पूर्व में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही, अक्टूबर माह में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय पांचवें राष्ट्रीय अधिवेशन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ भगवान नटराज का आह्वान करके हुआ। संगीत विधा संयोजक ईशांत मिश्रा ने ध्येय गीत प्रस्तुत किया। सचिव राम मोहन शुक्ला ने बताया कि संस्था का पांचवां तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन उज्जैन में आयोजित होगा। इसमें देश भर के कलाकार प्रतिभाग करेंगे, जहाँ साहित्य, कला, संगीत, लोककला और नृत्य के कलाकार अपनी अलग-अलग विधाओं में प्रस्तुतियां देंगे। इसी के साथ एक रंग यात्रा भी निकाली जाएगी। उन्होंने अपील की कि जो कलाकार इस अधिवेशन में शामिल होना चाहते हैं, वे समय से अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। बैठक में नाट्य कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए थियेटर कलाकार धीरज मौर्या को समाजसेवी संजय गर्ग द्वारा सम्मानित किया गया। नाट्य विधा संयोजक अमित सक्सेना ने कहा कि संस्था द्वारा नए कलाकारों को जोड़कर उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है। बैठक के दूसरे चरण में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें युवा कवि देवेश तिवारी ने समसामयिक मुद्दों पर कटाक्ष करते हुए कहा संग्राम कहां तक टालोगे तुम अपनी तानाशाही से, बलिदान कहां तक मांगोगे तुम अपनी तानाशाही से।

जल रहा युवाओं का भविष्य पेपर लीक के मुद्दों से, क्या ऐसे स्वर्णिम देश बनेगा तेरी तानाशाही से। राज गौरव पाण्डेय ने शिव भजन प्रस्तुत किया।

वहीं, दिलीप कश्यप कलमकार ने देशभक्ति का जज्बा भरते हुए कहा सौराष्ट्र कसम हम खाते हैं, फंदे को गले लगाएंगे। भारत माता की जय बोलेंगे, सूली पर चढ़ जाएंगे।



धीरज मौर्य को सम्मानित करते संजय गर्ग

# एनपीएस, यूपीएस और टीईटी के विरोध में गरजे कर्मचारी

**संयुक्त संघर्ष संचालन समिति की संकल्प सभा संपन्न**



बैठक को संबोधित करते प्रमोद दीक्षित

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के प्रांतीय आवाह्न पर एक दिवसीय संकल्प सभा का आयोजन सातनपुर रोड कृष्णा कॉलोनी कैम्प कार्यालय में किया गया। सभा में कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और वर्तमान नीतियों के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। सभा के दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने एनपीएस, यूपीएस और टीईटी भारत छोड़ों के जोरदार नारे लगाए और इन व्यवस्थाओं के खिलाफ सर्वसम्मति से एक विरोध प्रस्ताव भी पारित किया। कर्मचारियों ने मांग की है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और यूपीएस को पूरी तरह से समाप्त किया जाए। शिक्षक पात्रता परीक्षा की व्यवस्था को खत्म किया जाए। विभागों में कार्यरत सभी संविदा और मानदेय कर्मियों को तत्काल प्रभाव से नियमित किया जाए। अपनी इन अहम मांगों के समाधान हेतु संयुक्त संघर्ष संचालन समिति की ओर से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित, संयोजक प्रवेश कटियार, अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद खां, अटल शुक्ल, सचिन मिश्रा, विवेक अग्निहोत्री, बृजेश शाक्य, विजय राठौर, राहुल यादव, देवेश पटेल, शिवकुमार, सुधीर कुमार पाल, मनोज कुमार, वीरेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, दीपक रायजादा, जगबहादुर सैनी, मनोज कुमार, अरविन्द कुमार द्विवेदी, ऋषि पाल सिंह, राकेश सारस्वत, मनमोहन सिंह, हरि सिंह, राघवेन्द्र सिंह, प्रभात कुमार सिंह, धर्मेन्द्र यादव, प्रेमचन्द्र, आदर्श प्रताप सिंह, राकेश चन्द्र, अनूप सिंह, रवि कुमार, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# एक बूथ 10 यूथ के नारे के साथ मैदान में उतरेगी पार्टी

**यूपी में 2027 चुनाव को लेकर जेडीयू ने कसी कमर**


वार्ता करते शैलेन्द्र सिंह व अन्य

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह गहरवार ने आवास विकास स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता आयोजित कर 2027 के प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की आगामी रणनीतियों पर चर्चा की। शैलेंद्र सिंह ने कहा कि बिहार में एनडीए गठबंधन का मुख्य घटक दल होने के साथ-साथ जेडीयू का उत्तर प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में मजबूत जनाधार है। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटों की भागीदारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से लगातार बातचीत चल रही है। संगठन की मजबूती पर बल देते हुए उन्होंने पार्टी का नया नारा एक बूथ दस यूथ दिया। उन्होंने कहा कि इसी सिद्धांत पर काम करते हुए प्रदेश भर के नौजवानों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि जनपद के निवर्तमान जिलाध्यक्ष को प्रदेश कार्यकारिणी में जगह दी जाएगी, साथ ही जनपद में जल्द ही नए जिलाध्यक्ष के नाम का भी ऐलान किया जाएगा। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने अखिलेश यादव पर हमला बोला और कहा कि चुनाव जीतने के लिए अखिलेश आज भी जाति और धर्म की राजनीति कर रहे हैं, जबकि जनसमर्थन हासिल करने के लिए श्कर्म की राजनीति जरूरी है। इस दौरान प्रदेश सचिव उपेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष मचल सिंह, मंथन सिंह, विक्की ठाकुर, उत्कर्ष सिंह, विशाल चौहान, शिव प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# भटपुर में 252 किसानों ने ली भाकियू लोकतांत्रिक की सदस्यता

**समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई।**



भटपुर स्थित शत्रुंजय महादेव मंदिर प्रांगण में रविवार को भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान संगठन की नीतियों और किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों से प्रभावित होकर 252 किसानों ने भाकियू लोकतांत्रिक की सदस्यता ग्रहण की। संगठन पदाधिकारियों ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए किसानों की समस्याओं को लेकर एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष बीरप्रकाश सिंह 'बीरू' ने कहा कि देश और प्रदेश में तमाम सरकारें आई और चली गई, लेकिन किसान आज भी अपनी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। चुनाव के समय किसानों से बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन वादों को भुला दिया जाता है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य, समय पर खाद-बीज और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर किसान परेशान दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि किसान की समस्याओं का स्थायी समाधान किए बिना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत नहीं किया जा सकता। युवा जिलाध्यक्ष योगेश त्रिपाठी ने कहा कि भटपुर क्षेत्र के किसानों की सबसे बड़ी समस्याओं में सहकारी समिति का वर्षों से बंद पड़ा होना शामिल है। उन्होंने कहा कि समिति बंद होने के कारण किसानों को खाद लेने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। एक बोरी खाद के लिए भी किसान को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है और कई बार उसे घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाद नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि खेती का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है।

## बहू-बेटी सम्मेलन का किया गया आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, उन्नाव।** शासन की मंशा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव जय प्रकाश सिंह के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती विनी सिंह एवं मिशन शक्ति प्रभारी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण एवं पारिवारिक संबंधों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सदर कोतवाली पुलिस द्वारा बीट-02 के ग्राम शिवसिंह खेड़ा स्थित सचिवालय में 'बहू-बेटी सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान के सहयोग से ग्राम सभा की महिलाओं, सास-बहू, मां-बेटी एवं ननद-भौजाई आदि को एकत्रित कर पारिवारिक रिश्तों में आपसी प्रेम, सम्मान, विश्वास एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।

प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र समिति डॉ. आशीष श्रीवास्तव द्वारा मां-बेटी एवं सास-बहू के मधुर संबंधों पर आधारित कविता के माध्यम से महिलाओं को आपसी प्रेम एवं सामंजस्य के साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# संत रविदास की 650वीं जयंती पर अचरा मण्डल में निकली कलश वंदन यात्रा


कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।** संत सद्गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष के अवसर पर कायमगंज विधानसभा के नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत अचरा मंडल में समरसता संकल्प अभियान के तहत एक भव्य कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया गया। यह पवित्र कलश संत रविदास की जन्मस्थली वाराणसी से लाया गया था। अचरा में मण्डल अध्यक्ष कुनेन्द्र गंगवार व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कलश का पूरे विधि-विधान से स्वागत और सत्कार किया गया।

यात्रा ग्राम वीरपुर, अथरुइया, अचरा, नगला भोज और चंदुईया सहित कई अन्य गांवों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान सभी नगरवासियों और क्षेत्रवासियों ने पूरे उत्साह के साथ इसका भव्य स्वागत किया। इस ऐतिहासिक यात्रा में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और कलश का स्वागत किया। कुंनेद्र गंगवार ने यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत कर अभिवादन किया और कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होकर संत गुरु रविदास महाराज के व्यक्ति पर प्रकाश डाला। इस दौरान भाजपा नेता अमर दीप दीक्षित, यात्रा संयोजक वीरेंद्र कठेरिया, रामनरेश गौतम, शिव मोहन सिंह, पंकज पाल, कमल भारद्वाज, अशोक वर्मा, प्रशांत मिश्रा, विक्रम राजपूत, मुकेश दुबे, संजू सिंह, पवन सूर्यवंशी, ललित श्रीवास्तव, सत्येंद्र कठेरिया, सुरजीत यादव, अतुल खटीक और गीतम सिंह मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश



**कानपुर।** कमिश्नरेट के थाना बिल्हौर पुलिस द्वारा ट्यूबवेल इंजनों एवं ट्रांसफार्मरों के पार्ट्स चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अमित, अंकित, शिवम, राकेश एवं प्रांशू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए गए पार्ट्स, मोबाइल फोन एवं ?3,280 नकद बरामद किए गए हैं। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मोबाइल स्नैचिंग की दो घटनाओं का सफल अनावरण

**कानपुर।** थाना किदवईनगर क्षेत्र में विगत दिनों हुई मोबाइल स्नैचिंग की दो घटनाओं के संबंध में अलग-अलग अभियोग पंजीकृत किए गए थे। किदवईनगर पुलिस एवं टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से लगातार प्रयास करते हुए दोनों घटनाओं का सफल अनावरण किया गया है।



पुलिस द्वारा कुल 04 आरोपियों को पकड़ा गया है, जिनमें 03 नाबालिग एवं 01 बालिग , निवासी हनुमंत विहार थाना क्षेत्र, शामिल है। आरोपियों के कब्जे से घटनाओं में प्रयुक्त बाइक, लूटे गए मोबाइल फोन तथा लगभग 3,000 नकद बरामद किए गए हैं।

### मोटेश्वर महादेव मंदिर में शिक्षामित्रों ने किया रुद्राभिषेक

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी के नेतृत्व में शिक्षामित्र साथियों व अन्य सहयोगियों द्वारा आम जनमानस व जग कल्याण हेतु मोटेश्वर महादेव मंदिर में बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक सम्पन्न हुआ।बाबा की पूजा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक से हुई। यजमान के रूप में जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी के साथ साथ सपत्नी मनोज यादव विकास श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम मे निर्मल तिवारी, पीयूष नाथ सिंह उर्फगप्पू, बीपी पाण्डेय महेंद्र श्रीवास्तव, अशोक सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे जिनके कर कमलों द्वारा प्रसाद विरतण हुआ। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी भक्तों ने भंडारे के रूप में प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लाक अध्यक्ष हसवा शैलन्द सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, शैली अग्निहोत्री, रोहित सिंह, अनुराग मिश्रा, विजय त्रिपाठी, ललितेश त्रिवेदी, अदीप सिंह, अंकित अग्रहरि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बलीपुर गांव से वेद प्रचार महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**वेद मानव मात्र के कल्याण का संदेश देते हैं: संदीप आर्य**



हवन में आहूतियां देते लोग

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** आर्य समाज कमालगंज एवं स्त्री आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में वेद प्रचार अभियान के अंतर्गत आयोजित वेद प्रचार महोत्सव का शुभारंभ क्षेत्र के ग्राम बलीपुर में हुआ। सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लेकर जीवन में सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना से वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ में आहुतियां प्रदान कीं।

आचार्य संदीप आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि श्रावण का महीना वेद ज्ञान को सुनने और सुनाने का महीना है, क्योंकि वेद परमात्मा की वाणी हैं और इनमें समस्त मानव जाति के कल्याण का संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि जहां अनेक मत-मतांतरों की पुस्तकें अपने मत के अनुयायी बनने का निर्देश देती हैं। वहीं वेद का संदेश है मनुर्भव अर्थात मनुष्य बनो। मनुष्य को सबसे पहले सच्चा मनुष्य बनने की आवश्यकता है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने समाज के इस वैचारिक पतन को पहचाना और मनुष्य मात्र के कल्याण के लिए वेदों की ओर लौटो का संदेश दिया। साहिल कुमार ने ग्रामीण बच्चों को समय प्रबंधन, योग एवं अध्यात्म से जुड़कर अपने जीवन को सफल बनाने का आह्वान किया। रामप्रकाश आर्य ने धार्मिक आडंबरों, पाखंड एवं अंधविश्वास से बचने के लिए ग्रामीण जनमानस से आर्य समाज के वैदिक विचारों से जुड़ने का आवाह्न किया। ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए वेद प्रचार अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि वेद प्रचार महोत्सव के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न गांवों में यज्ञ, वैदिक सत्संग एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित कर वेदों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में देवेंद्र आर्य, आचार्य आशाराम आर्य, खेमकरन आर्य, कौशल, संजय, आर्यवीर, मानशी, उन्नति आदि उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत दिलायी गई शपथ




**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** रविवार को भारतीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश तथा शिक्षक विवेक सिंह, समीर कुमार गुप्ता, प्रेम शंकर पांडे, नीरज कुमार द्विवेदी, धनंजय कुशवाहा, मधुप कुमार, प्राची गोस्वामी और विजय कुमार उपस्थित रहे। शिक्षणेत्तर कर्मचारी में अशोक मिश्रा, बलराम सिंह, सर्जेश कुमार तथा प्रतिभा यादव उपस्थित रहे। कॉलेज की छात्रा अनन्या भी उपस्थित रही।

विवेक सिंह ने नशा मुक्ति के खिलाफ सभी को शपथ दिलवाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रमन प्रकाश ने नशा मुक्ति की उपयोगिता और नशा के दुष्परिणाम की जानकारी दी।

# सावन मास की मासिक शिवरात्रि पर कल निकलेगी शिव शोभायात्रा



**समृद्धि न्यूज़, उन्नाव।** पावन सावन मास की मासिक शिवरात्रि के अवसर पर आगामी 11 अगस्त को उन्नाव के बड़े चौराहे पर भगवान शिव की भव्य प्रतिमा की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक आयोजन को लेकर शिवभक्तों में खासा उत्साह और उल्लास का वातावरण है। भगवान शिव की प्रतिमा स्थापना के अवसर पर बाबा बलखंडेश्वर धाम, परियर से शिव शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा परियर से प्रारंभ होकर बहरौला, बसधना, हाजीपुर, फत्तेपुर, बनी, पिंडोखा, देवारा सहजनी होते हुए शुक्लागंज से उन्नाव पहुंचेगी।

शिव शोभायात्रा में भगवान शिव की आकर्षक झांकियां, धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्तों के शामिल होने की संभावना है। यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। सावन के पवित्र माह में भगवान शिव की प्रतिमा स्थापना एवं विशाल शिव शोभायात्रा को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए शिवभक्तों और स्थानीय लोगों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। आयोजकों ने समस्त शिवभक्तों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस धार्मिक आयोजन को भव्यता प्रदान करें।

# गिरफ्तारी के डर से टावर पर चढ़ा युवक

**असोथर, फतेहपुर।** सोशल मीडिया पर अपने खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की जानकारी देखने के बाद जेल जाने के डर से एक युवक रविवार सुबह करीब आठ बजे असोथर-हरनवां मार्ग स्थित लगभग 120 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम करीब चार घंटे तक उसे नीचे उतारने का प्रयास करती रही, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ा रहा। दोपहर करीब 12 बजे पुलिस और भीड़ को मौके से हटाने की शर्त पर युवक नीचे उतरा और खेतों के रास्ते पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। नगर पंचायत असोथर के वार्ड नंबर एक किलापर निवासी कामता पासवान का 21 वर्षीय पुत्र लखन पासवान रविवार सुबह अचानक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। देखते ही देखते वह टावर की काफी ऊंचाई पर पहुंच गया।

**न्यायालय श्रीमान उपजिला मजिस्ट्रेट सदर जनपद-फर्रुखाबाद।**

उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 के अन्तर्गत धारा 116 मौजा भड़ौसा परगना भोजपुर, सदर तहसील, फर्रुखाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद

(1)- जाविर हुसैन, (2)- निजाम हुसैन, (3)- इमाम हुसैन, (4)- शामिद हुसैन पुत्रगण नजर मोहम्मद निवासी भड़ौसा, परगना भोजपुर, तहसील सदर, जनपद फर्रुखाबाद
(5)- खुर्शीद अनवर पुत्र ऐनुल हसन निवासी राजेपुर सरायमेदा, परगना भोजपुर, सदर तहसील, जनपद फर्रुखाबाद।

**उप जिला मजिस्ट्रेट सदर जनपद-फर्रुखाबाद।**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः 819/नं0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2025-26 दिनांकः 07-08-2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2026-27 में **'स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0'** के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-पी.एम.यू./1548/589/2025 लखनऊ दिनांक 21 जुलाई, 2026 द्वारा नगरीय निकायों में लिगेसी वेस्ट रेमेडिएशन का कार्य को कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके लिए ई-निविदा नगर पालिका परिषद् कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदारों/फर्मो/सप्लायर्स से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से **दिनांक 10/08/2026 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 31/08/2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पालिका परिषद् कायमगंज द्वारा संचालित खाता संख्या-112333380100, IFS Code-SBIN0000661 स्टेट बैंक ऑफइण्डिया कायमगंज में आर.टी.जी.एस./डी.डी. द्वारा जमाकर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस.सी.05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् कायमगंज के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर **दिनांक 31/08/2026 को अपरान्ह 03: 00 बजे तक** कार्यालय नगर पालिका परिषद् कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा **दिनांक 01/09/2026 को समय अपरान्ह 04:00 बजे** समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर नगर पालिका परिषद् कायमगंज में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद् कायमगंज में निहित है। विस्तृत शर्तें, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| ई-निविदा सन्दर्भ | /न0पा0परि0का0/2025.26 |
|---|---|
| ई-निविदा के प्रकाशन और प्रारम्भ तिथि एवं समय | 10.08.2026 10:00 A.M. |
| ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 31.08.2026 12:00 P.M. |
| ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 01.09.2026 04:00 P.M. |
| ई-निविदा खोलने का स्थान | **अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् कायमगंज, फर्रुखाबाद।** |

**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, कायमगंज, फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, कायमगंज, फर्रुखाबाद।**

**जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा नरियाखेड़ा**

# रामभक्तों को लेकर अयोध्या रवाना हुईं दो बसें



**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** संडीला विकासखंड के ग्राम पुरवामान व भरावन विकासखंड के ग्राम ऐरा और नरियाखेड़ा से रविवार को सैकड़ों रामभक्तों को अयोध्या धाम की यात्रा पर रवाना किया गया। समाजसेवी एवं अधिवक्ता तथा भाजपा नेता अजय कुमार सिंह आदित्य ने नरियाखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दो बसों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना किया। बसों के रवाना होते ही पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

अयोध्या धाम की यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। बुजुर्ग, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं के लिए यात्रा के दौरान निशुल्क भोजन, पानी और लंच की व्यवस्था भी की गई। सेवा व्यवस्था से श्रद्धालुओं में खुशी देखने को मिली। अजय कुमार सिंह आदित्य ने बताया कि संडीला क्षेत्र के लोगों को लगातार अयोध्या धाम ले जाकर प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कराने का प्रयास किया जा रहा है। उनके अनुसार, पिछले कई वर्षों से क्षेत्र के रामभक्तों को अयोध्या धाम की निशुल्क यात्रा कराने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में रविवार को पुरवामान, ऐरा और नरियाखेड़ा से सैकड़ों श्रद्धालुओं को दो बसों के माध्यम से अयोध्या भेजा गया।

बसों के रवाना होने के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। श्रद्धालुओं ने कहा कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन का अवसर उनके लिए आस्था और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने यात्रा की व्यवस्था के लिए आयोजकों का आभार जताया। यात्रा को लेकर ग्रामीणों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। बुजुर्गों और महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में युवा भी अयोध्या धाम की यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम से सभी यात्रियों की यात्रा मंगलमय होने और सकुशल वापसी की प्रार्थना की।

इस मौके पर दयाशंकर यादव, बनवारी यादव, गुड्डू यादव, संजय यादव, प्रेमा यादव, गुड़िया यादव, मोहिनी यादव, अंबर लाल गौतम, गुड्डी रावत उदन और गौतम, किशन ट्रेलर, संतोष पाल ज्ञानेंद्र सिंह रहे।

**श्रद्धा के साथ सेवा का संकल्प**

अजय कुमार सिंह आदित्य ने कहा कि क्षेत्रवासियों को अयोध्या धाम ले जाकर रामलला के दर्शन कराने का उद्देश्य केवल धार्मिक यात्रा तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की आस्था का सम्मान करते हुए उन्हें प्रभु श्रीराम की नगरी से जोड़ना भी है। वर्षों से जारी इस पहल के तहत श्रद्धालुओं को निशुल्क यात्रा के साथ भोजन-पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### सपा करेगी आदिवासी सम्मेलन, कीर्ति कोल होंगी आयोजक

**हलिया (मिर्जापुर)।** समाजवादी पार्टी द्वारा 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में हलिया क्षेत्र में भव्य आदिवासी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।यह सम्मेलन 12 अगस्त बुधवार को शिव मैरिज लॉन, हलिया, नये थाने के पास हथेड़ा में आयोजित होगा।कार्यक्रम की आयोजक कीर्ति कोल होंगी। कीर्ति कोल छानबे विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी, जिला पंचायत सदस्य और समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव भी हैं।सम्मेलन में मुख्य अतिथियों के रूप में रामकृपाल कोल – पूर्व विधायक, बाल कुमार पटेल – पूर्व सांसद और लालचंद कोल – पूर्व सांसद मौजूद रहेंगे।सम्मेलन में आदिवासी समाज के अधिकारों, समस्याओं और विकास योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव के चित्र भी पोस्टर में प्रमुखता से लगाए गए हैं। साथ ही आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा का चित्र भी लगाया गया है।कीर्ति कोल ने बताया कि इस सम्मेलन के माध्यम से कोल समाज को एकजुट कर सरकार की नीतियों के खिलाफआवाज बुलंद की जाएगी।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कोल समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

### हलिया रेंज के हर्रा जंगल में मोर ने बिखेरा नृत्य का जादू



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया रेंज के घने हर्रा जंगल में प्रकृति का खूबसूरत नजारा देखने को मिला। यहां एक मोर अपने पूरे शबाब पर पंख फैलाकर विचरण करता दिखा। मोर ने अपने रंग-बिरंगे पंख पूरी तरह खोल रखे हैं। हरे-नीले पंखों पर बने ष्आंखष् जैसे निशान और चमकीला नीला गला बरसात के मौसम में जंगल की हरियाली के बीच और भी आकर्षक लग रहा है। मोर के पीछे एक मोरनी भी नजर आ रही है। चारों तरफ घना जंगल और बादलों से ढका आसमान इस नजारे को और सुंदर बना रहा है।रेंजर संतोष कुमार राय का कहना है कि हर्रा जंगल में मोर-मोरनी की अच्छी संख्या है। बरसात के मौसम में मोर अक्सर इसी तरह पंख फैलाकर नृत्य करते हैं। स्थानीय लोगों के लिए यह नजारा किसी तोहफे से कम नहीं है।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**महाराजगंज।** नगर पालिका परिषद महाराजगंज की अध्यक्षा डॉक्टर पुष्प लता मंगल ने अंबेडकरनगर, चिउरहा रोड पर सड़क एवं नाली निर्माण का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य करा रहे जिम्मेदारों को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा।और स्थानीय लोगों से आवागमन,जल निकासी आदि मामलों की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, खड़ंजा आदि कार्य चल रहा है। आज नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने निर्माण कार्य स्थलों का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही निर्माण करा रहे जिम्मेदारों से गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

### धर्मपुर मौन नाले में मिला लापता 30 वर्षीय युवक का शव

**कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरेटवा निवासी 30 वर्षीय सबुरन साहनी का शव रविवार को धर्मपुर स्थित मौन नाले में उतराता मिला। वह एक अगस्त की शाम से लापता थे। परिजन नात-रिश्तेदारों और परिचितों के यहां उनकी तलाश कर रहे थे। शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया। परिजनों ने मौके पर पहुंच कर शव की पहचान सबुरन साहनी के रूप में की। बताया गया कि रविवार को धर्मपुर मौन नाले में लोगों ने शव उतराता देखा। सूचना मिलने पर हाटा कोतवाल दीपक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवा कर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों के अनुसार सबुरन साहनी एक अगस्त की शाम शौच के लिए खेत की ओर गए थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वह खैरेटवा मौन नाले में गिर गए। देर शाम कुछ लोगों ने उन्हें नाले की तरफ जाते देखा था। इसके बाद से उनका पता नहीं चला। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम परिजनों ने खैरेटवा मौन नाले के समीप बने अंत्येष्टि स्थल पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। हाटा कोतवाल दीपक सिंह ने बताया कि मौन नाले से मिले शव की पहचान सबुरन साहनी के रूप में हुई है। पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

**गाजीपुर।** जखनिया दक्षिणी रेलवे फाटक पर शाम दर्दनाक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान लाल बहादुर सिंह (निवासी ग्राम मुड़ियारी, जखनिया, गाजीपुर) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार लाल बहादुर सिंह जखनिया बाजार से खरीदारी कर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान दक्षिणी रेलवे फाटक बंद था। बताया जा रहा है कि इसी बीच वह साइकिल समेत रेलवे फाटक से टकरा गए और ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा शनिवार की शाम करीब 8:27 बजे ट्रेन संख्या 11038 के गुजरने के दौरान हुआ। ट्रेन की चपेट में आने से लाल बहादुर सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे एवं स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भी शोक व्याप्त है।

### साइबर टीम ने शिकायतकर्ता के रु.44500 वापस करवाये




**गाजीपुर।** साइबर हेल्प डेस्क थाना रामपुर मांझा द्वारा शिकायतकर्ता श्री महेश पुत्र श्यामसुन्दर के साथ यूपीआई द्वारा फाड की गयी 44500/- रुपये की धनराशि वापस कराई गई। जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं साइबर धोखाधड़ी रोकने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आवेदक श्री विनयशंकर प्रजापति पुत्र दामोदर राम प्रजापति निवासी ग्राम जेवल थाना रामपुर मांझा जनपद गाजीपुर के खाता संख्या-657202010007976 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा नारीपचदेवरा IFSC CODE - UBIN0565725 से कुल 45000/- रुपये का साइबर फाड हो गया था । जिसके सम्बन्ध में वह थाना रामपुर मांझा आये थे थाना रामपुर मांझा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल समस्त 45000/-रुपये को होल्ड करवाया गया था। उ.नि. मोती लाल ,कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड बी संदीप सिंह व म.का. राधा बिन्द के द्वारा NCRP पोर्टल द्वारा प्राप्त कम्पलेन नम्बर 33102260045540 पर कुल 44500/- रुपये को वापस कराया गया। आवेदक द्वारा धनराशि प्राप्त होने पर पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए सहृदय धन्यवाद दिया गया ।

# विश्व आदिवासी दिवस पर हथेड़ा गांव में बिरसा मुंडा की प्रतिमा से निकाली बाइक रैली

**गूंजे जल, जंगल, जमीन बचाओ के नारे**

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्जापुर।**



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विकास खंड हलिया के हथेड़ा गांव में आदिवासी समाज द्वारा रविवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल ने माल्यार्पण कर बाइक रैली निकालकर की गई। डीजे के साथ बाइक रैली में सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग, युवा और छोटे-छोटे बच्चे पारंपरिक वेशभूषा झंडा जय जोहार लेकर शामिल हुए।रैली में छानबे विधायक रिंकी कोल भी शामिल हुईं। बाइक रैली हथेड़ा से अदवा कालोनी, वीरपुर, हरसड़, हलिया तक निकाली गयी इस दौरान विधायक ने आदिवासी परंपरा के प्रतीक तीर-धनुष को हाथ में लेकर समाज के गौरव को दर्शाया। विधायक ने बच्चों से मिलकर उनका उत्साह भी बढ़ाया।कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने आदिवासी पोशाक पहनकर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने ष्जल जंगल की रक्षा कौन करेगा, हम करेंगेष् और जल जंगल जमीन बचाओ जैसे नारे लगाकर पूरे माहौल को देशभक्ति और जागरूकता से भर दिया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने बिरसा मुंडा के आदर्शों और आदिवासी संस्कृति, जल-जंगल-जमीन के संरक्षण पर चर्चा की। संयोजक जनार्दन कोल ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस हमें अपने अधिकारों, संस्कृति और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी याद दिलाता है।इस दौरान कार्यक्रम में शशिकांत पटेल, मार्तण्ड सिंह, महेंद्र कोल, जोगेंद्र कोल, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार घायल, दो ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के सहजी गांव के पास शनिवार की शाम करीब पांच बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। हलिया थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव निवासी राम प्रकाश 27 बाइक से प्रयागराज जनपद के मांडा थाना क्षेत्र के बंदउआ गांव निवासी अपने रिश्तेदार विजय कुमार 18 के साथ कोटा घाट की ओर जा रहे थे। बताया गया कि जैसे ही दोनों सहजी गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर लालगंज थाना क्षेत्र के धोबहा देवघटा गहरवार गांव निवासी सुग्रीव 45 तथा पिपरहा गांव निवासी रामजी 35 सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया। पीएचसी में चिकित्सक विवेक खरे ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। राम प्रकाश के पैर में गंभीर चोट तथा सुग्रीव के सिर में गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

# पीजी कॉलेज एवं एग्री कमोडिटीज लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हुआ हस्ताक्षर

**विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा उद्योग-अकादमिक समन्वय को मिलेगी नई दिशा**

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



शैक्षणिक एवं औद्योगिक सहयोग को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पीजी कॉलेज, गाजीपुर एवं एस ए ई एल एग्री कमोडिटीज लिमिटेड, फतेहुल्लाहपुर, गाजीपुर के मध्य एम ओ यू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) राघवेन्द्र कुमार पांडेय तथा एस ए ई एल एग्री कमोडिटीज लिमिटेड की ओर से जनरल मैनेजर प्रिंस गक्खर के निर्देशन में एच.आर. मैनेजर हिमांक यादव, विपुल उपाध्याय एवं महाविद्यालय की ओर से एमओयू के समन्वयक प्रोफेसर (डॉ.) जी. सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बताते चलें कि इस एमओयू का उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को उद्योग से जोड़ते हुए इंडस्ट्रियल विजिट, इंटर्नशिप, कौशल विकास प्रशिक्षण, अनुसंधान सहयोग, करियर मार्गदर्शन, रोजगारोन्मुखी गतिविधियों तथा कृषि एवं एग्री-बिजनेस के क्षेत्र में व्यवहारिक अनुभव उपलब्ध कराना है। दोनों संस्थानों ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा उद्योग-अकादमिक समन्वय को नई दिशा देने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्राचार्य ने कहा कि यह समझौता महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक शिक्षा एवं व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस सहयोग से विद्यार्थियों के कौशल विकास और रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि होगी। एग्री कमोडिटीज लिमिटेड के जनरल मैनेजर ने कहा कि उद्योग एवं शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग वर्तमान समय की आवश्यकता है।

# आरोग्य मेले में 225 मरीजों का हुआ उपचार

**पांच स्वास्थ्य केंद्रों पर लगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला**

**समृद्धि न्यूज़, हलिया मिर्जापुर।**



रविवार को विकासखंड क्षेत्र के पांच स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ,मतवार ,मुड़पेली, ड्रमण्डगंज और बरौंधा स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित मेले में चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार और दवाएं उपलब्ध कराई। इस दौरान कुल 225 मरीजों का उपचार किया गया। आरोग्य मेले में मौसमी बीमारियों, त्वचा रोग, पेट दर्द, बुखार, रक्तचाप और शुगर से पीड़ित मरीजों की जांच की गई। स्वास्थ्य केंद्रों पर मौजूद लैब कर्मियों ने मरीजों की शुगर, हीमोग्लोबिन और मलेरिया की जांच की। चिकित्सकों ने मरीजों को बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी सावधानियों की जानकारी भी दी। हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक डा. विवेक खरे ने 53 मरीजों की जांच कर उपचार किया और आवश्यक दवाएं वितरित कीं। मतवार स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 41 मरीजों का उपचार किया। वहीं मुड़पेली स्वास्थ्य केंद्र पर 39 मरीजों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज 47 और बरौंधा 45 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण करके दवा दी गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. विमल कुमार ने स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण कर आरोग्य मेले का जायजा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## सुहवल पुलिस को मिली सफलता, एक पिकप और 93 पेटी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**गाजीपुर।** जनपद के थाना सुहवल पुलिस द्वारा कुल 1 अदद पिकअप वाहन में 93 पेटी देशी शराब ब्ल्यू लाईम (प्रत्येक पेटी में 45-45 टेट्रा पैक) के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 09.08.2026 को थानाध्यक्ष कमलेश कुमार मय हमराह द्वारा ढढनी बाजार में चेकिंग के दौरान मुखबीर खास द्वारा सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति शराब के अवैध परिवहन/तस्करी में लगे हुए हैं। जो गाड़ियों का नम्बर छिपा कर बिहार प्रान्त ले जाकर अधिक कीमतों में बेचते हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा भगीरथपुर गेट के पास एक संदिग्ध पिकप वाहन को रुकवाकर तलाशी ली गई तो वाहन चालक व उसमे बैठे लोग पुलिस टीम को देखकर कुछ दूर पहले ही वाहन रोक कर वाहन से उतर कर इधर - उधर भागने लगे कि पुलिस वालों द्वारा एक व्यक्ति को पकड लिया गया । पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम छोटू बिन्द पुत्र विरेन्द्र बिन्द बताया। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें कुल 93 पेटी देशी शराब ब्ल्यू लाईम (प्रत्येक पेटी में 45-45 टेट्रा पैक) बरामद हुई। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुअसं. 82/26 धारा 60/72 आब.अधि. का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सेवरही बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण व सुंदरीकरण कार्य के लिए हुआ भूमिपूजन

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के सेवरही नगर पंचायत स्थित बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण निर्माण कार्य का रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया। क्षेत्रीय सांसद शशांक मणि त्रिपाठी एवं तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. असीम कुमार राय ने पूजन-अर्चन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल रहा। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण से सेवरही नगर में आवागमन को और अधिक सुगम बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मार्ग के विकसित होने से यातायात व्यवस्था बेहतर होगी तथा स्थानीय लोगों, व्यापारियों और राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य को गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा कराने पर जोर दिया। वहीं तमकुहीराज विधायक डॉ. असीम कुमार राय ने कहा कि सेवरही नगर के विकास के लिए सड़क और यातायात व्यवस्था का सुदृढ़ होना बेहद आवश्यक है। बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि नगर की सुंदरता में भी इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। आने वाले समय में क्षेत्र में अन्य विकास कार्य भी कराए जाएंगे। भूमिपूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक, व्यापारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

स्थानीय लोगों ने बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। लोगों का कहना है कि मार्ग के चौड़ीकरण से आए दिन होने वाली यातायात संबंधी परेशानियों से काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है। साथ ही मार्ग के सुंदरीकरण से नगर का स्वरूप भी बेहतर होगा। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सेवरही नगर में आवागमन व्यवस्था के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेमचंद्र मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय तिवारी, सांसद प्रतिनिधि धीरज त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती सोनिया जायसवाल, पूर्व चेयरमैन त्रिभुवन जायसवाल एवं विनय तिवारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, व्यापारी बंधु एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जनपद की बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना को धीरे-धीरे लग रहा पंख, किसान दो दर से भुगतान को लेकर हैं परेशान

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।**



घुघली आनंद नगर वाया महाराजगंज नई रेल लाइन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य लगभग पूरा होने के साथ ही प्रस्तावित स्थानो पर रेल अंडरपास,ओवर ब्रिज, बड़े पुल का निर्माण धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। दूसरी तरफ तमाम किसानों की दोबारा अधिग्रहित कर बढी सीमा तक ली गई भूमि के बदले किसानों को दिया गया मुआवजा कम मिलने से किसान आरबीटेशन दाखिल कर न्याय की प्रतीक्षा में है। प्रभावित किसानों के अनुसार प्रथम चरण के गजट के अनुसार अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा जिस दर से मिला था। उसके सापेक्ष दूसरी बार गजट में अधिग्रहित की गई उसी आराजी नंबर की भूमि का काफी कम रेट से भुगतान किया गया है। जिससे काफी कम पैसा मिला है। जिसको लेकर किसान परेशान हैं ।करीब 958.27 करोड रुपए की लागत से बन रही रेल लाइन परियोजना के तहत महुअवा, सिसवा बाबू, फुलवरिया, दरौली, लक्ष्मीपुर शिवाला, पिपरा मुडेरी, रामपुर बलडीहा व नगर पालिका परिषद सीमा क्षेत्र में अंडरपास का निर्माण पूर्ण हो गया है। लेकिन बडे भूभाग पर रेल ट्रैक बिछाने का कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है क्योंकि इस कार्य के लिए भारी मात्रा में मिट्टी की आवश्यकता होगी। जो अभी नहीं मिल रही है। 53 गांवो से होकर गुजरने वाली घुघली,आनंद नगर वाया महाराजगंज रेल परियोजना कार्य बरसात के मौसम में भी जारी है। एन एच 730 के गोरखपुर महाराजगंज मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज तथा रोहिन नदी पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे आगामी वर्षों में इस परियोजना के मूर्त रूप लेने की संभावना है। रेलवे विभाग के जिम्मेदार अधिकारी/ कर्मचारी लगातार निरीक्षण में लगे हैं।

## बीडीओ के निर्देश पर भी अहिरौली पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा

**कुशीनगर।** विकास खण्ड मोतीचक अंतर्गत ग्राम सभा पकड़ी में मनरेगा योजना के तहत निर्मित बकरी शेड को लाभार्थी सवरू पुत्र अलगू द्वारा कथित रूप से तोड़कर अपने निजी आवास में मिला लेने के मामले में अभी तक पुलिस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है। लाभार्थी बिना ग्राम पंचायत अथवा सम्बन्धित विभाग को सूचित किए उसको तोड़ कर अपने निजी आवास में मिला लिया। जिसकी सूचना तुरंत ग्राम प्रधान द्वारा 15 अप्रैल 2026 को खण्ड विकास अधिकारी मोतीचक को दी गई जिस पर ग्राम पंचायत सचिव द्वारा सवरू को तीन कारण बताओ नोटिस दिया गया परंतु सवरू द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इस पर मनरेगा योजना के अंतर्गत वर्णित नियमों के अनुसार खण्ड विकास अधिकारी ने सचिव को नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देश दिए।

# बच्चों ने दिखाया अपना हुनर



**इलाहाबाद न्यूज रिपोर्ट्स क्लब की ओर से पत्रकार परिवार मिलन समारोह आयोजित**

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

इलाहाबाद न्यूज रिपोर्टर्स क्लब (प्रेस क्लब) की ओर से लगातार 16 वें वर्ष पत्रकार परिवार मिलन समारोह पहल का आयोजन किया गया। पहल के तहत महिलाओं के लिए रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जबकि बच्चों के लिए तीन अलग-अलग आयु वर्ग में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली प्रतियोगिता में 73 और मेहंदी प्रतियोगिता में 46 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जबकि बच्चों के लिए आयोजित की गई पेंटिंग प्रतियोगिता में 5 वर्ष से 10 वर्ष के आयु वर्ग में 51 बच्चों ने प्रतिभाग किया। वहीं 10 वर्ष से 15 वर्ष के आयु वर्ग में 66 और 15 वर्ष से 18 वर्ष के आयु वर्ग में 48 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी और अपना दल एस के नेता किशन सरोज ने किया।

इलाहाबाद न्यूज रिपोर्टर्स क्लब के सचिव मुनेंद्र बाजपेयी के मुताबिक इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह रहता है कि पत्रकारों के परिवारों को प्रतियोगिता में शामिल होने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले। इस बहाने वर्ष में एक बार पत्रकार परिवार आपस में मिलते जुलते हैं। पहल प्रतियोगिता के संयोजक राजीव रंजन मिश्रा के मुताबिक सभी प्रतियोगिताओं के बाद निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के नतीजे भी घोषित कर दिए गए। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकांक्षा पटेल, दूसरा स्थान सोनम मिश्रा और तीसरा स्थान प्रियांशी श्रीवास्तव को मिला। और तीसरे स्थान पर पूनम चौधरी विजयी घोषित की गई हैं। जबकि बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता में ए वर्ग में 5 से 10 साल के बच्चों में ज्योतिका प्रथम, समृद्ध मिश्रा द्वितीय और साक्षी द्विवेदी व दिविशा मिश्रा संयुक्त रुप से तृतीय स्थान पर विजेता घोषित की गई हैं। वहीं बी ग्रुप 10 साल से 15 साल के बच्चों में अद्वविका बाजपेयी प्रथम, अलवीरा जैसमीन द्वितीय और वान्या श्रीवास्तव व राशि शर्मा को संयुक्त रूप से घोषित किया गया है। वहीं सी वर्ग में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग में दिव्यांशी राय प्रथम, रितिक खरे दूसरे और अरनव मौर्य व अविरल श्रीवास्तव संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर विजयी घोषित किए गए हैं। निर्णायक मंडल में डॉ किरण मिश्रा, नेहा मालवीया और सोनम जायसवाल शामिल रहीं। इलाहाबाद न्यूज रिपोर्टर्स क्लब के सचिव मुनेंद्र बाजपेयी के मुताबिक विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को 15 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

# सपा सरकार बनने पर ही पीडीए वर्ग को न्याय मिलेगा: राम आसरे विश्वकर्मा

**चुनार विधानसभा में पीडीए जन चौपाल का आयोजन**

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।**

पीडीए पंचायत में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्वमन्त्री श्री रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा राज में लगातार विश्वकर्मा समाज पिछड़े समाज पर अत्याचार हो रहे है। गरीबों पिछड़ों दलितों पर हत्या बेटियों के दुष्कर्म जमीनों पर कब्जे आम बात हो गयी है। उत्पीड़न करने वाले भाजपा समर्थक हैं। जिसके डर से भाजपा सरकार में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। भाजपा राज में अब हम अत्याचार नहीं सहेंगे। सभी विश्वकर्मा समाज के लोग मिलकर मुकाबला करें संघर्ष करें और अपना सम्मान और अधिकार लेकर रहें। सभी मिलकर भाजपा को हटायें और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनायें तब न्याय मिलेगा। पूर्व विधायक जगदंबा सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा राज में मंहगाई, बेरोजगारी, गरीबी भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता जा रहा है। आम जन का जीना दूभर हो गया। किसान नौजवान पिछड़े दलित अल्पसंख्यक महिलाएं सभी उत्पीड़न हो रहा है। जाति और धर्म देखकर भाजपा राज में अपमान किया जा रहा है। जब तक सपा की सरकार नहीं बनेगी तब तक पीडीए वर्ग को न्याय नहीं मिलेगा। केवल अखिलेश यादव ही पीडीए का दर्द समझते हैं और पीडीए की मदद कर रहे हैं। सब लोग मिलकर अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनायें। सपा जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा भाजपा राज में नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रही है। भाजपा राज में पिछड़े वर्गों का आरक्षण में बड़ा घोटाला किया गया। प्राइमरी और सरकारी स्कूलों को बन्द करके प्रदेश के गरीबों पिछड़ों दलितों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश चल रही है। शिक्षा आरक्षण और नौकरी रोजगार हमारा मौलिक अधिकार है। भाजपा इसे छीनना चाहती है। भाजपा संविधान और लोकतंत्र पर हमला कर रही है। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी ने संविधान में हमें वोट के बराबरी का अधिकार दिया। भाजपा संविधान में दिये अधिकार को छीनना चाहती है। हमें संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिये समाजवादी पार्टी को मजबूत करना होगा और समाजवादी सरकार बनानी होगी। देश में अकेले अखिलेश यादव नेता हैं जो संविधान और लोकतंत्र बचाने पीडीए वर्ग को अधिकार दिलाने की लड़ाई लड रहे हैं।

# ठगी: अंबानी का वीडियो कॉल आया, फिल्म अभिनेता से बातचीत कराई और 75 साल के बुजुर्ग ने दे दिए 8 लाख

**पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी**

**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।**

गोरखपुर में एक 75 वर्षीय बुजुर्ग से ठगों ने एक नायाब तरीके से अपना शिकार बना लिया। जब तक बुजुर्ग को इस बात की भनक लगती कि वह ठगों का शिकार बन चुके हैं, बहुत देर हो चुकी थी, ठग बुजुर्ग से रु. 8 लाख रुपए हड़प चुके थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पीपीगंज थाना क्षेत्र के जंगल कौडिया निवासी 75 वर्षीय लालमन साहनी एक किसान है। एक दिन उनके मोबाइल पर एक वीडियो कॉल आता है, कॉल करने वाला शख्स खुद को मुकेश अंबानी बताते हुए बातचीत करता है और फिर बुजुर्ग की बात एक मशहूर फिल्म अभिनेता(फेक) से कराई जाती है। उनके द्वारा बुजुर्ग को एक स्कीम बताई जाती है, जिसके तहत 10 लाख रुपए जमा करने पर 40 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे। धीरे-धीरे कर बुजुर्ग के पास कई काल आते हैं और अंत में वह आश्वस्त हो जाते हैं कि, सामने वाला शख्स कोई और नही मुकेश अंबानी ही है और फिर उनके साथ खेल शुरू होता है, जब धीरे-धीरे कर उनसे कई खातों पर ?8 लाख रुपए मंगा लिए जाते हैं। इस दौरान दूसरी तरफ से उन्हें लगातार भरोसा दिलाया जाता रहा की, जल्द ही आपके खाते पर स्कीम वाली राशि आ जाएगी। काफी समय बीत जाने के बाद जब बुजुर्ग द्वारा फोन करने पर फोन रिसीव नहीं होता और धीरे-धीरे कर मोबाइल स्विच ऑफ आने लगा, तब जाकर उन्हें शक हुआ कि कहीं उनके साथ कोई धोखा तो नहीं हुआ है? बुजुर्ग द्वारा शनिवार को इसकी शिकायत साइबर थाने में की गई। साइबर सेल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में ड्यूटी है, यूपीआई ट्रांजैक्शन और खातों की जांच पड़ताल की जा रही है। इस बारे में एक्सपर्ट का कहना है कि लगातार ऐसी काल आ रही हैं। साइबर ठगों ने अब अपना ट्रेंड बदल दिया है, वह अब वीडियो कॉल कर लोगों को अपने झांसे में ले रहे हैं। गोरखपुर और आसपास के कई लोग इनके शिकार हो चुके हैं। नई-नई तकनीकी और डिफेक्ट तकनीकी के सहारे वह सामने वाले को आश्वस्त कर देते हैं कि बात करने वाला शख्स गलत नहीं सही है, और फिर उन्हें अपना शिकार बना लेते हैं। साइबर पुलिस द्वारा इस संदर्भ में सलाह दी जाती है कि सोशल मीडिया या फोन कॉल के माध्यम से किसी भी ऐसे कॉल पर तत्काल विश्वास ना करें, जहां मोटे ऑफर का लालच दिया जाता है। किसी को भी अपना अकाउंट नंबर ओटीपी या पिन शेयर ना करें।